सामाजिकी व्यवस्थात्र वर्णाश्रमव्यवस्थामाश्रित्य प्रवर्तते। अनया व्यवस्थयाजीवनम्परिचालयन्त आर्या सर्वात्मभावसाधनायै प्रयतन्ते। अन्ये जना आत्मनि सर्वभूतानि सर्वभूतेषु चात्मान द्रष्टु यतन्ते। अस्या साधनाया सिद्धाया मोह· शोकश्च सर्वथा निवर्त्तते। तथा चोक्तम्-यस्मिन्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानत·। तत्र को मोह·क:शोक एकत्वमनुपश्यत.।। (यजुर्वेद 40 7) आर्या· धर्मार्थकाममोक्षान्परम पुरुषार्थान्मन्यन्ते। जीवने इमान्साधयन्यस्तेऽन्ततो मोक्षसुख लभन्ते।

वैदिक सभ्यता और उसके प्रभाव

डॉ0 सुचित्रा मलिक

वरिष्ठ प्रवक्ता-हिन्दी-विभाग

कन्या गुरुकुल महाविद्यालय

गुरुकुल काँगडी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

ससार की प्रचीनतम सस्कृतियो मे वैदिक सभ्यता-सस्कृति सबसे प्राचीन मानी गयी है। (सा प्रथमा सस्कृतिर्विश्ववारा। (यजुर्वेद 7 14) जबकि यूनान मिस्र रोम आदि की सस्कृतियाँ काल

कवलित हो चुकी है। वैदिक सस्कृति वह सदानीरा है, जो अपने ससर्ग मे आने वाले सभी नदी नालो को समेट कर अनवरत बहती चली आ रही है। भारतवर्ष की प्राचीन सभ्यताओ मे राक्षस, वानर, मुण्डा, कोल, किरात, द्रविड, गन्धर्व, यक्ष, असुर, शक, पल्लव और हूण आदि का इसमे समय-समय पर या तो समागम होता रहा है। मुस्लिम सस्कृति ने इससे घात-प्रतिघात करके साथ रहना कुबूल किया। सुमेरियन और यूनानी इससे बहुत कुछ ले गयी। अनेक सकटो की मार झेलती यह वैदिक सस्कृति आज भी अपनी पूर्ण ऊर्जा से समन्वित ओर सुगठित है तो इसका कारण इसकी वह गुणवत्ता है जो अन्य सस्कृतियो मे अन्य नही है।

आर्य और उनका उद्भव

कृष्णमोहन पाण्डेय

सस्कृत-विभाग, महात्मा गाधी काशी विद्यापीठ

वाराणसी।

किसी भी सस्कृति की पहचान उसके आचार से होती है "आचारमूला जाति "। अर्थात् आचार को देखकर जाति का निर्माण होता है। आर्य जाति की सर्वप्रमुख विशेषता है कि वह जीवनयात्रा निर्वहण मे रजोवीर्यशुद्धिमूलक वर्णव्यवस्था तथा प्रवृत्तिरोधक और निवृत्ति पोषक आश्रमव्यवस्था मे विश्वास करती है। जिस मनुष्य जाति मे रजोवीर्य शुद्धिमूलक जातिभेद का सिद्धान्त, सतीत्व-धर्ममूलक स्त्रीजाति की पवित्रता, प्रवृत्तिमूलक ब्रह्मचर्य एव गृहस्थाश्रम और निवृत्तिमूलक वानप्रस्थ एव सन्यास आश्रम, ऐसे धर्मों के लक्षण पाये जाते हो वही मनुष्य जाति आर्य जाति कहलाती है, ये सभी आर्य जाति के मूल सिद्धान्त है। इस प्रकार की जातियो का गुणधर्म जब से हमे प्राप्त होता है तब से हम आर्य सस्कृति अथवा भारतीय सस्कृति को उद्भूत मानते है। सस्कृति का तात्पर्य परम्परागत अनुस्यूत सस्कार से है। यह सिद्धान्त भी है कि सस्कार रूपी बीज के ही अनुसार कर्म रूपी वृक्ष उत्पन्न होता है। व्यक्ति के जैसे पूर्व सस्कार होगे वैसे ही कर्म बनेगे। आर्यों की प्राचीन रहन-सहन, आचार व्यवहार धर्म, कर्म, सामाजिक और धार्मिक व्यवस्था, शास्त्रीयसिद्धान्त शिक्षाप्रणाली आदि जिसके प्रधान-प्रधान अवलम्बन हो, वही आर्य सस्कृति कही जा सकती है।

वैदिक युग में वर्णव्यवस्था

राम निवास जैन

पजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ।

वैदिक युग मे कर्म पर आधारित चार वर्णो का उल्लेख मिलता है। ये चार वर्ण है ब्राह्मण,

क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र। इन चारों वर्णों का दर्शन सर्वप्रथम हमे ऋग्वेद के पुरुषसूक्त में मिलता है, जहाँ इनकी उत्पत्ति इस प्रकार दर्शायी गई है-**ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्य कृत। उरू तदस्य यद्वैश्य· पद्भ्यां शूद्रोऽजायत॥** वर्णव्यवस्था का उल्लेख यजुर्वेद में भी किया गया है। वैदिक युग की व्यवस्था कर्म पर आधारित थी, न की जन्म पर इसका प्रमाण भी हमें ऋग्वेद मे स्पष्ट मिलता है। अपने कर्म के कारण कोई भी व्यक्ति राजा या ऋषि हो सकता था

अथर्ववेद में वर्णित ब्रह्मचर्य आश्रम तथा उसकी उपयोगिता

कु0 रुचि गुप्ता

प्रवक्ता (सस्कृत-विभाग)

दि0 जैन महाविद्यालय बडौत उ0प्र0

भारतीय सस्कृति के अन्तर्गत मानव जीवन को चार आश्रमों में विभक्त किया गया है। इनमें ब्रह्मचर्य आश्रम सबसे पहला आश्रम माना जाता है। जो ब्रह्म मे विचरण करता है, वह ब्रह्मचारी है। ब्रह्मचारी का भाव ही ब्रह्मचर्य है। जिस प्रकार सभी वृक्षों का मूल महत्त्वपूर्ण होता है, उसी प्रकार मानव जीवन का मूल ब्रह्मचर्य है। इसके पालन से मानव शारीरिक, मानसिक सुख को प्राप्त करके कल्याणमय जीवन यापित करता है। इस प्रकार अथर्ववेद में ब्रह्मचर्य का अति विस्तार से महत्त्व प्रतिपादित किया गया है यह स्पष्ट है। अब प्रश्न उठता है कि वर्तमान समय में इसकी क्या उपयोगिता है? आज पाश्चात्य सस्कृति के अन्धानुकरण ने हमारी युवा पीढी को पथ भ्रष्ट कर दिया है। आज का छात्र नैतिक पतन के गर्त मे गिरता जा रहा है। सयम, अनुशासन आदि उससे कोसों दूर जा रहें हैं। इलैक्ट्रोनिक मीडिया यथा टी0 वी0, इटरनेट, प्रिट मीडिया, पाश्चात्य सस्कृति का अधानुकरण आदि सभी आज के छात्र को दिग्भ्रमित करने में अहम् भूमिका निर्वाह कर रहे हैं। ऐसे समय मे अथर्ववेद में वर्णित ब्रह्मचर्य आश्रम के महत्त्व से सम्बन्धित ये सूत्र उसका दिशा निर्देश करने मे महत्त्वपूर्ण भूमिका निर्वाह कर सकते हैं।

ऋग्वेद में न्याय-व्यवस्था

विवेक कुमार पाठक

बरेली।

वैदिक काल में न्याय शब्द का अर्थ 'धर्म' ग्रहण किया गया है। यहाँ न्याय से आशय कर्तव्याकर्तव्यज्ञान और व्यवहार ज्ञान से है। वैदिक कालीन प्रजातन्त्रीय व्यवस्था मे प्रजा के अधिकारो की रक्षा के लिए एक स्वतन्त्र न्यायालय होता था जिसे 'विदथ' कहते हैं। इस विदथ' शब्द का अर्थ

कुछ वेद विद्वानों ने 'यज्ञशाला' भी माना है। शब्दकल्पद्रुम में 'विदथ' की उत्पत्ति विद् धातु से मानी गई है। जिसका अर्थ सत्य की खोज करना है। इसलिए विदथ' वह सस्था है जिसमें सत्य की खोज करके न्याय दिया जाता है। उस काल में यह एक महत्त्वपूर्ण सस्था थी, जिसका ऋग्वेद में लगभग 122 स्थलों पर प्रयोग हुआ है। ऋग्वैदिक कालीन यह विदथ तर्क-वितर्क का स्थल होता था। यह सम्पूर्ण समाज को वैचारिक निर्देशन देने एव विधि को सबल बनाने का कार्य करता था। ऋग्वैदिक कालीन यह न्यायपालिका वैदिककालीन जनतन्त्र या प्रजातन्त्रीय प्रणाली की मेरुदण्ड थी। ऋग्वैदिक न्याय व्यवस्था में व्यवहार पदों (दण्ड के कारण) एव अपराध के आधार पर ही दण्ड का निर्धारण भी होता था। वैदिक दण्ड व्यवस्था में दण्ड दो प्रकार का (आन्तर एव बाह्य) होता था। जिसके चार उप प्रकार भी होते थे। ऋग्वेद में सात प्रकार के अपराधों के आधार पर दण्ड निर्धारण पन्द्रह प्रकार का बताया गया है। धर्मकोशों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि ऋग्वैदिक दण्ड व्यवस्था वर्णों के आधार पर थी अर्थात् एक ही अपराध करने पर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्रादि को पृथक्-पृथक् दण्ड का विधान था।

पारिवारिक जीवन के सन्दर्भ में वेदों का योगदान

डॉ0 (श्रीमती) मनोरमा गुप्ता
विभागाध्यक्षा-सस्कृत
कानपुर विद्या मंदिर महिला (पी जी)
महाविद्यालय, कानपुर

व्यक्ति और समाज के मध्य पारिवारिक जीवन का बहुत अधिक महत्त्व है। परिवार एक शाश्वत व स्थायी समूह है, जो न केवल सामाजिक स्थिति मे आधारभूत स्थिति रखता है, अपितु सार्वभौम भी है। मनुष्य अपने जीवन का प्रारम्भ परिवार द्वारा ही करता है, और उसी से अपने उन गुणों व विशेषताओं को विकसित करता है, जो प्रत्येक व्यक्ति मे अन्तर्निहित रूप से विद्यमान रहती हैं। परिवार ही उन परिस्थितियों को प्रदान करता है, जिनके द्वारा बच्चे का पालन-पोषण होता है। वह अपनी जन्मजात शक्तियों का विकास करता है और फिर अधिक व्यापक समाज का अग होने के योग्य बनता है। व्यक्तियो से परिवार और परिवारों से समाज का निर्माण होता है। परिवार मे कैसे व्यवहार करना चाहिए, इसकी मर्यादा वेद ने बताई है।

वेदो में सामाजिक न्याय

जीवानन्द झा

सस्कृत-विभागाध्यक्ष

ए. पी एस एम कॉलेज, बरौनी, बिहार-851112

वेद शब्द का ,निर्माण विद् ज्ञाने धातु से घञ् प्रत्यय द्वारा हुआ है। इस आधार पर इसकी व्युत्पत्ति 'विदन्ति येन स वेदः' है, अर्थात् वास्तविकता का ज्ञान कराने से इसे वेद कहा जाता है। 'सर्व कान्तमात्मीय पश्यति' अर्थात् सबको जो अपना हो वह प्यारा लगता है, इसीलिए नहीं, अपितु समाज-विज्ञान के यथार्थ परिज्ञान हेतु हम वेद के शरण में जाते हैं। अथर्ववेद अखिल मानव को अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहते हुए मिलकर चलने समान विचार रखने आदि की आज्ञा देता है-**संगच्छध्वं संवदध्वं.**। **''जन बिभ्रती बहुधा विवाच.**'' में धार्मिक समानता एव स्वतन्त्रता की भावना व्यक्त है। उनकी दृष्टि में समस्त मानवता एक परिवार है। सह अस्तित्व ही उनका आदर्श है।

ऋग्वेद की सामाजिक अवस्था

डॉ0 रचना अजय

यद्यपि ऋग्वेद के अधिकाश सूक्त विभिन्न देवताओं की स्तुति के रूप में हैं, तथापि अनेकों सूक्त ऐसे भी हैं जो उस समय की राजनैतिक, सामाजिक आर्थिक, धार्मिक, नैतिक तथा दार्शनिक अवस्था पर भी प्रकाश डालते हैं। ऋग्वैदिक समाज की कुछ प्रमुख विशेषताऐं इस प्रकार हैं कि वैदिक आर्य मूर्तिपूजा तथा मंदिरो की सत्ता मे विश्वास नहीं करते थे। वे उन देवताओं की पूजा करते थे। जो प्रकृति के मानवीयकरण थे। नैतिकता का स्तर अपेक्षाकृत ऊँचा था। ऋग्वेद कालीन समाज सुसभ्य शिक्षित सम्पन्न तथा सुसस्कृत था। वैदिक सूक्तो के अनुसार वैदिक आर्य प्रसन्नचित्त, युद्धकला, मे प्रवीण आशावादी शूरवीर, दानप्रिय व देवताओं से डरने वाले लोग थे। जो सीधा-सादा जीवन व्यतीत करते थे।

वैदिक काल में कन्या का स्वरूप

डॉ0 सिद्धार्थ शकर सिह

अध्यक्ष सस्कृत-विभाग

जगदम महाविद्यालय छप्परा, (बिहार)

नारी एव नर मानवसृष्टि के प्रधान स्तम्भ हैं, दोनो की रचना प्रकृतित. भिन्न है। नारी नर की अपेक्षा कोमल, दुर्बल और सतानोत्पत्ति के समय पराश्रिता है। इस मौलिक अन्तर के उपरान्त भी नर-नारी एक-दूसरे के पूरक हैं। एक के बिना दूसरा अपूर्ण, असर्व और अधूरा ही है। अर्ध नारीश्वर की परिकल्पना नर एव नारी के एक दूसरे के पूरक होने का प्रमाणीकरण ही तो है। प्रमादवश

प्राकृतिक सबलता के गर्व से भरा हुआ नर नारी को अपनी आश्रिता समझने लगता है एव सम्पत्ति के समान उस पर अपना अधिकार आरोपित करने लगता है। प्रस्तुत शोध पत्र मे वैदिक काल मे कन्या की स्थिति का वर्णन किया गया है। **'कन्या कमनीया भवति'** यास्क के निर्वचन से ही स्पष्ट है कि वैदिककाल में कन्या का स्वागत परिवार में होता था। साथ ही पुत्रों की तुलना में कन्याओ की स्थिति एव उनकी स्वतन्त्रता इस पत्र का आकर्षण है। वर्तमान में घटते लिङ्गानुपात के सन्दर्भ में यह पत्र कन्याओं के सम्मानजनक परिपोषण सम्वर्धन एव सरक्षण को बल देने की दिशा में एक प्रयास है। महिला-सशक्तीकरण एव महिला जागरण शताब्दी वर्ष में, कन्या पहली कडी है एव इसकी स्थिति वैदिककाल में वर्णनीय है। समाज का दूसरा स्तम्भ अगर कमजोर है, समाज पगु हो जायेगा। अतः हम में वृक्ष के प्रारम्भिक अवस्था 'पौधे' का ध्यान रखना ही होगा, अन्यथा वात्सल्य की छाव सदा के लिए लुप्त हो जायेगी।

वैदिक संस्कृति और नारी

डॉ0 शोभा रानी सहाय, शोधार्थी

जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

वेदो की यह मान्यता है कि स्त्री-पुरुष, बाल-वृद्ध सबके शरीरो मे समान प्रकार की आत्मा का निवास होता है। उसमे स्वत कोई लिगभेद नहीं होता। प्रत्युत एक ही जीवात्मा कर्मानुसार कभी पुरुष शरीर धारण करता हैं और कभी स्त्री शरीर-**'त्वं स्त्री त्व पुमानसि त्व कुमार उत वा कुमारी।'** अथर्ववेद- 10 8 27 अत मौलिक रूप से वैदिक सस्कृति मे स्त्री और पुरुष में कोई अन्तर नही हैं। समाज मे स्त्री पुरुष की समान स्थिति का होना भी परमावश्यक है। इसका यह कारण है कि दोनो अन्योन्याश्रित हैं और एक के बिना दूसरे की सत्ता नही हो सकती। दोनो का समान श्रम, त्याग और उत्तरदायित्व ही समाज को पूर्ण बनाता है। आज भी इसी तथ्य की आवश्यकता समीचीन है। इन्ही समीचीन धारणाओ के साथ यह शोध-निबन्ध निर्मित है।

वेदों में महिलाओं की शैक्षिक स्थिति

विभा चौधरी

वनस्थली विद्यापीठ

राजस्थान।

समाज एव राष्ट्र मे स्त्री एव पुरुष का योगदान समकक्ष है, अत. पुरुष के समान ही नारी शिक्षा की आवश्यकता स्वाभाविक है। वैदिक काल मे सन्तान के जीवन निर्माण का उत्तरदायित्व

माता-पिता के ऊपर ही होता था। (बृहदारण्यकोपनिषद् 1 57) वेदों में नारी के जो कर्त्तव्य निर्धारित किये गए हैं, उनसे यह स्पष्ट है कि वैदिक कालीन नारी शिक्षित, कला निपुण एव ज्ञानी भी थी। वैदिक युग में विद्याध्ययन प्रारम्भ करने के लिए उपनयन सस्कार को अनिवार्य कृत्य माना गया है। जो कि कन्याओ का भी किया जाता था तथा वह ब्रह्मचर्य का पालन करती हुई विभिन्न विषयो मे शिक्षा ग्रहण करती थीं। अत· स्त्रियाँ भी पुरुषों के समान उच्च शिक्षा ग्रहण किया करती थी। ऋग्वेद मे नारी ने आत्मगौरवपूर्वक घोषणा की है "मैं ज्ञानवती हूँ" घर की प्रमुख और शत्रुनाशिका हूँ।-(ऋग्वेद 10 159 2) ऋग्वेद का विदुषी' शब्द स्त्री के सुशिक्षित होने का परिचायक है।

अथर्ववेद में विद्याप्राप्ति पद्धति का स्पष्टत उल्लेख किया गया है अथर्वा ऋषि ने यज्ञ मे कन्या के वर्चस्व को स्वीकार किया है। उपर्युक्त विषय के आलोक मे इस शोधपत्र में वेदकाल में नारी शिक्षा के विविध आयाम जैसे- धर्म, अध्यात्म, दर्शन, व्याकरण, आगम, चित्रकला, गान्धर्वविद्या, वीणा, गणित आदि विषयो में नारी की शैक्षणिक स्थिति पर विचार किया गया है।

वैदिक काल में स्त्री शिक्षा

डॉ सरोज नौटियाल

रीडर- कन्या गुरुकुल महाविद्यालय

सस्कृत-विभाग, देहरादून।

प्राचीन भारत मे दीर्घकाल तक शिक्षा का तात्पर्य वैदिक शिक्षा रहा, जो वैदिक युग में बिना किसी लिग भेद के स्त्री-पुरुष दोनों को उपलब्ध होती थी। स्त्रियाँ वैदिकसाहित्य का अध्ययन करती थी, धार्मिक, दार्शनिक विचार-विमर्श करती थीं, यहाँ तक कि कुछ वैदिक ऋचाओ की रचयिता भी थीं। वे ब्रह्मचर्य आश्रम व्यतीत करती एव पवित्र यज्ञोपवीत धारण करती थीं, अथर्ववेद के अनुसार ब्रह्मचर्य आश्रम की समाप्ति के उपरान्त ही कन्या विवाह के योग्य होती थी। स्त्रियो के शैक्षिक अधिकारो की पुष्टि के लिए वैदिक साहित्य मे पर्याप्त एव सन्तोषजनक प्रमाण उपलब्ध होने के बाद भी वैदिक तथ्यो के आलेक मे ही विचारणीय है कि तत्कालीन सामाजिक सगठन पितृसत्तात्मक था। राजनैतिक जीवन मे भी पुरुषो का वर्चस्व था। सभाओ मे स्त्रियों की उपस्थिति राजनीति मे उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका की ओर सकेत नही करती। ऐसी स्थिति मे शिक्षा की अधिकारी होते हुए भी समाज मे कितनी स्त्रियाँ विधिपूर्वक शिक्षा प्राप्त कर रही थी, यह एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न है। यद्यपि कुछ वैदिक स्त्रियो को वैदिक मन्त्रो की रचयिता एव उद्गात्री के रूप मे स्मरण किया जाता है परन्तु तथ्य यह है कि परवर्ती परम्परा मे उनकी सख्या को बढा-चढा कर प्रस्तुत किया गया है। ऋग्वेद मे प्राप्त 27 विदुषी स्त्रियो के सन्दर्भों मे से अधिकाश दैवी, अर्द्धदैवी पौराणिक चरित्र एव अमूर्त

भावनाओ के द्योतक शब्द हैं। मात्र 9-10 ब्रह्मवादिनी स्त्रियों को ही वास्तविक मानवीय स्त्रियों की सज्ञा दी जा सकती है।

इसी सन्दर्भ मे उल्लेखनीय है कि वैदिक शिक्षा का स्थान पितृगृह नहीं अपितु गुरुगृह होता था। तत्कालीन सामाजिक सरचना में सभी स्त्रियों का पुरुषों के समान गुरुकुल में जाकर विद्याध्ययन करना सभव प्रतीत नहीं होता। पुत्रियाँ सामान्यत. पितृगृह में रहकर भावी जीवन के लिए उपयोगी शिक्षा ग्रहण करती थीं। कुछ विद्वान् आचार्यों की पुत्रिया पिता के द्वारा पूर्ण शिक्षा प्राप्त करती थीं। अथर्ववेद में मृत्युपर्यन्त पिता के पास रहने वाली पुत्रियों का उल्लेख प्राप्त है। याज्ञिक कार्यों के सम्पादन मे विशिष्टीकरण के अभाव में ऐसा प्रतीत होता है कि वैदिक कर्मकाण्डो में भी स्त्रियो की मौन सहभागिता ही थी।

वेद और नारी स्वातन्त्र्य

डॉ0 शुभदा वाजपे

असोशिएट प्रोफेसर हिन्दी-विभाग

उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद -500007

वैदिककाल मे बालविवाह और दहेज जैसी कुरीतियाँ नहीं थी। सबसे महत्त्वपूर्ण सस्कार 'उपनयन' कन्याओं का भी होता था और तब वे वेदपठन हेतु पात्रता प्राप्त करती थी। वे जानती थी कि उन्हें वेदाध्ययन का अधिकार है। तैत्तिरीय ब्राह्मण के अनुसार एक युवती ने अपने प्रेमी से विवाह करने के लिए इसलिए इन्कार कर दिया, क्योंकि वह उसे कुछ वैदिक सिद्धान्त और विचार बताने को तैयार नहीं हुआ (2 3 10) घोषा प्रौढावस्था तक कुआरी रहीं। सुलभा को उचित पति नहीं मिला, किन्तु दहेज की वजह से विवाह न होने के उदाहरण नहीं हैं। अध्ययन करने वाली कन्याएँ 'सद्योवधू' और 'ब्रह्मवादिनी' श्रेणियों में विभक्त की गई हैं। वधू पति के कुल की रक्षिका और पालनकर्ता बताई गई है। (अथर्ववेद-1 काण्ड 14 सूक्त) वर्तमान समाज के अनेक वर्गों मे बालविवाह और दहेज जैसी कुप्रथाएँ प्रचलित हैं। इनके निराकरण हेतु कानून होते हुए भी हम उन पर विजय नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। अत नैतिक और धर्मशास्त्रीय दबाव बनाने हेतु यह वेदवाणी हमारी सहायक है।

वेदे राष्ट्रवादः

ज्योत्स्ना त्रिपाठी

प्रवक्ता-सस्कृत-विभाग

ग प स पी जी कालेज, सुल्तानपुर-उ० प्र०

राष्ट्रवादोऽद्यतनचिन्तने विशिष्ट महत्त्वमावहति। राष्ट्रविषयिकी विचारणा विविधान् विकल्पान् विदधाति। तत्र सामाजिक-धार्मिक-राजनैतिक-सास्कृतिकादिधारान् अवधृत्य राष्ट्रस्य या सकल्पना प्रस्ताविता सन्ति तासा सर्वासापि सकल्पनाना सुविशद स्वरूप वेदे वरीवर्ति। सैवावधारणा च सर्वासामापि परवर्तिनीनामवधारणाना मूलमस्ति। तत्र सर्वेष्वापि राष्ट्रनिर्माणघटकेषु सामञ्जस्यमस्ति। क्वापि कश्चित् सघर्षो नास्ति, अस्यैव सामञ्जस्यस्वरूप प्रस्तोतुमस्मिन् शोधपत्रे सप्रमाण प्रयासः कृतो वर्तते।

वेदेषु-राष्ट्रिय-भावना

प्रकाशचन्द्र पन्त (शोधच्छात्र)

गुरुकुल कागडी विश्वविद्यालय

हरिद्वारमुत्तराञ्चलम् (भारतम्)

अस्माक भारतीयाना सुदृढोऽय विश्वास. यत् यावन्त उदात्तभावा. सन्ति, ते सर्वेऽपि चतुर्षु वेदेषु क्वचित् सूत्ररूपेण क्वचिच्च विशदरूपेण प्राप्यन्ते। राष्ट्रियतायाः भावनेय सर्वप्रथम चतुर्षु वेदेष्वेव दृष्टिपथमुपैति। अथर्ववेदस्य भूमिसूक्त पाठ पाठ श्राव श्राव वा कस्य हृदये देशभक्तिभावना नोत्पद्यते, अस्माक मतमिद सर्वथा सत्य, यत् यादृशी राष्ट्रियभावना पृथिवीसूक्ते विद्यते न तादृशी अन्यस्मिन् कस्मिन्नप्यन्यभाषाविरचिते साहित्ये। केचन जना. व्याहरन्ति राष्ट्रशब्द आग्लानामवदानमिति। परमसत्यमिद कथनम्। अस्माक वैदिकवाङ्मये राष्ट्रशब्द वैदिकै ऋषिभि मुहुर्मुहु प्रयुज्यते। स्वराज्यस्योद्घोषोऽपि **"अर्चन् ननु स्वराज्यम्"** इत्यादिषु अमृतमयवचनेषु नितरा दरीदृश्यते। शोधपत्रेऽस्मिन् वैदिकसाहित्ये प्रतिपादिता. राष्ट्रियताया. भावा नातिविस्तरेण प्रस्तूयन्ते।

राष्ट्रिय एकता एवं अखण्डता की वेदमूलकता

डॉ० (श्रीमती) वसुन्धरा रिहानी,

दयानन्द वैदिक शोधपीठ,

पजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ- 160014

राष्ट्रिय एकता एक भावना है और राष्ट्रिय अखण्डता एक स्थिति है। वेदो में मानव की आध्यात्मिक, वैयक्तिक, पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक व राष्ट्रोन्नति के नानाविध उपदेश यत्र-तत्र दृष्टिगोचर होते हैं। अथर्ववेद का पृथिवीसूक्त, जिसमें तिरेसठ मन्त्र हैं, मातृभूमि के यशोगान तथा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सूक्त हैं और इसका प्रत्येक मन्त्र अभिधा, लक्षणा और व्यजना इन तीनो

वृत्तियों में से किसी एक वृत्ति के माध्यम से राष्ट्रिय एकता एव अखण्डता की भावना को सजोये हुए है। यहाँ इतना और स्पष्ट हो जाना चाहिए कि जिस राष्ट्रिय एकता एव अखण्डता की हम बात करते हैं उसे न तो केवल पाठ्य पुस्तकों के माध्यम से बताया जा सकता है और न ही सभा-समितियो मे बौद्धिक चर्चा से। उसके लिए आवश्यक है कि अथर्ववेद के बारहवे काण्ड के प्रथम सूक्त का पारायण कर उस पर चिन्तन और मनन किया जाए। उक्त सूक्त मे कहा गया है कि किसी भी राष्ट्र की एकता एव अखण्डता के लिए उसके नागरिकों के मन में **सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञ** अर्थात् सत्यप्रियता, धर्मनिष्ठा, सयम, स्वाध्याय, परस्पर सौहार्द्र, सौमनस्य स्वार्थत्याग आदि गुणो का होना परमावश्यक है। **माता भूमि पुत्रो अह पृथिव्या.** की उक्ति तभी सार्थक होगी जब देशवासियों को उनका भरण-पोषण करने वाली और स्वर्ण आदि रमणीय पदार्थो को देने वाली- विश्वभरा, वसुधानी, हिरण्यवक्षा, जगत् निवेशिनी धरती माँ के प्रति अपने कर्त्तव्यो का बोध होगा और यह कर्त्तव्यबोध और निजत्वबोध तभी सम्भव होगा, जब राष्ट्रवासी राष्ट्र के भौतिक स्वरूप और उसके भौगोलिक विस्तार से परिचित होगे। इस प्रकार हम देखते है कि अथर्ववेद का पृथिवीसूक्त मातृभूमि की पूजा अर्चना के साथ राष्ट्रिय एकता एव अखण्डता का भी अनुपम निदर्शन कराता है।

वैदिक राष्ट्र की परिकल्पना

वन्दना (शोध-छात्रा)

सस्कृत-विभाग, पजाब विश्वविद्यालय

चण्डीगढ।

वेदो मे राष्ट्र की न केवल परिकल्पना ही वर्णित है, अपितु उसके आधारभूत-तत्त्वों, उपयोगिता, महत्ता तथा उसके प्रति लोगो के दायित्वो एव कर्त्तव्यो का भी भलीभांति उपदेश दिया गया है। '**वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिता** ' अर्थात् हम राष्ट्र मे रहते हुए राष्ट्र के प्रति अग्रणी होकर जागरूक रहें। इसी प्रकार अथर्ववेद मे '**अभिवर्धताम् पयसाभि राष्ट्रेण वर्धताम्**' कहकर राष्ट्र को दुग्धादि से समृद्ध करने की कामना की गई है। यजुर्वेद से उद्धृत वैदिक राष्ट्रिय प्रार्थना '**आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो**' वेद के सर्वोदयात्मक सर्वांगपूर्ण उदार दृष्टिकोण को प्रस्तुत करती है तथा अथर्ववेद के भूमिसूक्त के अनेक सूत्र राष्ट्रियता के परिचायक हैं, जिनमे मातृभूमि की वन्दना का माहात्म्य वर्णित है। वेदों में सामूहिक जीवन व्यतीत करने का सदेश मिलता है।

वैदिक वाङ्मय में राष्ट्रिय भावना

डॉ सुनीता जायसवाल

विभागाध्यक्षा- संस्कृत
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चकिया, चन्दौली (उ0प्र0)

वैदिक साहित्य के अन्तर्गत ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद में वैदिक ऋषियो एव मनीषियों ने भारतीय नागरिको के हृदय मे भारतभूमि के प्रति आकर्षण एव समर्पण का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से भारत की रत्नगर्भा वसुन्धरा, ऋतुओं, रत्नों, वन, पर्वत, झरने, नदी, सरोवर, अन्न, जल, औषधियो, पशु-पक्षी आदि विभिन्न प्राकृतिक सम्पदाओं एव भारत के नैसर्गिक सुषमा की भूरि-भूरि प्रशसा करते हुए स्वराष्ट्र को स्वर्ग से भी अधिक गरीयसी बताकर उसे 'जननी' के पद से अलकृत किया है। अपने देश, अपनी धरती तथा अपनी जन्मभूमि को माता' एव 'मातृभूमि' की सज्ञा से सम्बोधित करने की शिक्षा सर्वप्रथम हमें वेदो से ही प्राप्त होती है। अथर्ववेद में कहा गया है- **'माता भूमि. पुत्रो अहं पृथिव्या '** अर्थात् भूमि मेरी माता है और हम उसके पुत्र अर्थात् सन्तान हैं। वैदिक वाङ्मय में मातृभूमि को अपना सर्वस्व स्वीकार करते हुए स्वराष्ट्र की स्वतन्त्रता, समृद्धि, सतत् उन्नति, राष्ट्र की रक्षा, राष्ट्र की एकता, अखण्डता एव सगठन, राष्ट्रिय शक्ति एव सामर्थ्य के विकास, राष्ट्र के शत्रुओ के सहार, राष्ट्र के नागरिको को जाति धर्म एव भाषागत भेदभाव से सर्वथा रहित होने तथा मातृभूमि की प्रतिष्ठा को बनाए रखने, स्वराष्ट्र के कल्याण में सदैव तन-मन-धन से तत्पर रहने, राष्ट्र भक्ति, राष्ट्रप्रेम एव राष्ट्राराधना की विविध राष्ट्रिय भावनाएँ प्रभूत एव अपरिमित रूप मे परिलक्षित होती हैं।

वेदों में राष्ट्रियता का आह्वान

राजकुमार उपाध्याय मणि
वाराणसी।

ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद मे विवेचित राष्ट्रिय चिन्तन आधुनिक समय मे अत्यन्त प्रासंगिक एव उपादेय है। इसमे वर्णित राष्ट्र की अवधारणा एव राष्ट्रिय एकता के लिए उद्‌बोधन किसी भी राष्ट्रजागरण के लिए नव सदेश है। इन वैदिक ऋचाओं के राष्ट्रिय आह्वान से आज पुन भारत को गौरवशाली राष्ट्र के साथ अत्यन्त समृद्धिशाली राष्ट्र के रूप मे बनाया जा सकता है। विश्व में भारत देश के अग्रणी होने पर ही विश्वशान्ति की कल्पना की जा सकती है तभी विश्व-बन्धुत्व की कल्पना साकार हो पायेगी।

वैदिक कर्ममीमांसा

डॉ0 महावीर, डी लिट्
आचार्य, सस्कृत-विभाग
गुरुकुल कागडी, वि वि हरिद्वार

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छत समा.। एव त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे।।' वेद, कर्म करते हुए सौ वर्ष जीवित रहने का सन्देश देता है। भौतिक और आध्यात्मिक ऐश्वर्य प्राप्ति के लिये कर्म ही एक मात्र उपाय है। वैदिक सस्कृति में श्रमशील एव कर्मनिष्ठ जीवन को श्रेष्ठ माना गया है। ऋग्वेद मे कहा गया है- जो मनुष्य श्रम नहीं करता, देवता भी उससे मित्रता नहीं करते'- **न ऋते श्रान्तस्य सख्याय देवाः।** ऋग् 4/33/11 अथर्ववेद का ऋषि कर्म पर विश्वास को अभिव्यक्त करता हुआ घोषणा करता है- **कृतं मे दक्षिणे हस्ते जयो मे सव्य आहित**। अथर्व 7/52/8 न केवल वैदिक संहितायें अपितु ब्राह्मणग्रन्थ, उपनिषद्, रामायण एव महाभारत आदि ग्रन्थ भी कर्म की महिमा प्रतिपादित करते हैं। वैदिक मनीषा सासारिक विविधता का मूल आधार अथवा कारण कर्म को मानती है। सुख-दुख, ऐश्वर्य-अनैश्वर्य, अमृत-मृत्यु, मान-अपमान,सफलता-असफलता, जय-पराजय आदि का हेतु कर्म ही है। महाभारतकार वेदव्यास कहते है- **यथा धेनुसहस्त्रेषु वत्सो विन्दति मातरम्। एवं पुराकृत कर्म कर्त्तारमनुगच्छति।।** कर्म और पुर्नजन्म ऐसे प्रबल सिद्धान्त है, जिन पर वैदिक सस्कृति का भव्य प्रासाद अधिष्ठित है। कर्म को सामान्य रूप से पापकर्म और पुण्यकर्म की दो श्रेणियो मे विभक्त किया जाता है, किन्तु सूक्ष्म विचार करने पर कर्म के अनेक रूप परिलक्षित होते हैं। कर्म को कर्त्तव्य का वाचक मान लेने पर चारो आश्रमो एव चारो वर्णो के कर्म, पारिवारिक सदस्यों के कर्म, राजा और प्रजा, गुरु और शिष्य के कर्म आदि इसके अनेक रूप देखे जा सकते है। इन कर्मो को पूर्ण निष्ठा, योग्यता के साथ सम्पादित करना कल्याण का हेतु है। कृत कर्म का फल अवश्यमेव प्राप्त होता है- **अवश्यमेव भोक्तव्यं कृत कर्म शुभाशुभम्।** वैदिक वाङ्मय मे यत्र-तत्र-सर्वत्र कर्म सम्बन्धी चिन्तन प्राप्त होता है। प्रस्तुत शोध लेख मे कर्म की इस अवधारणा को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

भारतीय दर्शन का वैदिक आधार

डॉ0 जयदेव वेदालकार
पूर्व प्रोफेसर एव अध्यक्ष दर्शन-विभाग
गुरुकुल काँगडी विश्वविद्यायल, हरिद्वार

वेदों में दर्शन की सभी प्रकार की धारणाये या मान्यतायें उपलब्ध हैं। मध्यकालीन युग मे

दर्शन अनेक वादों एव सम्प्रदायो में विकसित हुआ है, जिसमें मुख्य धाराए द्वैतवाद, त्रैतवाद, अद्वैतवाद, विशिष्टाद्वैतवाद आदि दर्शन के अनेक सम्प्रदाय माने जाते हैं। मध्यकालीन समस्त आचार्य अपने दर्शन का स्रोत वैदिक साहित्य में ढूँढने का प्रयास करते हैं। वेदों मे दर्शन के प्रमुख सूक्त, जिन सूक्तों में दार्शनिकों ने अपने-अपने दार्शनिक मतो को पुष्ट किया है, उन सूक्तो मे सर्वप्रथम सूक्त नासदीय-सूक्त माना जाता है। इस सूक्त में जगत् उत्पत्ति का बहुत ही सूक्ष्म एव गम्भीर विवेचन प्रस्तुत हुआ हैं। इसमें वेद स्वय प्रश्न उपस्थित करता है कि यह सृष्टि कहाँ से आई है? किसने इस की रचना की है? सृष्टि से पूर्व न असत् था नहीं सत् था। वेद के भाष्यकारो ने इस सूक्त की व्याख्या अनेक प्रकार से की है। पुरुषसूक्त में दार्शनिक अवधारणाओं को विस्तार रूप मे प्रस्तुत किया गया है। यह सूक्त ऋग्वेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद में समान रूप से विवेचित है। इस सूक्त में पुरुष का विस्तृत दार्शनिक अध्ययन सूक्ष्म रूप में मिलता है। उसी पुरुष से अखिल ब्रह्माण्ड का निर्माण होता है। यह विश्वरूप पुरुष बह्माण्ड की अपेक्षा बहुत बडा है। यह समस्त विश्व उसके एक पाद मे निहित हैं, उसके तीन पाद अमृतरूप द्युलोक मे स्थित हैं। अथर्ववेद के स्कम्भ-सूक्त में सर्वाधार ब्रह्म को प्रश्नात्मक दृष्टिकोण से लेते हुए विस्तृत वर्णन किया गया है। यह जो ऋत, श्रद्धा, आप जिस ब्रह्म मे स्थित हैं, वह ब्रह्म कौन है? ऋग्वेद के अदिति सूक्त में सृष्टि सरचना का वर्णन रहस्यमय दृष्टि कोण से प्रस्तुत किया गया है।

ऋग्वेद में 'धर्म' पद प्रयोग

डॉ0 वेदपाल, रीडर सस्कृत
जनता वैदिक कालेज
बडौत (बागपत)

भारतीय मनीषा की दृष्टि मे इहलौकिक एव पारलौकिक उन्नति का आधार 'धर्म' है, किन्तु जर्मन विद्वान् फारबाख के मत मे धर्म एक पुरातन बुराई है, जो मनुष्य मात्र में है। मनुष्य का बीमार हृदय ही सब धर्मों का मूल है, सब दु खो का कारण है। हेराक्लिटोज ने इसे पवित्र बीमारी का नाम दिया है, फिटशे ने इसे पूर्णत अव्यावहारिक कहा है तो कैण्ट के अनुसार धर्म सदाचार है। हर्बर्ट डब्ल्यू श्नेडर की दृष्टि मे धर्म पूर्वजो के विश्वास से कुछ भी ज्यादा नहीं हैं कुछ पश्चिमी विद्वान् धर्म को अफीम तक कहते रहे हैं। धर्म के सम्बन्ध मे वर्तमान में सर्वाधिक जानकारी धर्मसूत्रो मे उपलब्ध होती है। उपलभ्यमान धर्मसूत्रो मे गौतम (600-300 ई0पू0) को प्राचीनतम माना जाता है गौतम के अनुसार धर्म का मूल वेद और वेदज्ञों का आचरण है आपस्तम्ब, वसिष्ठ आदि धर्मसूत्रकार भी वेद को ही धर्म का मूल स्वीकार करते हैं। प्रस्तुत पत्र में मात्र ऋग्वेद संहिता के आधार पर ही

धर्म' पद का विवेचन किया जा रहा है। ऋग्वेद के 74 मन्त्रों में 75 बार धर्म' या अधर्मन्' शब्द उपलब्ध होता है। वहाँ पर यह शब्द प्रायः सज्ञा या विशेषण के रूप में सामान्यत नपुसकलिग में प्रयुक्त हुआ है। कुछ स्थलों पर इसका प्रयोग पुल्लिग मे भी मिलता है। ऋग्वेद मे धर्म शब्द कर्म, जगदुपकार कर्म, धार्मिकविधि, प्राचीन नियम, अग्निहोत्रादिक कर्म, सत्यभाषणादि व्रत तथा ब्रह्मचर्यादि आश्रम अर्थ का अभिधायक है।

शास्त्रयोनित्वात्- वल्लभ का श्रौत दृष्टिकोण

श्रीमती डॉ वसुन्धरा रिहानी

भारतीय वैदिक दर्शन परम्परा मे जगत् कारणत्कव पक्ष को लेकर गम्भीर चिन्तन हुआ है। यद्यपि वैदिक दार्शनिक गौतम, कणाद, कपिल, पतञ्जलि, जैमिनी, वादरायण आदि अनेक ऋषियों ने इस पक्ष पर गम्भीर विवेचन प्रस्तुत किया है किन्तु सभी एक मत नहीं है। किसी ने जगत् सृष्टि के कारण को अचेतन स्वीकार किया है तो किसी ने चेतन। जैसे- न्याय-वैशेषिक ने परमाणु, साख्य-योग ने प्रकृति वेदना ने ब्रह्म को स्वीकार किया है। यहाँ पर प्रश्न सहज ही उत्पन्न होता है कि जगत् कारणत्व मे यह मतभेद कैसा है? जब सभी वैदिक श्रुतियों को ही प्रमाण रूप में ग्रहण करते है तो विभिन्नता क्यो है? इस विभिन्नता, मतभेद के स्पष्टीकरण के लिए यह प्रस्तुत शोध पत्र प्रस्तावित है, जो जगत के परमकारणभूत ब्रह्म को शुद्ध अद्वैत मानने वाले वल्लभ के श्रौत दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसमे शास्त्र को कारण या प्रमाण के रूप मे समन्वित किया गया है।

वेदमूलकं भर्तृहरिदर्शनम्

डॉ कामदेव झा

सस्कृत विभागध्यक्ष

डी ए.वी कालेज, नन्योला, अम्बाला, हरियाणा (भारत)

वाक्यपदीयकारभर्तृहरे· दर्शन वेदमूलकमस्तीत्यत्र नास्ति किल सन्देहावकाश। कृत्स्न तस्य दर्शन वेदाधृतमस्ति। नामाख्यातोपसर्गनिपताना परिकल्पना, शब्दस्य नित्यानित्यविचारः, सप्तविभक्तिविभागविचार·, सर्गोद्भवप्रलयमोक्षाणा विचारा वैदिकमन्त्रदेवोद्भूताः। विचारवैविध्यमेतदेकस्मिन्नेव मन्त्र अनुस्यूत दरीदृश्यते।

व्यष्टिसमष्टिश्रेयस्साधने त्रिवर्गप्राधान्यम्-वैदिकमनुशीलनम्

न्यालि अनुपमा (शोधच्छात्रा)

राष्ट्रिय-सस्कृत-विद्यापीठम्, तिरुपति ।

वेदसंहितासु भारतीयताया तत्त्वनिरूपणार्थम् आवश्यक समग्र परिकर सर्वत्र लभ्यते। तेन साक वसुधैव कुटुम्बभावनाऽपि लोके सर्वप्रथम वेदेष्वेवोपलभ्यते-**'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्'** इत्युद्घोषियद्भि वैदिकमन्त्रद्रष्टृभि समस्त विश्वम् आर्य भवत्विति तत्साधनमार्गोऽपि आविष्क्रियते।

आर्य्याणां वैदिकत्वमतप्रत्याख्यानविवेचनम्

डॉ0 गणेशीलाल सुथार, निदेशक

पण्डित मधुसूदन ओझा, शोधप्रकोष्ठ

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर (राजस्थान)

आर्या मूलतो भारतवासिन॰ परदेशाद्वा इहागता विषये पाश्चात्या भारतीया पुराविदोऽतितरा विप्रतिपद्यन्ते। एशियामध्यदेशादागता आर्य्यवीरा भारतवर्षीयमूलनिवास्यनार्यतातिपरिभावका इति प्रत्यपादि मोक्षमूलरप्रभृतिभि पाश्चात्यविपश्चिद्भि । तन्मतानुयायिभिरनेकैर्भारतीयविद्वद्भिरपि आर्य्याणा वैदिशिकत्व समर्थितम्। कतिपयैर्भारतीयविद्वद्भि पाश्चात्यवित्परिकल्पितमतमेतत् प्रत्याख्याय आर्य्याणा मौलिकभारतीयत्वसिद्धान्त तर्कप्रकरै स्थापित । यथार्थावधारण कृत्वा विप्रतिपत्तेरस्यापाकरणमत्यन्तमपेक्षितम्।

विपर्यय के बीच सत्य की अन्वेषणात्मक कथा है कठोपनिषद्

डॉ0 दीपक कुमार

अध्यक्ष सस्कृत-विभाग महाराजा कॉलेज, आरा,

वीर के0 सिह वि0वि0, आरा

कठोपनिषद्' नचिकेता तथा यम सवाद मे निबद्ध एक रोचक एव गभीर दार्शनिक कथा है, जिसमे लोभ के बीच त्याग या दान, प्रेय के मध्य श्रेय, जीवन के बीच मृत्यु, मिथ्या-जगत् के बीच एकमात्र सत्य परम-तत्त्व आदि की चर्चा है। सम्पूर्ण दार्शनिक-कथा पर दृष्टि डाली जाए। तो 'कठोपनिषद्' की कथा के प्रत्येक चरण में विपरीत अवस्थाओं में ही सत्य की अभिव्यक्ति होती है। यही कारण है कि कालान्तर मे शङ्कराचार्य ने 'ब्रह्मसत्य जगन्मिथ्या' कह कर मिथ्यात्व के बीच सत्य की स्थापना की। यू तो यदि प्रमुख उपनिषदो मे निहित श्वेतकेतु-प्रवहण गैवालि (छान्दो) आरुणि-अश्वपति कैकेय (छान्दो0), गार्ग्य 31 अजातशत्रु (बृहदा) आदि सम्वादो पर भी ध्यान दें, तो सत्य की स्थापना के प्रयास दिखते हैं किन्तु कठोपनिषद् की अन्वेष्णात्मक शैली धाराप्रवाह एव

स्पष्ट है।

भारतीय षड्दर्शनों की वेदमूलकता

डॉ0 रामप्रकाशवर्णी, डी लिट्
रीडर एव अध्यक्ष सस्कृत-विभाग
एल आर.(पी जी) कॉलेज जसराना
फीरोजाबाद (उ0प्र0)

भारतीय प्राच्यपरम्परा में सर्वज्ञानमयो हि स:' कह कर वेद को विविध ज्ञान-विज्ञान का आकर' माना जाता रहा है। महर्षि स्वा0 दयानन्द सरस्वती भी इसे सभी सत्यविद्याओं का पुस्तक' मानते हैं। अत जिस प्रकार अन्यान्य अनेक विद्याओं का मूल वेद में विद्यमान है ठीक उसी प्रकार भारतीय षड्दर्शन भी सर्वात्मना वेदमूलक हैं। दर्शनविद्या के उच्चकोटिक सिद्धान्त जो कि तत्तद् दर्शनमें विशाल वटवृक्ष की भाँति पुष्पित और पल्लवित दृष्टिगत होते हैं, वे सभी बीज रूप से वेद मे उपन्यस्त हैं। हम उन्हें यहाँ एकैकश उद्देशमात्र ही प्रस्तुत कर रहे हैं। इन सभी का विस्तृत विवरण शोध लेख मे प्रस्तुत किया गया है।

वेदों में एकेश्वरवाद की अवधारणा

पवन कुमार
गुरु नानक अध्ययन विभाग
गुरु नानकदेव विश्वविद्यालय
अमृतसर, पजाब

ज्ञेय का अर्थ परब्रह्म परमात्मा है। विचार करने पर प्रतीत होता है कि ज्ञेय उसे कहते हैं जो जाना जा सके, जानने योग्य हो अथवा उसे जानना आवश्यक हो। इन तीनो में प्रथम जाना जा सकने वाला ज्ञेय है ससार, क्योंकि यह नश्वर जगत् ही इन्द्रियो के द्वारा या अन्त.करण के द्वारा जाना जाता है तथा जिन साधनों से हम ससार को जानते हैं, वह साधन वास्तव मे इस ज्ञेय ससार के ही अन्तर्गत है। इस ससार का जानना भी उपयोगी है, पर वह जानना है उसके त्याग के लिये। अर्थात् यह ससार ज्ञेय होते हुए भी त्याज्य है। वस्तुत· ज्ञेय एकमात्र ईश्वर ही है। वह एक है। वेद मे अग्नि, इन्द्र, वरुण, रुद्र, मरुत् आदि देवता वाचक नामों को देखकर अनेक देवो की कल्पना की गयी परन्तु वेद की अन्त.साक्षी से यह विदित होता है कि वेद का उपास्य देव एक है। इसको प्रजापति, ओम्,

परमेश्वर आदि नामों से अभिहित किया जाता है। अग्नि, इन्द्र, वरुण, रुद्र आदि नाम उस एक देव के ही विभिन्न गुणवाचक नाम हैं।

विश्वकर्मा-सूक्त में ईश्वरास्तित्त्व की सिद्धिः न्याय-दर्शन के परिप्रेक्ष्य में

डॉ0 अनीता राजपाल

वरिष्ठ-प्रवक्ता संस्कृत-विभाग

हिन्दू-महाविद्यालय, दिल्ली-विश्वविद्यालय, दिल्ली

एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति' इस अभेद-बुद्धि का पल्लवन दशम-मण्डल के दार्शनिक सूक्तों मे हुआ। सृष्टि के निर्माण में एक व्यापक शक्ति 'विश्वकर्मन्' का, एक बार इन्द्र की (8 87) और एक बार 'सर्वस्रष्टा' के रूप मे सूर्य की उपाधि के रूप में उल्लेख मिलता है। ऋग्वैदिक काल के उत्तरार्द्ध में सर्वोच्च देवता के रूप में दशम मण्डल के दो सूक्तो (81, 82) में 'विश्वकर्मन्' की स्तुति आयी है। उन्हें विश्वतश्चक्षु, विश्वतोबाहु, विश्वतोमुख, विश्वतस्पाद् पदों द्वारा सर्वदर्शी अंकित किया गया है। उन्हें 'धाता, विधाता' और 'परमसदृक्' कहा है। ब्राह्मणों में विश्वकर्मन् प्रजापति के तद्रूप हैं, किन्तु पुराणो में देवों के शिल्पी के रूप मे इनकी धारणा विकसित हुई। नैयायिक उदयानाचार्य ने 'न्यायकुसुमाञ्जलि' मे विश्वकर्मन्-सूक्त के आधार पर जगत् के सृष्टिकर्ता के रूप में ईश्वर तत्त्व के अस्वीकार करने वाले चार्वाकादि के मत का खण्डन करके ईश्वरास्तित्त्व की सिद्धि तथा जगत्स्रष्टा के रूप मे ईश्वर की प्रतिष्ठा की है। परमेश्वर में सर्वात्मकत्व सर्वव्यापकत्व होने से ईश्वर का जगत् कर्तृत्व कुम्भकारादि के कर्तृत्व से विलक्षण है। यदि परमेश्वर जगत् का स्रष्टा है। तो वह जगत् सृष्टि में अधिष्ठान है या उपादान है? इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए आचार्य उदयन ने विश्वकर्मन्-सूक्त के द्वितीय मन्त्र (10 81 2) को आधार बनाया है तथा मन्त्र में प्रयुक्त छ विषेशणो के आधार पर ईश्वर स्वरूप की समीक्षा प्रस्तुत की है। सर्वज्ञ, सर्वव्यापक ईश्वर अधिष्ठान और उपादान के निरपेक्ष होकर जगत् का सृजन करता है। जयन्त भट्ट तथा आचार्य विश्वनाथ ने भी इसी मन्त्र के आधार पर ईश्वर की निमित्तकारण के रूप मे सिद्धि की है।

आस्तिक दर्शनों की वेदमूलकता

डॉ श्रीमती प्रमोद बाला मिश्रा

रीडर, सस्कृत-विभाग

बरेली कालेज, बरेली (उ0प्र0)

आस्तिक दर्शन परम्परा में प्रमा, प्रमाण, प्रमाता, प्रमिति आदि शब्दों का प्रयोग ज्ञानमीमासा

के अन्तर्गत किया जाता है। वेद में प्रमा, प्रमेय, प्रमिति, प्रमाता आदि शब्दों का प्रयोग मिलता है जिनकी सूक्ष्म विवेचना से उनका दार्शनिक पक्ष स्पष्ट होगा। ऋग्वेद के एक मन्त्र में प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द-तीनों प्रमाणों का मूल दृष्टिगत होता है। वेद स्वय ही शब्द प्रमाण के सर्वोच्च निदर्शन हैं। वेद-मन्त्रों में सृष्टि की उत्पत्ति के विषय मे अनेक सिद्धान्तों का सूत्र रूप में सकेत है। वहाँ असत् को जगत् का उपादान कारण माना गया है। साख्य द्वारा स्वीकृत सृष्टि का मूल कारण प्रधान व प्रकृति का सकेत भी वेद मन्त्रों में प्राप्त होता है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में सृष्टि-प्रक्रिया का विशद वर्णन है। इस सूक्त से स्पष्ट है कि सृष्टि के आरम्भ में एक कोई अव्यक्त चेतन था जिसे कालान्तर मे तपस् कहा गया। वस्तुत· यही सर्वव्यापी शक्ति है। इसी से ज्ञान-शक्ति, इच्छा-शक्ति और क्रिया-शक्ति की अभिव्यक्ति होती है। वेद-मन्त्रो से स्पष्ट है कि उस समय के लोग सृष्टि के घटक तत्त्वो से पूर्णतया अभिज्ञ हैं। उन्हें क्षिति, जल, तैजस्, वायु आकाशादि के गुणों का पूर्ण परिचय है। वे कर्मकाण्ड और ज्ञानकाण्ड दोनो से परिचित हैं। कर्मकाण्ड मे उपासना का तथा ज्ञानकाण्ड में अध्यात्मपरक विवेचन है। कर्मकाण्ड के नियमानुसार साधक को सदाचार का पालन और अन्तःकरण की शुद्धि अवश्य करनी चाहिए। इस प्रकार पवित्र अन्त करण सवेष्ठित, सदाचारयुक्त जीवन-शैली को आस्तिक दर्शनो के कर्ममीमासा का मूलस्रोत कहा जा सकता है। इस शोध-पत्र के माध्यम से मैंने वेद मे निर्दिष्ट आस्तिक दर्शन के मूल तत्त्वो को उद्घाटित करने का प्रयास किया है।

सांख्यदर्शन की वेदमूलकता

डॉ ज्ञानप्रकाश शास्त्री

प्रोफेसर एव अध्यक्ष श्रद्धानन्द वैदिक शोधसस्थान

गु का वि वि हरिद्वार

भारतीय मनीषा यह मानती है कि समस्त ज्ञान-विज्ञान का मूलस्रोत वेद है। इसका कारण यह है कि वेद अपौरुषेय हैं। जिस परमपिता परमात्मा ने जीवसृष्टि के जीवन के लिये सभी प्रकार के ससाधन प्रदान किये, उसीने जीवन यापन तथा उससे आगे भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति के पथ को प्रशस्त करने के लिये वेद का ज्ञान मानवमात्र को प्रदान किया।

जीव और ईश्वर में यद्यपि अनेक विषमतायें हैं, तथापि इन दोनो के मध्य एक ऐसी विषमता है जो ईश्वरत्व का आधार बिन्दु है और वह है कि जहाँ जीव भोक्ता है, वहाँ ईश्वर भोक्ता नहीं है। इसको यदि दर्शन की भाषा में कहें तो कह सकते हैं कि नित्य साक्षी होने से एक ईश्वर है और दूसरा साक्षी न हो पाने के कारण ही जीव है। इसी सत्य का उद्घाटन **'द्वा सुपर्णा'** मन्त्र के **'अश्नन्'** और **'अनश्नन्'** के माध्यम से व्यक्त किया गया है। उक्त सत्य का विस्तृत विवेचन

शोधपत्र में किया जायेगा।

पुरुषविज्ञान की वैदिकीय अवधारणा

डॉ० रामबहादुर शुक्ल
वरिष्ठ प्रवक्ता, स्नातकोत्तर सस्कृत-विभाग
जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू 180006

ऋग्वेद (10-192-3)- यथापूर्वमकल्पयत्, यजुर्वेद (40-8) याथातथ्यतोऽर्थान् शाश्वतीभ्य. समाभ्य., ऋग्वेद (10-90-7-6) का पुरुषसूक्त एव शुक्ल यजुर्वेद के माध्यन्दिन संहिता (30-17) के विवरण पुरुष विज्ञान की वैदिकीय अवधारणा के मूलस्रोत हैं। वास्तव मे पुरुष विज्ञान की वैदिकीय अवस्थिति त्रिक् पर आधारित् है, मन-प्राण-वाक्, सत्त्व-रज-तम, तीनलोक, तीन छन्द, तीन मात्राओं के साथ-साथ इसमें मैत्रायिणी उपनिषद् में विवर्णित ओम् की मीमासा भी सम्पृक्त है।

वेदों में अध्यात्म

डॉ दीनदयाल वेदालकार
प्रवक्ता- गु का विश्वविद्यालय
675, आर्यनगर, ज्वालापुर, हरिद्वार।

वेद मानव मात्र के लिए कल्याणकारी हैं। विश्व सस्कृति के विकास मे वेदो का अद्वितीय योगदान है भारतीय सस्कृति का तो प्राण ही वेद है। आज भी भारतीय समाज वेद ज्ञान से चैतन्य बना हुआ है। आचार्य सायण वेद के महत्त्व को स्पष्ट करते हुए ऋग्वेदभाष्यभूमिका मे लिखते हैं-**इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारस्या- लौकिकमुपायं यो वेदयति स वेद**। अभीष्ट को प्राप्त करने और अनिष्ट से छूटने का जो उपायबोध कराये वह वेद है। महर्षि दयानन्द सरस्वती वेदो को सभी सत्य विद्याओ का पुस्तक स्वीकार करते हैं। वेद ज्ञान, कर्म और उपासना के साथ साथ आधिभौतिक, आधिदैविक एव आध्यात्मिक तीन प्रकार के मन्त्रो से परिपूर्ण हैं। यास्काचार्य इनका विभाजन इस प्रकार करते हैं-**तास्त्रिविध ऋच**। ऋचाये तीन प्रकार की हैं-**परोक्षकृत, प्रत्यक्षकृत और आध्यात्मिक।** आध्यात्मिक मन्त्र उत्तमपुरुषयोगी होते हैं, अहम् इस सर्वनाम से सयुक्त होते हैं। शोध-पत्र मे आध्यात्मिक सूक्तों अर्थात्- प्रजापति स्कम्भ, पुरुष के साथ ईश्वर का स्वरूप, जीवात्मा, पुनर्जन्म, मोक्ष प्राप्ति के उपाय आदि आध्यात्मिक ज्ञान के मूल जो वेदो मे विद्यमान है उन्हीं की प्रस्तुति है।

वेद में योगविद्या

(सुधा सिह) शोध छात्रा

सस्कृत-विभाग, कला सकाय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

वेद मे प्राप्त इन सभी विद्याओ का मूल मुख्यतः योगविद्या' मे सन्निहित दृष्टिगोचर होता हैं, क्योंकि बुद्धि की जिस परम स्थिति पर पहुँचकर इस प्रकार का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है, वह स्थिति योग में ही सम्भव है। जैसा कि यजुर्वेद के इस मन्त्र द्वारा स्पष्ट हैं, जिसमे योगी के लिए कहा गया है-**अन्तस्ते द्यावापृथिवी दधाम्यन्तर्दधाम्युर्वन्तरिक्षम्। सजूर्देवेभिर्वरै· परैश्चान्तर्य्यामे मघवन् मादयस्व॥** (यजु0 7/5) इस मन्त्र का आशय यह है कि हे मधवन् योगी। परमात्मा ने तेरे अन्दर ही सूर्य, पृथिवी, अन्तरिक्ष को स्थापित किया हुआ है। इनमें सयम करने से तुझे इन सबसे सम्बन्धित समस्त ज्ञान प्राप्त हो जाएगा तथा अपने शरीर के अन्दर ही विद्यमान 33 देवताओं का ज्ञान प्राप्त करके अपने से जो न्यून स्थिति वाले हैं और जो अपने से अधिक योगैश्वर्य वाले हैं उनसे अन्तर्मुख होकर उपासना योग मे निमग्न होकर आनन्द प्राप्त करके उन सबको भी परमानन्द का प्रसाद वितरित करके प्रसन्न किया कर।

प्रस्तुत मन्त्र से यह भी स्पष्ट हैं कि मानव शरीर मे ही सृष्टि के सम्पूर्ण तत्त्व निहित हैं। इस देह मे ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियाँ प्रतिनिधिवत् कार्य कर रही हैं। अत यदि इस ब्रह्माण्डरूपी विराट् शरीर मे निवास करने वाले परमपुरुष का ही ज्ञान प्राप्त कर लिया जाए तो सब कुछ ज्ञात हो जाएगा क्योंकि **पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्** (यजु0 31/2) और इसे जानने का मार्ग योग' हैं। इसी विद्या से ऋषियों ने सभी तत्त्वों का साक्षात्कार किया।

वेदों में योग

कमलप्रीत धरनी (शोधच्छात्र)

पजाब विश्वविद्यालय,

चण्डीगढ।

योग भारतीय सस्कृति की प्राचीन विद्याओं में से एक समीचीन सम्पत्ति है। योग ही सर्वोत्तम 'मोक्षोपाय है' यह सर्व सम्मत सिद्धान्त है। योग ऐहिक और आमुष्मिक कल्याण का हेतु है, इसमें किसी प्रकार का भी विवाद नहीं है। भगवान् से मिलने मे योग कर्म, भक्ति व ज्ञान का प्रधान सहायक है। नास्तिक दर्शनों में भी योग को किसी न किसी रूप में मान्यता दी है। धर्म प्रचारकों

तथा दार्शनिकों ने योग का विवेचन अपनी-अपनी दृष्टि से किया है। वेद, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषदों में योग का वर्णन कहीं न कहीं मिल ही जाता है। इनमें योग का स्वरूप कोई विशेष सुनिबद्ध रूप से प्राप्त नहीं होता है। आज भी वेदों में योग का मूल प्राप्त होता है। इसको पतञ्जलि ने ई0पू0 200 के लगभग सुनिबद्ध रूप से प्रस्तुत किया। अष्टाग योग (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि) ब्रह्मरूपी परमात्मा को पाने के लिए सीढियों का काम करते हैं। यही सर्वजीवहितकारी सब सम्प्रदायों के अनुयायियों, उपासको साधको के परम हितकर योग का संक्षिप्त विज्ञान है।

ईशावास्योपनिषद् में कर्मतत्त्व

देवाशु कुमार शोध-छात्र

जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार)

मनुष्य को आत्यन्तिक शान्ति भोगों से प्राप्त नही हो सकती है। यह सर्वमान्य सत्य दुनिया के सभी चिन्तक मानते हैं। इस शान्ति के लिये अनन्त पर की सत्ता में शरणस्थली बनानी ही होगी। उस अन्त पर की उपलब्धि एव मार्ग ही समस्त दार्शनिकों का अटल लक्ष्य रहा है। इस सत्ता का भिन्न-भिन्न मार्ग एव भिन्न प्रकार से अनुभव के कारण अनेक वादों की उत्पत्ति हुई। इस सत्ता का शोध सवर्धन अनादिकाल से होता आया है एव सभी समवेत स्वर से सहमत भी हैं कि इसका प्राथमिक एव प्रामाणिक विवरण वेद ही देता है। वेद अनादि एव मन्त्र अजन्मा है। वेदो को तीन काण्डो में विषय की दृष्टि से विभक्त किया गया है। प्रस्तुत शोध-निबन्ध वेदों के ज्ञानकाण्ड से सम्बन्ध रखता है एवम् जीवन का सरल एव सुगम मार्ग शान्ति के साथ प्रशस्त करता हैं सभी कुछ ईश का है और हम ईश के है पुन अतिक्रमण क्यों? आक्रमण क्यों? केवल ईश की ही प्राप्ति हो जाने से सब कुछ अपना ही तो है। '**शुद्धमपापविद्धम्**' की अवस्था मे आते ही '**को मोह क शोक एकत्वमनुपश्यत** ' की दृष्टि प्राप्त होते ही, सदेह मुक्त होना ही वेदों का प्रथम ज्ञान है एव इसे आज के सासारिक प्रयोगशाला में बुद्व, विवेकानन्द, गाधी आदि महर्षियों ने सफल परीक्षोपरान्त इसकी जयपताका भी लहरायी है। जरूरत है इस पर पुन व्यावहारिकता की। ससार एव समाज दोनो ही इस वैज्ञानिक पद्धति से अपने चरम पर पहुँचेगे। सत्ता का मार्ग एव जीवन का उद्देश्य ही इस शोधपत्र में 'ईशोवास्योपनिषद्' के सन्दर्भ मे इंगित किया गया है।

ईशावास्योपनिषद् में ब्रह्म का स्वरूप एवं कर्मवाद

सत्येन्द्र कुमार सिह (शोध-छात्र)

जयप्रकाश विश्वावद्यालय, छप्परा (बिहार)

ईश्वर की व्यापकता एव निष्काम कर्म का समूल मन्त्र ही ईशोपनिषद् में समाहित कर दिया गया है। गीता के सम्पूर्ण निष्काम योग या ज्ञानयोग एव भक्तियोग का निचोड ईशोपनिषद् है। जिससे मनुष्य को आत्यन्तिक शान्ति प्राप्त होती है। इस सर्वमान्य सत्य को दुनिया के सभी चिन्तक मानते है। शान्ति के लिए अनन्त परम सत्ता में जाना ही होगा। इस सत्य का मार्ग भिन्न-भिन्न होने पर भी ईश्वरार्पण का कोई विकल्प नही है। सभी कुछ ईश का है और हम भी ईश्वर के हैं। पुन. अतिक्रमण, आक्रमण, आक्रोश इनका अस्तित्त्व ही शेष नही रहता। ईशप्राप्ति होने मात्र से ही सब कुछ अपना हो जाता है।

सामवेद में गंधर्व-विद्या

रचना शर्मा

(आध्यापिका) सगीत विभाग

4/4 मैत्रेयी निवास, वनस्थली विद्यापीठ

राज, जिला (टोंक), पिन 304022

वेद, सगीत के उद्गम-स्थल और प्राचीनतम रूप के सरक्षक माने गये हैं। ऋग्वेद मन्त्रद्रष्टा ऋषियों का आर्षकाव्य है, सामवेद ऋग्वेदीय ऋचाओं का सगीतबद्ध सग्रह है। गन्धर्ववेद सामवेद का उपवेद है। वैदिक काल में सामवेद के मन्त्रो से निस्सृत होकर सगीत आज हमारे सामने विभिन्न रूपों में व्यक्त हो रहा है। सगीत का आधारभूत ग्रन्थ गन्धर्ववेद लुप्त माना जाता है, लेकिन नारद, नन्दिकेश्वर, मतग, कोहल, शारगदेव, भरतमुनि आदि विद्वानों द्वारा प्रणीत ग्रन्थों में नाद, ध्वनि एव सगीत शास्त्र विषयक अतुल सिद्धान्त उपलब्ध हैं, जिनके आधार पर गन्धर्व वेद को समझा जा सकता है। गन्धर्ववेद गुरुमुखी विद्या होने के कारण पूर्णतया लुप्त नहीं होने पाया। हमारे पूर्वजों ने अपनी स्मृतियों में जिस सगीत को सुरक्षित रखा था, उन्हे आने वाली पीढियो को मौखिक रूप से विरासत में दे दिया।

मन-मीमांसाः- शुक्ल यजुर्वेद के सन्दर्भ में

डॉ0 निरञ्जन पटेल,

प्रवक्ता-सस्कृत-विभाग,

सरदार पटेल विश्वविद्यालय,

पल्लभ विद्या नगर आणद

शुक्ल यजुर्वेद के 34 वे अध्याय मे शिवसकल्प सूक्त प्राप्त होता है। इस सूक्त मे निरूपित मन्त्र मनोविज्ञान का सार प्रस्तुत करते है। इस सूक्त मे मनोविज्ञान के मूलभूत गूढतत्त्व को काव्यमयी भाषा मे व्यक्त किया है। ऋषि ने अपने मन को कल्याणकारी सकल्पो से युक्त होने की कामना की है। मन के द्वारा ही सभा कर्मेन्द्रियाँ एव ज्ञानेन्द्रियाँ अपने अपने विषयो को ग्रहण करने मे समर्थ होती है। दर्शनो मे निरूपित मन (मीमासा) का मूल वेद है-**तन्मे मन· शिवसंकल्पमस्तु'**। वेद काल का मन शुभ सकल्पो से युक्त होगा व उसे इस जीवन मे किसी प्रकार के दुःख का सामना नही करना पडेगा

तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु

श्रीमती माला प्यासी

सहायक प्राध्यापक सस्कृत

शास महाकोशल कला एव वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर (म प्र)

शुक्ल यजुर्वेद के शिवसङ्कल्प सूक्त मे यह प्रार्थना की गई है कि मेरा मन कल्याणकारी सकल्प वाला हो। वैदिक ऋषियो की धारणा बडी विलक्षण थी, कही वे **सर्वे भवन्तु सुखिन** की बात करते है तो कही मेरा मन शिव सकल्प वाला होवे यह प्रार्थना करते हैं। सगच्छध्व वाले ऋषि की दृष्टि मन के विषय मे आत्मकेन्द्रित सी दिखाई देती है। इस स्वार्थपरक चिन्तन मे एक वैज्ञानिक सच की धारा प्रवाहित हो रही है। शिवसङ्कल्प सूक्त मन के गुण-धर्म के सबध मे निम्न सूत्र देता है-1 मन अजर और अमर है। 2 श्रोत्रादि इन्द्रियाँ बाहर रहती है किन्तु मन प्राणियो के अन्दर रहता है। 3 मन ज्ञान का जनक एव प्रकाशक है। 4 मन इन्द्रियो का प्रकाशक एव आत्मा का दर्शक है। समग्र विश्व में प्रागैतिहासिक काल से लेकर अद्यतन युग तक मन पर एक गहन चिन्तन की समृद्ध परम्परा देखी जाती है। मन के सबध मे भारतीय दर्शन भी पर्याप्त प्रकाश डालते है। आधुनिक विचारको ने तो मन को लेकर मनोविज्ञान अभिधान वाले एक नए शास्त्र का ही गठन कर दिया है अत मन के चिन्तन का नवीन एव महत्त्वपूर्ण सन्दर्भ मनोविज्ञान से भी प्राप्त होता है। इस प्रकार दर्शन औन मनोविज्ञान के सन्दर्भो को लेकर वैदिक वाङ्मय मे मन की अवधारणा एव उसकी शिवसङ्कल्पमयता का प्रकाशन ही प्रस्तुत आलेख का लक्ष्य है।

वैदिक मनस्तत्त्व विमर्श

' बलराम प्रसाद शर्मा

7 हनुमान नगर दुर्ग (छत्तीसगढ)

वेद मन्त्र में सुनिश्चित घोषणा है कि मन ज्योति विशेष है। सभी ज्योति का अग्नि में समावेश है जिसे यजुर्वेद के अन्य मन्त्र में **अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः** (3-9) इस प्रकार कहा गया है। मन से चन्द्रमा की उत्पत्ति को **चन्द्रमा मनसो जात.** इस मन्त्रभाग में सिद्ध किया गया है। अवश्य ही यह चन्द्रमा नामक तत्त्व पृथ्वी के उपग्रह चन्द्रमा से व्यापक अर्थ वाला होगा। वेद में निर्विवाद रूप से मन के सबध में हुई यह विवेचना सबको आकर्षित करने के साथ ही साथ चमत्कृत भी करती है। यह विषय किसी सीमित देश, काल, धर्म, वर्ण अथवा जाति-समूह के लिए नहीं है, अपितु सार्वकालिक एव सर्वव्यापी है तथा प्रत्येक व्यक्ति के मन और बुद्धि को प्रभावित करता है। मन तो प्रत्येक चेतन प्राणी, विशेष करके मनुष्य को अत्यत परिचित लगता है। परन्तु प्राय जनसाधारण यह मान लेता है कि मृत्यु होने पर शरीर के साथ मन भी मर जाता है। यहाँ वेद मे मन को अमर बताकर यह भी घोषणा की गई है कि उसमें भूत, भविष्य और वर्तमान को पूरी तरह पकडने की शक्ति है। इतना ही नहीं मन की गति सबसे तेज है, यहाँ तक कि प्रकाश की गति से भी अधिक है। वस्तुतः प्रकाश की गति नापी जा चुकी है, परतु मन की गति मापना सभव नहीं हो सका है।

संस्कृतवाङ्मयोक्तसंस्काराणां वर्तमानपरिप्रेक्ष्ये उपादेयता

पूजा देवी

शोधच्छात्रा कालिदास अकादमी

(सस्कृत सगीत एव फाईन आर्टस्)

सञ्चारक्रान्तिविज्ञानययोः द्रुतगामि शृखला यया गत्या वर्धमानायते, तत्रैव कस्मिंश्चित् कोणे उपेक्षिता. वैदिकसस्कारा. अद्य मानवस्य पुनराह्वान कुर्वन्तस्सन्ति।

वर्तमान संदर्भ में भारतीय संस्कार

प्रो0 भगवान् देव पाडेय

हिन्दी-विभाग गु0 का0 वि0 वि0, हरिद्वार

वेद ससार के प्राचीन लिखित ज्ञानकोश हैं, मनुस्मृति में बताया गया है कि-वेद का ज्ञाता सेनाओ का सघटन, न्याय व्यवस्था का पालन, राज्य सचालन तथा समृद्ध समाज का निर्माण कर विश्वकल्याण कर सकता है- वेद में वर्ण, आश्रम व्यवस्था तथा इनके कार्यों को व्यवस्थित ढग से बताया गया है, लेकिन सस्कारों के सम्बन्ध में सूत्र स्मृतिकारों, सस्कृत नीतिकारों ने अनेक मार्ग

सुझाते हुए जीवन क्रम को निर्धारित कर सोलह सस्कार बताए है, इनके अतिरिक्त देशकाल एव परिस्थितियो के अनुसार सस्कारो का सृजन होता रहा है सस्कार भारतीय जीवन पद्धति है, जिनसे वर्तमान परिस्थितियो मे सघर्ष की शक्ति अर्जित की जाती है, हमारे सास्कृतिक विकास का कोई स्वरूप नही बन पाया है, जिससे हम आधुनिकता की अधड मे भटकते जा रहे है। आचग्ण का द्वैतता बौद्धिकता का मानदण्ड बन गई है। ऐसे मे हमारे सस्कारो की क्या स्थिति है, इस पर विचार आवश्यक प्रतीत होता है, इन्ही बातो को ध्यान मे रखकर भारतीय सस्कारो की दशा पर विचार प्रस्तुत किया गया है।

सूत्रसाहित्य में जातकर्म संस्कार

देशराज शर्मा (शोध छात्र)

सस्कृत-विभाग, पजाब विश्वविद्यालय

कुन्दन कॉटेज, समर हिल, शिमला

जातकर्म सस्कार नवजात शिशु के शारीरिक-बौद्धिक विकास स्वास्थ्य रक्षा एव आयुष्य की पुष्टि का प्रतीक है। शिशु के जन्म के समय जो सस्कार किया जाता है वह जातकर्म' कहलाता है। यह सस्कार नालच्छेदन से पूर्व किया जाता है। जिसमे स्वर्ण शलाका/चम्मच के साथ नवजात-शिशु को शहद, घी, दही का सम्मिश्रण चटाया जाना अभीष्ट है। जिससे शिशु विवेकी, यशस्वी, दीर्घजीवी एव नीरोग होता है। इसी के साथ आयुर्वेदीय ग्रन्थो मे इस सम्मिश्रण का चटाया जाना वैज्ञानिक आधार माना गया है, जहाँ इसे वात-पित्त एव कफ का उपशामक मानते हुए विविध अनिष्टजन्य सम्भावित दुष्परिणामो से सहज सुरक्षा का प्रतीक माना गया है।

श्रौतयज्ञानां विद्याप्रकाशकत्वम्

वेदव्रत.

वेदा· सर्वसत्यविद्याना प्रकाशका सन्तीति वय मन्यामहे। तत्र चतुर्णामपि वेदाना सर्वासाञ्च शाखाना विज्ञान कर्म-उपासना-ज्ञानकाण्डभेदात् चत्वारो विषया· सन्ति। यथा आधुनिकशिक्षाया विद्याग्रहणस्य प्रकारद्वय तथैव वेदविद्याग्रहणेऽपि शाब्द प्रायोगिकञ्च प्रकारद्वय वर्त्तेते। यतो हि आधुनिकशिक्षाप्रणाली वृत्तिविशेषमधिकृत्य प्रवर्तते तस्मात् सदैव सर्वत्र अशतयौव प्रवर्त्तनात् तस्या प्रायोगिकस्वरूप व्यावहारिकरूपवृत्तिविशेषेण सह स्पष्टतया सम्बध्नाति प्रतिभाति च, तथा वेदविषये नास्ति, यतो हि वेदा. सर्वांसा विद्याना प्रकाशका. सन्ति। तत्र अशतया विद्यायाः प्रकाशन प्रायो न भवति, परन्तु प्रायोगिकप्रकारे प्रतीकरूपेण पदार्थान् क्रियाश्च स्वीकृत्य, शाब्देन प्रकारेण विवृत्य

अनेकविधविद्या प्रकाश्यते, तच्च विवरण नैरुक्तप्रक्रियया निदानगाथादिप्रक्रियया वा भवति। एतस्मात् कारणात् महर्षिदयानन्दसरस्वतीस्वामिभिरुक्तम्-

तत्र द्वितीयो विषय कर्मकाण्डाख्य•, स सर्वः क्रियामयोऽस्ति। नैतेन विना विद्याभ्यासज्ञाने अपि पूर्णे भवत । कुत•? बाह्यमानसव्यवहारयोः बाह्याभ्यन्तरे युक्तत्त्वात्। स चानेकविधोऽस्ति। परन्तु तस्यापि खलु द्वौ मुख्यौ भेदौ स्त., एक• परमपुरुषार्थसिध्यर्थोऽर्थाद्य ईश्वरस्तुतिप्रार्थनोपासनाज्ञापालनधर्मानुष्ठानज्ञानेन मोक्षमेव साधयितुम् प्रवर्त्तते। अपरो लोकव्यवहारसिद्धये धर्मेणार्थकामौ निर्वर्त्तयितु सयोज्यते। (ऋ0 भा0 भू0 वेदोत्पत्तिविषये) अपि च कर्मसपत्तिर्मन्त्रो वेदे कर्मणामग्निहोत्राद्यश्वमेधान्ताना शिल्पविद्यासाधनाना च सम्पत्ति• सम्पन्नता सयोगो भवति येन स मन्त्रो वेदे देवताशब्देन गृह्यते। (ऋ0 भा0 भू0 वेदोत्पत्तिविषये)। अर्थं द्योतयति क्रियारूप ज्ञानरूप वा इति सतो मन्त्राणा देवत्वम् अर्थात् अर्थप्रकाशकत्वमस्ति, स च अर्थ ब्राह्मणग्रन्थेषु पूर्वं ऋषिभिः मुख्यतया कर्मकाण्डम् अधिकृत्य प्रायोगिकरूपेण प्रकाशित•। ब्राह्मणग्रन्थाश्च श्रुतित सरक्षिता , तस्मात् तत्र प्रकाशित कर्मकाण्ड श्रौतकर्मनामधेयम्, स च पुन• कल्प• समर्थनादिति।

एवञ्च श्रौतकर्मकाण्डसाहाय्येन बहव्य. विद्या• प्रकाश्यन्ते। यदि वय वेदविद्याप्रसारयितुकामाश्चेत्, श्रौतयज्ञसस्थाना ज्ञानम् आयोजनञ्च करणीय अस्माभि•। उत्तरभारते तु श्रौतयज्ञा• प्रायः नष्टमूला किन्तु दक्षिणापथे परपरया अद्यावधिरक्षिता सन्ति। विद्यारक्षणे प्रसारे च व्यावहारिकरूपेण तस्या अनुष्ठान प्रकाशनञ्च आवश्यकमिति, स च पुन कल्पसूत्रेषु प्रतिपादित, तेषा व्यवहारप्रतिपादने समर्थत्वात्। तत्र च वेदविद्याया नित्योपयोग । नित्योपयोगत्वात् अभ्यास. तेन च विद्याया. रक्षण वर्धनञ्चेति।

वेदों में यज्ञ विधान

पुरोहित प्रफुल्ल एम वरोडा

सस्कृत महाविद्यालय

एम एस यूनिवर्सिटी वडोदरा, गुजरात।

विद् धातु से धञ् प्रत्यय लगाकर वेद शब्द बना है। विद् धातु का अर्थ है- जानना अर्थात् वेद के विषयों को जानना वेद का विषय है- धर्म (कर्त्तव्य) और अधर्म (अकर्त्तव्य) सत्य और असत्य, स्वरूप और अस्वरूप ये सब वेद के विषय हैं। वेद मे सम्पूर्ण यज्ञों का विधान निहित है। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के प्रथम सूक्त के प्रथम मन्त्र **'यज्ञस्य देवमृत्विजं होतारं रत्नधातमम्'** में यज्ञ को प्रतिपादित करने के लिए बतलाया गया है।

वैदिकयज्ञस्य महत्त्वम्

डॉ धनञ्जय वासुदेव द्विवेदी

हरमू हाउसिग कॉलोनी, राँची (झारखण्ड)

वेदा· खलु ज्ञानराशय.। एतद्देशस्य भारतस्य महत्सौभाग्यमास्ते यत् अत्र विश्वस्य प्राचीनतमममतिविपुल सुसमृद्ध ससारस्य अज्ञानान्धकारापह विश्वकल्याणविधायक वैदिकवाङ्मय विद्यते। विविधविद्याना सकलशास्त्राणा सर्वधर्माणा विश्वसस्कृतीना विभिन्नदर्शनाना कमनीयकलाना च स्रोतांसि वैदिकवाङ्मये विविधयज्ञाना चर्चा पदे पदे दरीदृश्यते। वैदिकसाहित्यस्य महत्त्व सार्वदेशिक सार्वकालिक चास्ते। महर्षिपाणिने. यज-याच-यत-विच्छ-प्रच्छ- रक्षो नङ्' इत्यष्टाध्यायीसूत्रेण 'यज्' धातो· 'नङ्' प्रत्ययसयोगे 'यज्ञ' शब्द. व्युत्पद्यते। 'यज्ञ' शब्दस्य मूलार्थोऽस्ति-देवपूजा-सगतिकरण-दानञ्च। इत्थ यज्ञ विशदार्थे प्रयुज्यते। वस्तुत· कस्यापि देशस्य, समाजस्य, मनुष्यस्य, प्राणिमात्रस्य च कृते यानि कल्याणकराणि श्रेष्ठकर्माणि सन्ति तानि सर्वाणि कर्मजातानि 'यज्ञ' शब्देन व्यपदिश्यते-**'यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म'**। होमादयस्तु शुभकर्मरूपस्य यज्ञस्य एकम् अशमात्रम्। वेदा., वेदाङ्गानि, उपनिषद·, पुराणानि, दर्शनशास्त्राणि, काव्यादीनि च वैदिकयज्ञस्य माहात्म्य बहुश प्रतिपादयन्ति। यजुर्वेदे यज्ञस्य महत्ता इत्थ प्रतिपादिता- **यज्ञेन यज्ञमजयन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यसन्। ते ह नाकं महिमान· सचन्त यत्र पूर्वे साध्या सन्ति देवा.।'**

हविर्यज्ञेषु चातुर्मास्यानि

डॉ शम्भू कुमार झा

यजुर्वेद-ऋग्वेद-साहित्य धर्मशास्त्राचार्य

प्रवक्ता-सस्कृत-विभाग

अखिला. ऋगादिवेदा यज्ञाय प्रवृत्ता.। शुक्लयजुर्वेदस्य प्रथमे मन्त्रे श्रेष्ठतमाय कर्म्मणे दृश्यते। वैदिक आर्याणा प्रशस्यतम कर्म यज्ञ·। आसीत्। मीमासाया· भाष्यकार शबरस्वामी लिखति- यो हि यागादिकमनुतिष्ठति त धार्मिकमिति समाचक्षते। इति न केवल लोके वेदेऽपि यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्म्माणि प्रथमान्यासन्निति यजति शब्दवाच्यमेव धर्मं सम्मानन्ति। दृष्टफलकस्य वेदस्य प्रयोजन यज्ञाना सम्पादनम्। इदानी प्रकृतमनुसृत्य चातुर्मास्य विषये विचारयामि चतुर्मासशब्दात् चातुर्मासाद्यज्ञे ण्यो वक्तव्यः इति वार्तिकेण 'ण्य' प्रत्यये कृते सति चातुर्मास्य शब्द. निष्पद्यते, अर्थात् चतुर्षु भवन्ति चातुर्मास्यानि यज्ञकर्माणि।

यज्ञ और आरोग्य

डॉ0 सुषमा

127/1, राजेन्द्रनगर लेन न0 4, स्ट्रीट न0 4,

देहरादून - 248001

वैदिक ऋषियो को इस बात की पूर्ण जानकारी थी कि आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी, ओषधियाँ, अन्न, रेतस् और अन्नरसमय पुरुष ये शृखलान्याय से परस्पर सम्बद्ध है। इनमे से किसी एक मे भी विकृति उत्पन्न होने पर उत्तरवर्ती प्रत्येक मे अनिवार्यतः अनायास ही विकार उत्पन्न होगा, जिसका परिणाम पुरुष (प्राणिमात्र) को भुगतना होगा। यतः प्राणियो की उत्पत्ति अन्न से होती है, अन्न का मूल पर्जन्य है, पर्जन्य यज्ञ से उत्पन्न होता है, अत. मनुष्य को सुखी जीवन जीने के लिए यज्ञकर्म मे निरन्तर प्रवृत्त रहना चाहिए। यजुर्वेद के ऋषि ने चक्षु, श्रोत्र, कर्ण, वाणी आदि बाह्य इन्द्रियो, मन आदि अन्तरिन्द्रियो की ही नही, अपितु सम्पूर्ण आयुष्य की एव सुखमय जीवन की कल्पना यज्ञ से की थी। सुखमय जीवन जीने के लिए यज्ञ की इस अनिवार्यता को समझकर वैदिक ऋषियो ने यज्ञ और जीवन को अभिन्न माना था तथा ऋतु, मास एव सवत्सर आदि के द्वारा उसकी पूर्णता की कामना की थी। निर्विवाद रूप से स्वीकार किया जा सकता है कि यज्ञ आयुष्य का आधार है। इसे जीवन मे अपनाकर कोई भी मानव न केवल पश्येम शरद शतम् की कामना को पूर्ण कर सकता है, अपितु भूयश्च शरद शतात् की भावना को मूर्त रूप देता हुआ आरोग्यमय जीवन को जी सकता है।

वैदिक-यज्ञीय-संस्थाः तथा तासां प्रभावः

मीमासा विद्वान् श्रौती वासुदेव पराञ्जपे

वैभवम्' स 745, 4 मार्ग

24 तम. उपमार्ग विद्यारण्यप्रम्, मैसूर

वैदिकयज्ञविषयके प्रस्तावे प्रथम यज्ञ शब्दविषये विचारो विधेय.। तेन यज्ञस्य समस्तस्य प्रयोगक्षेत्रस्य परिज्ञान समायाति।

यज-देवपूजा-सङ्गतिकरण-दानेषु इति देवपूजाद्यर्थकाद् 'यज' धातोः भावे नङ् करणात् समुत्पन्नोऽय यज्ञ शब्दः। अतः यज्ञशब्दस्य- देवपूजा, सगतिकरण, दान इति त्रयोऽपि अर्था. सम्भवन्ति। देवेति पूर्वपद पूजेति उत्तरपदम्। **'दिवु क्रीडाविजिगीषाव्यवहारद्युतिस्तुतिमोदमदस्वप्नकान्तिगतिषु'** इति अनेकार्थाद् दिवु धातोः निष्पन्नः दिव्यतीति देवशब्द.। तस्मात् देवशब्दोऽपि बह्वर्थवान्। पूजेति-सत्कारः, योग्यव्यवहारवाचक.। अत. देवपूजा इत्यस्य शब्दार्थ सर्वै सह यथायोग्य व्यवहरण

सत्कारपूर्वकर्मिति भवति।

प्राकृताना पदार्थाना यथोचितमात्रासु तथा सगतिकरणम्, येन प्राणिना कल्याण, उत्कर्षो वा स्यात्, श्रेष्ठाना धर्मात्मना विदुषा सगश्च। स्वय उपार्जितस्य द्रव्यस्य धन-सम्पत्ति-विद्यादीना प्राणिमात्रस्य कल्याणाय उत्सर्जनम्। एव यज्ञशब्दस्य प्रयोगक्षेत्रम् अतिविस्तृतम्। अत्र च द्रव्ययज्ञे एव मनो-वाक्-कायरूपा त्रिकरणात्मिका क्रिया प्रवर्तते। अत· वैदिक-यज्ञेषु द्रव्ययज्ञस्यैव प्राधान्य पश्याम।

वैदिक यज्ञीय संस्थायें तथा उनका प्रभाव

ऋषिकेश श्रीमाली

शोध छात्र, भारतीय विद्याभवन, मुम्बई

वेद अपौरुषेय है और वेद मे यज्ञ होने के कारण ये भी अपौरुषेय एव अनादि है। स्वय साक्षात् विष्णु ही यज्ञमय है। एव यज्ञो का मूल भी वेद है। वेद मे कर्मकाण्ड प्रधान मन्त्र ज्यादा है यह उपासना एव ज्ञान का प्रथम सोपान है। इसी से परमेश्वर की प्राप्ति होती है। यज्ञ के द्वारा ही सृष्टि की उत्पत्ति हुई है, जिसमे सम्पूर्ण सृष्टि के सचलन मे यज्ञ ही प्रधान है। यज्ञ से ही मनुष्य देव बन सकता है। इससे ही प्रेय-श्रेय की प्राप्ति होती है। व्यापक वेददृष्टि से द्रव्यत्यागरुप हवन को ही यज्ञ नही माना है, लेकिन ससार की सभी क्रियाओ को यज्ञ से जोडा है, जिसमे श्रम, भूमि, अन्न सेवा भी यज्ञ मे ही ओत-प्रोत है। यज्ञो मे विशेष 'श्रौतयज्ञ' एव 'स्मार्तयज्ञ प्रधान है।

वेदों में यज्ञीय संस्थाएं एवं उनका प्रवाह

डॉ0 (कु0) अरुण कुमारी सिह

विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र

शास महाकोशल कला एव वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर

साधारण अर्थ मे यज्ञ को एक ऐसी साधारण क्रिया कहा जाता है जिसमे एक विशेष आकार के कुण्ड जो जमीन या धातु का हो सकता है जिसमे अग्नि प्रज्वलित करके समिधाओ को घृत अन्न एव औषधादि मिश्रित सामग्री वेद मन्त्रो के साथ अग्नि मे यजमान द्वारा देवताओ को प्राप्त करने या उन्हें प्रसन्न करने के लिये डाली जाती है, परन्तु यजुर्वेद (5/45) मे इसे हवन कुण्ड से नही जोडा गया। ऐसी धारणा है कि कृत युग के अन्तिम चरण एव त्रेता के प्रथम चरण मे यज्ञ का विधान नही था, परन्तु त्रेता के अन्तिम चरण मे जब लोगो की मेधा शक्ति का ह्रास होने लगा ब्राह्मण एव पिण्डपरक वैदिक विषय समझने मे कठिनाई होने लगी, परस्पर सबध अव्यवस्थित होने लगे, तब पुनः इन्हे समझने के लिये यज्ञरूपक की कल्पना की गयी। वास्तव मे यज्ञीय विधान का

प्रधान वेद यजुर्वेद है। यज्ञ को ईश्वर से जोडते हुये शतपथ ब्राह्मण (1/1/8/8) मे **यज्ञो वै विष्णु** कहते हुये **यज्ञो वै श्रेष्ठतम कर्म** माना है। अत यह कहा जाता है कि वर्तमान समय मे जब हम वैश्वीकरण की तरफ बढ रहे है, हमे यज्ञ को पुन॰ सस्थागत रूप मे स्वीकार करना होग।

वेदों में यज्ञ विधान

पुरोहित प्रफुल्ल एम वरोडा

सस्कृत महाविद्यालय

एम एस यूनिवर्सिटी

वडोदरा, गुजरात।

विद् धातु से घञ् प्रत्यय लगाकर वेद शब्द बना है। विद् धातु का अर्थ है- जानना अर्थात् वेद के विषयो को जानना वेद का विषय है- धर्म (कर्त्तव्य) और अधर्म (अकर्त्तव्य) सत्य और असत्य, स्वरूप और अस्वरूप ये सब वेद के विषय हैं। वेद मे सम्पूर्ण यज्ञो का विधान निहित है। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के प्रथम सूक्त के प्रथम मन्त्र **'यज्ञस्य देवमृत्विजं होतारं रत्नधातमम्'** मे यज्ञ को प्रतिपादित करने के लिए बतलाया गया है। यज्ञ दो प्रकार के होते है-1 श्रौत यज्ञ 2 स्मार्त यज्ञ।

वैदिक यज्ञ का सामाजिक व आर्थिक प्रभाव

डॉ0वी0डी0शर्मा

यजुर्वेद मे विभिन्न प्रकार के यज्ञो की चर्चा की गई है। कर्म के सोपान पर चढने के लिए यजुर्वेद प्रेरित करता है इसलिए इसे कर्मवेद भी कहते है। यजुर्वेद के प्रथम मन्त्र मे कर्म करने का आदेश है। वेदो मे यज्ञ को कर्म (सत्कर्म) का पर्याय माना गया है। आहुति-यज्ञ से पर्यावरण की शुद्धि, सभी रोग-व्याधियो का इलाज, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कीटपतगो, जीवाणुओ एव रोगाणुओ का शमन समय से पर्याप्त वृष्टि व उसके प्रभाव से धन-धान्य मे वृद्धि, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य मे सुधार यज्ञ-कर्म (सत्कर्म) करने से सामाजिक समरसता मे वृद्धि, कर्तव्य भाव के बोध से राष्ट्रिय स्तर पर सामाजिक आर्थिक गतिविधियो मे शुचिता, ईमानदारी, भ्रष्टाचार पर निरोध के साथ ही आर्थिक समृद्धि, राष्ट्रिय एकता, भाई चारा मे वृद्धि के लिए हमारा वैदिक काल का इतिहास गवाह है। उपर्युक्त यज्ञ-कर्म के आधार पर हम विश्व शक्ति, विश्वगुरु रहे है। हम आर्थिक सामाजिक, सास्कृतिक, आध्यात्मिक रूप से विश्व की महाशक्ति रहे है। विश्व के सारे देश चाहे वे आज की महाशक्तियाँ क्यो न हो हमारा पिछलग्गू बनकर हमे धोखा देकर लूटा और हमारी वैदिक

सस्कृति को नष्ट-भ्रष्टकर दिया। हमारे वेदो पर से हमारा विश्वास समाप्त कर दिया और पहले राजनैतिक आर्थिक रूप से और अब तो मानसिक- मनोवैज्ञानिक रूप से भी हमे गुलाम बना लिया है।

अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः

श्री वल्लभ पाठक, उपाध्यापक
श्री वरोडा सस्कृत महाविद्यालय
वडोदरा, गुजरात।

परमात्मा के नि श्वास भूत वेदो की मुख्य प्रवृत्ति यज्ञो के अनुष्ठान स्वरूप है, यज्ञो द्वारा पर्जन्य-वृष्टि के द्वारा ससार का पालन पोषण होता है। इस प्रकार परमात्मा यज्ञो के निमित्त से ही विश्व का सरक्षण करते है, और यज्ञकर्ता को आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभौतिक त्रिविध ताप स्वरूप का आनायास समूल नष्ट होता है तथा सुख आनन्द का अनुभव प्राप्त करता है। वेद वाङ्मय मे यज्ञ आदि का विवरण विदित होता है, इसमे सर्व प्राचीन सस्कृत भाषा है इसमे अतुलनीय ज्ञान राशि वाले चार वेद के स्वरूप प्राप्त है इसके दो विभाग है प्रथम वैदिक वाङ्मय और दूसरा भौतिक वाङ्मय। वैदिक वाङ्मय मे वेद उपवेद ब्राह्मण ग्रथ, आरण्यक, उपनिषद्, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, ज्योतिष, छन्द इत्यादि माने जाते है। जिस प्रकार सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय मे दृष्टिपात करने से भारतीय सस्कृति के भौगोलिक तत्त्व का ज्ञान प्राप्त है उसी प्रकार यज्ञ यागादिक का विवरण भी प्राप्त होता है।

विविध विज्ञान के आदिस्रोत वेद

डॉ विजयवीर विद्यालकार
पूर्व प्राचार्य, पण्डित नरेन्द्रप्राच्य महाविद्यालय, हैदराबाद
उस्मानिया विश्वविद्यालय

कहा जा सकता है कि वेदो मे नाना विज्ञानो का भण्डार भरा पडा है, जिसके खोज की आवश्यकता है, खोज किये जा रहे है, और उन्हे जीवन के विभिन्न क्षेत्रो मे उपयोगार्थ अपनाया जा रहा है। समय की आवश्यकतानुसार भौतिक विज्ञान और यात्रिक प्रगति ने पाश्चात्य विद्वानो को भी वेदो की वैज्ञानिकता को मानने को विवश किया। अमेरिकावासी विदुषी लिसेज ह्वीलन विल्लोकल के अनुसार वेदो मे धर्मतत्त्व के साथ वैज्ञानिक तथ्यो का भी समावेश है। बिजली, रेडियम, एलैक्ट्रानिक्स, विमान (हवाई जहाज) विद्या आदि सब बीज वेदो के द्रष्टा ऋषियो को ज्ञात प्रतीत

होता है।'

वेदों में अणु बृहत्

डॉ0 आशा शर्मा

प्राचीन काल के जिन विज्ञो ने जगत् की प्रतिष्ठा को समझाने मे **असौ लोक** उपनिषदो मे जिसे-**'ऊर्ध्वमूलमधः शाखम्'** और गीता मे कृष्ण भगवान् ने **'ऊर्ध्वमूलमधःशाखम्'** महान् वृक्ष के रूप मे वर्णित किया, उसी का नाम है ससार, और उसका मूल ऊपर की ओर किसी देश मे है। यहाँ तक की आज विज्ञान भी ऊपर की ओर अगुली करता है। कभी कोपर्निकस ने आदित्यमण्डल की ओर अगुली दिखाकर कहा कि इस सूर्य ने ही हमारी पृथ्वी को तथा नक्षत्रो को धारण किया हुआ है। इसी बात को उषस्ति ने कहा था आदित्य ही वह देवता है जिसका गान स्थावर जगम करते है। **सर्वाणि एव इमानि भूतानि।** सूर्य केवल विश्व मे शक्ति सचार के लिये ही है ऐसा नही। सूर्य जड पदार्थों का मर्म खोलता और मोटी मोटी वस्तुओ को भी प्रकाशित करने के साथ, जड पदार्थो के अणुओ के भीतर ये इलेक्ट्रोन जैसी व्यूह रचना कर रहे है। प्रस्तुत शोधपत्र मे अणु और बृहत् का वेदो मे प्राप्त मूल की प्रस्तुति है।

आधुनिकतम सन्दर्भ में वैदिक वैमानिकी

उमेश कुमार सिह शोध छात्र

दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली

Hypersonic X- 43 नामक अमेरिकी विमान की तकनीक एव ऋग्वेद के दशम मण्डल के एक ऋषि अनिल वातायन के द्वारा दृष्ट चार मन्त्रो वाले सूक्त की तुलना के साथ ही अन्य भी सम्भावनाओ पर इस शोधपत्र मे विचार प्रस्तुत किये गए है। ध्यातव्य है कि महर्षि वातायन वैमानिकी के आचार्य रहे है, जिनके द्वारा उपदिष्ट वातायन-तन्त्र का उल्लेख हमे महर्षि भरद्वाज के 'बृहद्विमानशास्त्र' मे प्राप्त होता है।

वैदिक साहित्य में जल सम्बन्धी वैज्ञानिक जानकारी

डॉ0 डी डी ओझा एव एफ एम, गोलानी

भूजल-विभाग, जोधपुर 342003

हमारे वेद न केवल आध्यात्मिक ज्ञान वरन् विज्ञान के अपार स्रोत हैं। वेदो मे निहित जानकारी पूर्णतया विज्ञान सम्मत है तथा इस कारण पाश्चात्य वैज्ञानिक भी इस ज्ञान को अपनी भाषा

मे प्राप्त करने हतु लालायित रहते हैं। वैदिक ग्रन्थो मे जल को उत्पत्ति, महत्त्व, जल चक्र, गुणवत्ता, प्रदूषण, सरक्षण, जल सचयन एव उपयोग के बारे मे विस्तृत जानकारी सुलभ है। अथर्ववेद के अनुसार वेदो मे ऑक्सीजन के लिए अग्नि, मित्र, वैश्वानर अग्नि और मातरिश्वा आदि शब्दा का प्रयोग हुआ है तथा हाइड्रोजन के लिए सोम, आपः, सलिल आदि शब्दो का प्रयोग हुआ है। जल मे अग्नि तथा सोम दोनो ही विद्यमान है। यजुर्वेद तथा शतपथ ब्राह्मण मे जल चक्र का वैज्ञानिक ढग से निरूपण किया गया है। अथर्ववेद मे जल के विविध प्रकारो का वर्णन है जो शरीर विज्ञान की दृष्टि से भी उपादेय है। ऋग्वेद के मन्त्रो मे सृष्टि की उत्पत्ति का कारण भी जल को बताया है। अथर्ववेद की ऋचा मे जल के भैषजीय गुणो का भी विवेचन किया गया है। आयुर्वेद के अनेकानेक ग्रन्थो मे भी जल के औषधिय गुणो का भी वर्णन मिलता है। प्रदूषण, जो वर्तमान सभ्यता का लाभाश है, के रोकने तथा जल एव वायु को प्रदूषित नही करने के स्पष्ट निर्देश कई वैदिक मन्त्रो मे निहित है। जल सचयन हेतु तालाब, कुए आदि जल स्रोतो के निर्माण एव रख रखाव के निर्देश भी वैदिक साहित्य मे मिलते है। अत निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि वैदिक ग्रन्थो मे निहित जानकारी विज्ञान सम्मत है और उसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे नितान्त आवश्यक है।

आर्य-सभ्यतायां युद्धविज्ञानम्

डॉ0 जर्नादन प्रसाद पाण्डय

साहित्याध्यापक

वी0 यन्0 मेहता सस्कृत महाविद्यालयप्रतापगढस्थ (उ0 प्र0)

कस्यापि राष्ट्रस्य रक्षा तद्देश्यीयनृपतिवर्गेष्वाधारिता तिष्ठति। नृपतयश्च राज्यसचालनार्थं, प्रजाना परिपाललनार्थ राष्ट्रमण्डलस्य निर्माण कुर्वन्ति।1 यतो हि राष्ट्रसरक्षण तेषा मुख्यो धर्मो भवति। राष्ट्रसरक्षणाभावे प्रजासु स्वेच्छाचारिता वर्धते। यथोक्त महामुनिना मनुना-**अराजके हि लोकेऽस्मिन्सर्वतो विद्रुते भयात्। रक्षार्थमस्य सर्वस्य राजानमसृजत्प्रभु ॥** ऋग्वेदे राजसचालनार्थं राजसभाया 'व्यवस्था त्रिधा भवतीति परिज्ञायते। एका राजार्यसभा तत्र विशेषतो राजकार्याणि भवेयु। द्वितीया-आर्यविद्यासभा तत्र विशेषतो विद्याप्रचारोन्नतिरेव भवति। तृतीया आर्यधर्मसभा तत्र विशेषतो धर्मोन्नतिरधर्ममहानिश्चोपदेशेन कर्तव्या। परन्त्वेतास्तिस्त्रस्सभा सामान्ये कार्येमिलित्वैव सर्वानुत्तमान् व्यवहारान् प्रजासु प्रचारयेयुरिति। (1 ऋग्वद अध्याय 3 उद्धृत ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका पृष्ठ-236)

वेदवर्णित संहारक अस्त्र-शस्त्र

अमल चनद्र राय वेदालकार,

गुरुकुल कागडी, विश्वविद्यालय।

वेदो मे शान्ति और प्रेम का सन्देश भी दिया गया है और युद्ध तथा मारक अस्त्र-शस्त्रो का वर्णन भी है। इस विरोधाभास का परिहार यह है कि युद्ध का बिगुल उन आततायी आतकवादियो के लिए बजाया गया है, जो शान्ति की भाषा नही समझते। वेदवर्णित प्रमुख अस्त्र-शस्त्र अप्वा, अग्नेस्त्र, पायव्यास्त्र, पर्जन्यास्त्र, तामसास्त्र, समोहनाम्त्र, ब्रह्मास्त्र, वज्र, पाश, ऋष्टि, धनुष-बाण, सकृ, हेतिवाशी, परशु, नेमि, कुलिश स्वधिति, मेनि आदि है। इसी प्रकार आकाशीय अरमान (बम) और विकराल अस्त्रो का भी वेदो मे वर्णन मिलता है। इस शोधपत्र मे सहारक अस्त्र शास्त्रो का विशद वर्णन प्रस्तुत है।

वैदिक खगोल भौतिकी आकर ब्रह्माण्डीय सृष्टि

महेन्द्र कुमार मिश्र

रीडर श्री वार्ष्णेय कॉलेज, अलीगढ

सृष्टि विज्ञान के विवरणो से भरपूर वैदिक वाङ्मय पुराण और महाभारत आदि खगोल भौतिका के आधार ग्रन्थ है। प्राचीन भारतीय विज्ञान को सर्वप्रथम महात्मा बुद्ध ने आहत किया। प्रस्तूयमान शोध निबन्ध मे सृष्टि की आदिम अवस्था क्षोभ, सम्पीडन, अन्तरिक्ष, वायु, अग्नि, आप सूर्य, ग्रह नक्षत्र आदि की सृष्टि पर वैदिक खगोल शास्त्रीय पक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। सस्कृत विज्ञान के अनुसार विद्युत् के शुष्क (नेगेटिव) आग्नेय एव आर्द्र (नेगेटिव) आप तत्त्व है। वैदिक मनीषा मानती है कि सूर्य के ताप का कारण आप परमाणु है। आप का दिव्य बनना और अन्तरिक्ष का मरुत् चक्र एव उससे उत्पन्न वैद्युत् चुम्बकीय क्षेत्र की उत्पत्ति एव इसी के प्रभाव से अयस्मयी पृथ्वी भी चुम्बकीय बनती है। आशाओ और दिशाओ आदि का कर्म और परिधियाँ आज भी अज्ञात है। द्यौ और भू का नैकट्य तद्नु इनका दुरगमन अन्तः इनका दृढण आदि आज भी विज्ञेय है प्रस्तुत शोध पत्र मे खगोल भौतिकी के ऐसे ही कुछ पक्षो पर वैदिकी मनीषा का उद्घाटन किया जायेगा।

विज्ञानगत मूल सूत्रों की व्याख्या एवं आर्यों द्वारा उनकी क्रियान्विति:

रीना सिह (शोध-छात्रा)

सस्कृत-विभाग

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

ज्ञान को प्रकट करने वाले न्यूनतम शब्दो का छन्दोबद्ध समूह ही मन्त्र है, जिसका प्रत्येक शब्द सारगर्भित है। वेदो मे न केवल धर्म दर्शनादि है अपितु विज्ञान के वे तत्त्व भी निहित है जिनका

वर्तमान मे प्रयोग हो रहा है। प्राचीन ऋषि वैज्ञानिक वर्तमान ज्ञान-विज्ञान के नियमो से परिचित थे। जिसे सूत्रबद्ध वेदो मे सकेतित किया गया है।

विज्ञान में प्रतिपादित समानता व असमानता की वैदिक विवेचना

प्रो वेद प्रकाश शास्त्री
आचार्य एव उपकुलपति
डॉ आर डी कौशिक प्रोफेसर, रसायन
गुरुकुल काँगडी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वैदिक साहित्य के अनुसार मानव जगत् मे समानता हेतु नियम बनाए गये, फिर भी वेद के अनुसार असमानता रहती है। कार्य करने का अधिकार सभी को समान रूप से प्राप्त है, परन्तु कर्मफल का दाता ईश्वर है तथा उसी के नियम प्रकृति के नियम है। अत कर्मफल मे समानता नही है। मैक्सवेल व वोल्ट्जमेन की साख्यकीय सम्भावना गणना पर आधारित एव बाद मे प्रयोगो द्वारा सिद्ध किया गया, सूक्ष्म कणो के मध्य ऊर्जा व गति वितरण भी इसी वैदिक असमानता के अनुरूप है जिससे समाज मे- निम्न, मध्यम व उच्चवर्गों की उत्पत्ति होती है। विज्ञान मे प्रतिपादित यह असमानता वैदिक साहित्य मे वर्णित बिन्दुओ के अनुरूप है।

वेदों में विज्ञान के मूलसूत्र

डॉ0 कमलश कुमार

चत्वारि शृंगा त्रयोऽस्य यादा· .. . ॥' (ऋग्वेद 1 1) जैसे मन्त्रो मे यज्ञ, काव्य, व्याकरण, इत्यादि अनेक शास्त्रीय ज्ञान-विज्ञान के सकेत घटाए गये है। इस प्रकार के उपक्रम से वेद मे तत्तत् शास्त्रो के ज्ञान का विज्ञान ढूँढा गया है। पूर्व काल मे हुए ऐसे प्रयत्नो मे प्राय किसी एक या एकाधिक सम्पूर्ण मन्त्र या मन्त्रो को लेकर उसमे निहित ज्ञान-विज्ञान को देखने-दिखाने का प्रयत्न हुआ है। हमने इस विषय मे एक दूसरी दृष्टि से विचार किया है। वेद का भाषा के रूप मे अध्ययन करने पर पता चलता है कि यहाँ प्राय सभी मन्त्रो मे पादान्त वाक्य की योजना है। यह स्वीकार कर ऐसे वाक्यो मे स्वतन्त्र विचार बिन्दु मानकर पूर्व पर आने वाले वाक्यो से उसका कोई सकलित अर्थ न भी बन सके, तो भी उस मे ज्ञान-विज्ञान के सूत्र देखे जा सकते है। उदाहरण के रूप म **'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा.।'** (यजुर्वेद अ 40 1) इसको ही लेवे। इसका पूर्वापर वाक्यो से कोई सम्बन्ध न रख कर, इसे एक स्वतन्त्र वाक्य मान लिया जाय, और फिर उसे अनूदित किया जाय, तो **'त्याग के द्वारा अनन्तर भोग करे।'** यह सन्देश प्राप्त होता है। यह विचार सन्देश आयुर्वेद या चिकित्साशास्त्र

का प्रथम मूल मन्त्र है। इसे कई रूप से घटाया जा सकता है। यह दिनारम्भ के क्रियाकलाप का मार्गदर्शक-सूचक वाक्य है। प्रत्येक मनुष्य को दिन के प्रारम्भ मे प्रथम त्याग (अर्थात् शौच क्रिया) तथा बाद मे भोग (अर्थात् भोजन-पानादि क्रिया) करने के 'स्वास्थ्यसरक्षकसूत्र' तथा प्रथम रोग का त्याग तदनन्तर भोग (अर्थात् रोग के रहते भोग निषेध) का भी इस वाक्य मे सूचन होता है। ऐसे कई विचार इस लेख मे प्रस्तुत है।

काण्व-प्राकृतिक-प्रयोग-विज्ञानम्

डॉ0 लक्ष्मी चन्द्र शास्त्री
वेदवाचस्पति निदेशक
वैदिक-शोधसस्थान कण्वाश्रम
कोटद्वारम् (246149)

शुक्लयजुर्वेदसंहिताअप्रतिरथ-मेधातिथिप्रभृति काण्वर्षिभि प्रोक्ता काण्व सहिता एवेति विश्वविश्रुतम्। विश्वस्य प्रथमा सभ्यता 'विश्ववारा सस्कृति ' यजुर्वेदे (7 14) प्रस्तुता। 'वह्नय पावयन्तु' इति प्राकृतिकप्रयोग विज्ञानसूत्रम्। भवितव्याना द्वाराणि भवन्ति सर्वत्रेति सार्वदेशिक प्रचार। तापसतरु समिद्वन्तो वह्नय., यज्ञवेदि परित सस्तीर्णदर्भा॰ क्लृप्तधिष्ण्या॰ हव्यगन्धै दुरित अपघ्नन्त होतम्रणा परिक्रमावसरे पावयन्ति विश्व इति काण्वाना-प्राकृतिक-प्रयोग-विज्ञानम्।

काण्वीया वैदिकाश्रमनिवासिन सर्वे जना तापसा। सप्तपर्णवेदिका, माधवीलतामण्डपम्, वनज्योत्स्ना, सहकार , समिदाहरण-वृक्षाणामालवालपूरणे च नियुक्ता ब्रह्मचारिण , आज्यधूमोद्गमेन किसलयरुचा भिन्नो राग नदी सैकतलीनहसमिथुना. वानप्रस्था॰, गौरी-गुरो पावना पादा आश्रमे निषण्णा हरिणा , शाखालम्बितवल्कला सन्यासिन , कृष्ण-मृगस्य वामनयन कण्डूयमाना गृहस्थिन एकत सूर्योदय., अपरत चन्द्रास्तगमन, इत्थ तेजोद्वयस्य युगपत् व्यसनोदयाभ्या लोक आत्मदशान्तरेषु नियम्यत इवेति प्रतीयते।

विद्युदूर्जाक्षेत्रे वैदिकवाङ्मयस्य योगदानम्

डॉ0 नवलता, रीडर,
विक्रमाजीतसिहसनातनधर्म महाविद्यालय, कानपुर

ऊर्जाशक्ते वर्तमानयुगे विद्युत् मानवजीवनस्यापरिहार्याङ्गत्वेन कल्प्यते। शक्तिचालितानि यन्त्रोपकरणानि दैनन्दिनजीवनत आरभ्य विश्वस्तरीयप्रकल्पाना शरणमिव सञ्जातानि। निरन्तर वृद्धि गता

जनसड्ख्या, भौतिकजीवनदृष्टिः, वैश्विकविकासस्य ब्रह्माण्डोद्भेदिपरिकल्पनाया. व्यापकस्वरूपमित्येतत्सर्वं साध्यसाधनाभावेऽनुक्षण समस्याक्रान्तमिव दृश्यते। ऊर्जाशक्तेरापूर्त्यनुकूल, विशेषत पर्याप्तपरिमाणे विद्युन्निर्माणस्य ससाधनानामभाव. वैज्ञानिकाना चिन्ताविषयो वर्तते।

सन्दर्भेऽस्मिन् विद्युद्विज्ञानस्य नूतनसरणौ तत्सम्बन्धिमूलसिद्धान्तानामुपेक्षणेन तद्विषयकवर्तमानाना मनागतानाञ्च समस्याना समाधाने वैदिकवाड्मस्य कीदृग्योगदान वर्तते, भवितुमर्हति चेति विचार्य विद्युच्छक्तेः मूलाधारत्वेन वैदिकाग्ने· स्वरूपविश्लेषणमस्मिच्छोधपत्रे कृतमस्ति। प्रसङ्गेऽस्मिन् छान्दोग्योपनिषद मूलाधारत्वेन वैदिकाग्ने स्वरूपविश्लेषणमस्मिच्छोधपत्रे कृतमस्ति।

वेदे कृषि विज्ञानम्

डा0 सुधा बाजपेयी

ए-2 बटलर पैलेस कालोनी,

लखनऊ 226001

वेद· सर्वसत्यविषयाणा कोषो मन्यते तथा रीत्या कृषिविज्ञानस्यापि वेदेषु सम्यक् निदर्शन लभ्यते। भूमे कर्मण· बीजारोपण सिचनम् प्रभृत्य कृषिकर्माणि यत्र तत्र वैदिकवाड्मये वर्णितानि। एतेन परिज्ञायते यत् वैदिका कृषिकर्मस्य वैज्ञानिक परिचय रक्षन्ति स्म अथर्ववेदो विशेषेण कृषिकर्मणा परिचय कारयति, अनेन निश्चयो जायते यत् आथर्वणा. ऋषयः कृषिकर्मविषये वैज्ञानिकीमवधारणा विकासयितु समर्था· समभवन्।

संस्थायी कृषि विकासः वैदिक कृषिचिन्तन

डॉ0 नीरज शर्मा

प्रवक्ता एव यू जी सी रिसर्च अवार्ड फैलो

जी डी गवर्मेंट गर्ल्स कॉलेज अलवर(राज0)

कृषि-सम्बन्धी विभिन्न आयामो पर वैदिक वाड्मय मे पर्याप्त, सूक्ष्म किन्तु व्यापक विचार प्राप्त होते है। कृषि कर्म का महत्त्व, भूमि और वर्गीकरण, जलससाधन तथा सिचाई, कृषि-उपकरण, खाद-बीज तथा उर्वरता, फसल सरक्षण तथा पोषण, वृक्ष-वनस्पति, वृष्टिविद्या, आदि अनेक विषयो पर प्रसगत विवेचन उपलब्ध होते है। ये सभी विवेचन प्रकृति की विराट् शक्तियो के मौलिक महत्त्व के अधीन ही प्रायोज्य है तथा यही सस्थायी कृषि के विकास का जन्म होता है। वैदिक कृषिपद्धति शताब्दियो तक हमारी परम्पराओ मे सुरक्षित रही है। तकनीकी तथा प्रौद्योगिकी क्रान्ति ने उत्पादन को

चरम स्थिति तक पहुँचाया है, किन्तु इसने अधिकाधिक उत्पादकता के सघर्ष से गुणात्मकता ह्रास के साथ घोर पर्यावरण-पारिस्थितिकी सकट भी उपस्थित कर दिया है। रासायनिक उर्वरक प्रतिवर्ष हजारो हेक्टेयर भूमि को बजर, अनुर्वर तथा क्षारीय बना रहे है। निरन्तर सूखते जलस्रोत, बढता-तापमान, अनियमित वृष्टि, खाद्यो मे आ रहे कीटनाशी तत्त्व इसी क्रान्ति की ही देन हैं। प्रस्तुत विषय के सन्दर्भ मे परम्परा के इन अनुदेशो के पालन की आवश्यकता है और इसी आवश्यकता की पूर्ति के लिये वैदिक वाड्मय के मार्ग से गुजरना अपरिहार्य है।

वेदः कृषि के विकास के मूल स्रोत

डॉ0 देवेन्द्र सिह सोलकी

रीडर एव अध्यक्ष सस्कृत सजय गाँधी पी जी कॉलिज

सरूरपुर (मेरठ) उ0प्र0

कृषि मानव जीवन के मूल उद्देश्यो मे अन्यतम है, क्योकि प्राणो का पर्याय कहलाये जाने वाले अन्न की उत्पत्ति केवल कृषि कर्म से ही सम्भव है। प्राचीन काल मे हमारे ऋषियो ने वेद के माध्यम से खराब, अनुपजाऊ, बजर, उसरीली एव पथरीली भूमि को किस प्रकार उपजाऊ बनाया जा सकता है, इस तथ्य को भलीभाति सीखा था। वेदो मे स्थान-स्थान पर कृषि से सम्बन्धित मन्त्र भरे पडे है। अथर्ववेद मे कृषि सूक्त मन्त्रो मे किसान को विभिन्न विशेषणो से अलकृत किया गया है और उन्नत कृषि यन्त्रो एव बीज द्वारा खेती करने का आदेश दिया गया है। वर्षा हरित क्रान्ति का मूल आधार निकामे-निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न औषधय पच्यन्ताम्, यजु 22/22 के द्वारा उक्त कथन की पुष्टि की गई है। वेद मे भूमि सस्कार का सरल उपाय यज्ञ बताया गया है। वेद मन्त्र मे वर्णित है कि यज्ञ के माध्यम से पृथ्वी को सामर्थ्यवान् बनाना चाहिए। कृषि योग्य भूमि मे नित्यश प्रात साय यज्ञ करना चाहिए क्योकि यज्ञ से वनस्पतियो को लाभ व भूमि मे उत्पादन वृद्धि कृषि के लिए हानिकारक तत्त्वो का ह्रास एव पर्यावरण मे शुद्धता एव फसलो का उचित समय पर पकना आदि कृषि के लिए आवश्यक सभी कार्य उचित- रूप से निष्पन्न होते है। यज्ञ मे मन्त्रोच्चारण से कृषि को लाभ होता है, साथ ही यज्ञ राख (भस्म) का भी कृषि की उन्नति मे महत्त्वपूर्ण योगदान होता है।

वेदों में कृषि कर्मः एक अध्ययन

डॉ0 सगीता शर्मा

(जम्मू)

खेतो के माप का भी वर्णन ऋग्वेद मे मिलता है। वैदिक काल के कृषि-कर्म के प्रकारो पर दृष्टिपात करने से स्पष्ट प्रतीत होता है कि उस समय कृषि आज की भाति होती थी। खेत को हल से जोतकर बीज के योग्य बनाया जाता था। उनके उपजाऊ न होने पर खाद डालने की व्यवस्था थी। खाद के लिए गाय का गोबर (करीष) काम मे लाया जाता था। पक जाने पर हँसुआ से काटते थे, तथा खलिहान मे लाकर भूमि पर माँडते थे, जिससे अनाज डठल से अलग हो जाता था। अनाज को भूसे से अलग किया जाता था। इसे करने वाले व्यक्ति को धान्यकृत कहते थे। बर्तनो से नापकर कोठिलो मे रखते थे। नापने वाले बर्तन को ऊर्दर' कहते थे। तथा उस बडे घर को जिसमे अनाज इकट्ठा रखा जाता था, स्थिवि कहते थे। बोये जाने वाले अनाजो के नाम मन्त्रो मे मिलते है। कृषि की रक्षा के लिए भी मन्त्रो का प्रयोग किया जाता था। वैदिक कृषिकर्म मे बीज बोने की विधि, सिचाई की व्यवस्था, उपज काटने की प्रक्रिया व पशु-पालन इत्यादि का वर्णन शोध-पत्र मे विस्तार से किया जाएगा। वैदिक कालीन कृषि के इस सक्षिप्त वर्णन से विदित होता है कि कृषि प्राचीन आर्यों की सम्पन्नता, समृद्धि एव महिमा की प्रतीक थी।

वेदेषु भूगर्भविज्ञानं सूचनाश्च

डॉ0 श्रीमती कुमुदिनी
रीडर-भारती कालेज
जनकपुरी सी-4 नई दिल्ली-58

वैज्ञानिकयन्त्राभावेऽपि ध्यानानुभवमात्रेण वैदिकमनीषिभि भूगर्भविषयका. बहवः सिद्धान्ता. सूचनाश्च प्रतिपदिता.। ते सर्वे प्रामाणिकाः वैज्ञानिकदृष्टिकोणेन समीचीना.। वेदेष्वनेकविधधातूना बहुमूल्यखनिजाना वर्णन तथा च स्फटिकाश्माभ्रकसीसाचन्द्रस्वर्णञ्जनलौहायस्केत्यादीना धातूना विभिन्नमन्त्रेषु सूचना लभ्यन्ते। प्रमुखत शोधपत्रेऽस्मिन् भूगर्भविज्ञान सूचनाश्च वर्णयिष्यन्ते।

कृषिविज्ञानक्षेत्रे वेदानां योगदानम्

डॉ0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय मणि
वरिष्ठ प्राध्यापक , सस्कृत विभाग , राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
लैंसडौन, पौडी-गढवाल, उत्तराचल

वेद· सर्वविधज्ञानविज्ञानकोषो विश्वस्येति प्रसिद्धसारस्वत सवादस्तदाऽत्यन्त समीचीनता बिभर्ति यदा जीवनस्य मुख्याऽऽधारभूताऽन्नाद्युत्पादनविषये महत्त्वपूर्णनिर्देशरहस्य स्वमुखेनाभिव्यनक्ति। **'अक्षैर्मा दीव्य कृषिमित् कृषस्व'** इति निगदन्ती ऋग्वेदऋचाऽवान्तरकालीनब्राह्मणग्रन्थपर्यन्ता कृषिकर्मणो

वैज्ञानिकी व्याख्यामुद्भावयति। **'योनौ वपतेह बीजम्, नेदीय इत्सृण्य पक्वमेयात्'** इति पक्तिद्वये उर्वराया भूमौ लागूलरेखाकितायामान्तर- पक्तिमध्ये बीजवपन करणीय तदैव सुष्ठु बीज शस्यसम्पत्ति प्रदास्यतीति, तथा च सर्वथा पक्वमेव शस्य मर्दनार्थं कर्तनीयमिति निगदित वर्तते। लागूलकर्षण-वृषभसयोजन-जलसिचन-उर्वरकप्रक्षेपण-कीटादिनिवारणसम्बन्धिन्यो वैज्ञानिका व्यवस्था: सर्वप्रथम विश्वस्मिन् वेदपुरुषकुक्षौ जनिमवापु:। पुनश्च तस्या. प्रचारा. प्रसारा. परिष्काराश्चानुदिन सजाता। शतपथब्राह्मणे तु कर्षण-वपन-लवण-मर्दनरूपे कृत्यचतुष्टये समग्रोऽतिकृषिव्यापारो निरूपित. सम्यक् नियमानुरूप:। वर्षर्तौ बीजवपन शरदृतौ शस्यकर्तनम्, पुनश्च शीतर्तौ बीजवपन ग्रीष्मर्तौ शस्यकर्तनमिति वारक्ष्य शस्योद्गमनमिति व्याख्यात। इदानी कृषकजगत् तामेव व्यवस्था विधिनिषेधनियमै· सह स्वीकृत्य प्रचलति। वेदाना क्षेत्रपतिदेवताऽद्यापि तथैवाभिभासते।

वैदिक-परमाणुविज्ञानम्

डॉ0 शिवशकर मिश्र

व्याख्याता (सर्वदर्शन)

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय

सस्कृत विद्यापीठ, नईदिल्ली 17

परमाणुविषयक चिन्तन सहिताब्राह्मणारण्यकोपनिषद्ग्रन्थेषु यत्र तत्र विशृखलित रूपेण प्राप्यते, विशेषत उपनिषदि एतस्य बहुधा विवेचनम्। सम्प्रति निखिलेऽस्मिन् विश्वे परमाणुविषये नूतनातिनूतनान्वेषण क्रियते आधुनिकविज्ञानकविदै। नास्तीदानी परमाणु चरमतम तत्त्वमपितु तन्मध्ये प्रोट्रॉन-न्यूट्रॉन-इलैक्ट्रॉन एतत्त्रिविध तत्त्वाना समवाय. इति विज्ञातम् इत्यग्रे भवत्यनुसन्धानम्। वैदिकपरमाणुविज्ञान भारतीयविज्ञानविदुषा कृते अद्यापि अन्वेषणीयम्। किमसौ परमाणु जगत उपादानकारणम्? किमसौ सूक्ष्मतम: पदार्थ? किमेते गुणवन्त निर्गुणा वा? किमेतन्नित्यमनित्य वा? सादिरनादिर्वा एतत्सर्वं शोधपत्रे वैशद्येन विवेचनीयम्।

वैदिकसंहितासु वास्तुकला

डॉ मीरा द्विवेदी

रीडर, सस्कृत-वैदिकाध्ययन-विभाग

वनस्थलीविद्यापीठम्, टोक (राज)

भारतीयसभ्यतासस्कृतेर्मूलाधारा वेदा एव विद्यन्ते।

धर्मसस्कृतिसाहित्यभाषेतिहासज्ञानविज्ञानकलाना- माधारीकृत्यैतेषा महत्त्व पौरस्त्यपाश्चात्त्यमनीषिभिर्निर्विवादमुररीकृतम्। प्राकृतिकशक्तिसौन्दर्येणाभिभूतैर्वैदिकर्षीभ· कलाक्षेत्रेऽपि स्वप्रतिभाया ललितविलासा. सदर्शिता·। फलत· कारुकलाना (जीवनोपयोगिनीना) चारुकलाना (ललितकलाना) च बहूनि निदर्शनान्युपुलभ्यन्ते सहितासु। ललितात्मकचारुकलामध्ये वास्तुमूर्तिचित्रसगीत- काव्यकलान्तरे च वास्तुकलाया महत्त्वमसंदिग्धमस्ति। क्षेत्रेऽस्मिन्नप्यवलोकयितु शक्यते तात्कालिकजनाना परिष्कृता रुचिमनेकेषु सहितामन्त्रेषु। यद्यपि शास्त्रभूता वास्तुनिर्देशा न दृश्यन्ते तत्र तथापि कलात्मकदृशा या काश्चित् सामग्रय: प्राप्यन्ते ताभिरुत्तरवैदिककाले कल्पादिग्रन्थेषु मानसारमानसोल्लाससमरागणसूत्रधारापराजितपृच्छाप्रभृति- शिल्पशास्त्रग्रन्थेषु च वर्णिताया वास्तुशास्त्रीयपरम्पराया विकासोऽभूदित्यत्र नास्ति काचित् विप्रतिपत्ति·।

समासेन कथयितु शक्यते यत् वैदिकसहितासु विकसितवास्तुकलाया· सुस्पष्टानि निदर्शनानि निहितानि। उत्तरवैदिककाले विकास प्राप्ता इयमेव वास्तुकला शनै. शनै. शास्त्रोन्मुखी जाता। गृह्यसूत्रेषु शास्त्रीयविधानानुसार वास्तुकर्ममगलयागपरीक्षाभूचयनकाष्ठहरणञ्चेत्यादिविविधावास्तुविषया कर्मकाण्डीय-विधानपुरस्कृता प्रोक्ता। सहितासु वर्णिता वास्तुकलैवैतेषामादर्शीभूता आसीदित्यत्र नास्ति सशीतिलव।

वेदेषु वास्तुविज्ञानम्

डॉ0 हरिप्रसाद पाण्डेय

वेदेषु वास्तुविद्या विषयिकी पर्याप्तचर्चा दृश्यते। वैदिकयुगे वास्तुशास्त्रस्य महत्त्वपूर्णं स्थानमासीत्। **'नम वास्तव्याय च वास्तुपाय'** शुक्लयजुर्वेदे रुद्राष्टाध्याय्या द्रष्टु शक्यते। अनेनेद ज्ञायते यत् तस्मिन् युगे वास्तुविद्याया व्यापकत्वमासीत्। वास्तुदेवताया. पूजा-अर्चना-जप-हवनादिकर्माणि अद्यापि गृहे सुखशान्ति धनधान्य-अभिवृद्ध्यर्थं च क्रियते। वेदे वर्णिता एव वास्तुदेवता रूपेण प्रसिद्धि प्राप्तवान् इति वक्तु शक्यते।

विश्वकल्याणाय वैदिकविज्ञानस्य विज्ञापनम्

डॉ0 के सत्यनारायण
प्रवाचक तेलुगु-सस्कृतविभाग
आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय
आन्ध्रप्रदेश. (भारतम्)

धर्मार्थकाममोक्षरूपचतुर्विधपुरुषार्थसाधनेनैव जीवनलक्ष्यसिद्धि भवति। एतत् पुरुषार्थसाधनाय

वैदिकसाहित्यमनवरतमुपयुज्यते। वसुधैव कुटुम्बकमिति उत्पन्नभावना एव विश्वकल्याणाय प्रमुखबीज भवति। एतादृशानि बीजानि वेदेष्वनेकत्रोपलभ्यन्ते विविधमन्त्रेषु। विश्वकल्याणाय विश्वप्रेमपरिवर्धन, कर्तव्यनिर्वहण, आरोग्यपरीक्षण, स्त्रीणामादरण, न्यायमार्गेण धनोपार्जन, जागृतेः वर्धनसकल्पशक्तेः, उदारता, सत्यभाषण, सत्सगम. सुपथगमनमित्याद्यशाः सर्वदोपयुक्ताः भवन्तीति वैदिकसाहित्य विज्ञापयति। एते अशाः वेदेषु विविधमन्त्रेषु सुष्ठु वर्णिताः। एव सर्व मङ्गलकामिता समुपदेशतत्परता प्राक्तनता विविधविषयविचारतादिगुणैस्त्रिष्वपि कालेषूपशोभित वैदिकविज्ञान सर्वदा सर्वथा विश्वकल्याणाय उपकरोतीति विविधैर्मन्त्रैः शोधपत्रे निरूप्यते।

वेदेषु पक्षीणां सूक्ष्मजीवानाञ्च विचारः

डॉ0 (श्रीमती) छायारानी,

वरिष्ठ प्राध्यापक एव अध्यक्ष सस्कृत-विभाग

राज0 स्नात0 महावि0 अगस्त्यमुनि,

रुद्रप्रयाग (उत्तराचल)

अस्य शोधपत्रस्य विषय पशु पक्षीणा सूक्ष्मजीवाना विचारस्यानुसार वेदेष्वाद्यसृष्टौ मानवजीवनमपि जीवविशेषवर्गे अस्ति। अत एव मानवजीवनमपि अध्ययनक्षेत्रे वर्णितम्, तत्पश्चाज्जन्तूनामध्ययनमपेक्षितम्।

वेदों मे पक्षी एवं सूक्ष्मजीवों का विचार

डॉ0 रमेशचन्द्र मुरारी

सस्कृत एकेडमी द्वारका,

गुजरात-361335

सृष्टि मे चतुर्वर्ग की उत्पत्ति बतायी है (1) उद्भिज (2) स्वेदज (3) अण्डज (4) जरायुज। इन मे पक्षी तथा सूक्ष्मजीवो की चर्चा यहाँ की गयी है- सर्व प्रथम नभचर जीवो मे असख्य पक्षियो का वेद वाङ्मय मे नामोल्लेख है। इसी प्रकार वर्तिका, श्येन, बाज, हस, कपिञ्जल, कृष्णशकुण, उलूक (उल्लू) के विषय मे गहन रूप मे कहा गया है-**यदुलूको वदति .. ... .। यस्य दूत प्रहित एष एतत्तस्मै यमाय नमोऽस्तु मृत्यवे।** (ऋ 10/166/4) यहाँ उलूक को यम का भविष्यवक्ता दूत कहा गया है, यह पक्षीमृत्यु की सूचना देता है-**तस्मै यमाय नमोऽस्तु मृत्यवे।** कपोत, चकवा, तोता (शुक) गीध, मधुमक्खी, की चर्चा अति सूक्ष्म रूप मे की गयी है। पतङ्ग,

मूषकादि, टिड्डियो से अन्न की रक्षा करने की सूचना अथर्ववेद 6/50/2-3 मे व्यवस्थित रूप मे दी गयी है। (ऋ 10/97/1)

अथर्ववेदे-ओषधिविज्ञानम्

डॉ0 सुदेश गौतम

सस्कृत-विभागाध्यक्ष

डी ए वी. कालेज कोटरबाई, शिमला पिन-171202

अथर्ववेदमार्युर्वेदस्य पितरौ स्थानभूत तथ्यमिदम् सर्वविदिमस्ति। अस्मिन् वेदे बहुविधचिकित्सादिना वर्णन मिलति, यथा-सूर्यकिरणचिकित्सा, नीरचिकित्सा, अग्निचिकित्सा, मृदाचिकित्सा, मणिचिकित्सा, योगचिकित्सा, ध्यानचिकित्सा, यज्ञचिकित्सा शल्यचिकित्सा, व्रतोपवासचिकित्सा, प्राकृतिकचिकित्सा परश्च सर्वेषा चिकित्साविधीनामोषधिचिकित्सा प्रथममास्पद लभते। एषारोग्यलाभ पद्धतिः सर्वसामान्यसुलभास्ति परञ्चास्य ज्ञान न तादृश सुलभ अस्या. ज्ञानाध्यनेन साक प्रयोगविज्ञानस्य समयस्थानस्य चातुरस्य दैहिकशक्ते· ज्ञानमवश्य भवितव्यम्। ओषधि शब्दस्य निष्पत्ति ओष्+धा+कि, स्त्रिया डीप् अपि वा उष्+घञ् वात्र ओष, (दाहे) च धेट् पाने धातो सयोगेन भवति भावोऽस्य यत् देह दाहका ये रोगा· शरीर दहन्ति तान् रोगान् ओषधि धयति चूषति, प्लोषति वा। अस्मिन् शोधसाराशे तासामोषधीना प्रयोगविधि. तथा रोगनिवारणस्य वर्णन नामोल्लेखपूर्वक सम्पूर्ण शोधपत्रे करिष्यामि।

अथर्ववेद में चिकित्सा सिद्धान्त

दीप्ति रस्तोगी (शोध छात्रा)

सस्कृत-विभाग,

वनस्थली विद्यापीठ (राज)

मनुष्य को अपने जीवन मे पुरुषार्थ चतुष्टय का भली प्रकार निर्वहण करने हेतु महत्त्वपूर्ण है कि वह अपने शरीर को स्वस्थ व नीरोगी रखे। इसके लिए चिकित्साशास्त्र का ज्ञान आवश्यक है। अथर्ववेद मे सृष्टि के आरम्भ मे ही इस शास्त्रविषयक ज्ञान का उपदेश दे दिया गया है। इसके अन्तर्गत-शरीर रचना विज्ञान, रक्त प्रवाहचक्र का वर्णन, जलचिकित्सा, सूर्य की किरणो से चिकित्सा, रोगजनक कृमियो को सूर्य-किरणो तथा अग्नि-ताप द्वारा नष्ट करना एव विभिन्न रोग निवारक औषधियो का वर्णन, पुत्रदा औषधि आदि वर्णन दिये गए है। अथर्ववेद मे जन्म के कारण, जन्म व जन्म के बाद की प्रक्रिया एव नीरोगी शरीर हेतु विभिन्न चिकित्सा सिद्धान्तो का वर्णन किया गया है

जिनका आज भी आयुर्वैदिक चिकित्सा विधि के अन्तर्गत प्रयोग किया जा रहा है।

वेदों में चिकित्सा विज्ञान

डॉ0 शक्ति कुमार शर्मा शकुन्त
वरिष्ठ शोध अधिकारी साहित्य सस्थान
जनार्दनराय नागर राज विद्यापीठ उदयपुर (राज0)

अथर्ववेद के कौशिक सूत्र मे रोगो के दो विभाग किये गये हैं-(1) आहार-निमित्तज रोग और (2) अन्य जन्म-पाप निमित्तज रोग। आहार निमितज रोगो की चिकित्सा औषधियो से, अन्य जन्म पाप निमित्तज रोगो की चिकित्सा मन्त्र, हवन, दान आदि से कही गयी है। अथर्ववेद मे रोग को उत्पन्न करने वाले कृमियो को मारने की चर्चा भी की गई है। रोगो के वर्गीकरण मे अभुज, शुष्म और वातज रोगो की चर्चा भी है, अभुज का अर्थ सायण ने कफज व शुष्क का अर्थ पित्तज किया है।

अथर्ववेद में आयुर्वैदिक चिकित्सा एवं ओषधि-निरूपण

प्रो मुरारि वि भट्ट
शामलदास कालेज
भावनगर गुजरात

आयुर्वैदिक चिकित्सा का मूल स्रोत वेद है। धन्वन्तरि ने वेद से उत्पत्ति बतायी है। सुश्रुत के प्रारम्भ मे वेद शब्द का प्रयोग आया है। तथा च सुश्रुतारम्भे- **अथातो वेदोत्पत्तिमध्याय व्याख्यास्याम**। महर्षि चरक आयुर्वेद को शाश्वत मानते है। **सोऽयमायुर्वेद शश्वतो निर्दिश्य तेऽनादित्वात् स्वभावससिद्धिर्लक्षणत्वात् भावस्वभावो नित्यत्वाच्च।** (च सु अ 30) 'आयु' का ज्ञान जिस शिल्प से प्राप्त किया जाता है, वह आयुर्वेद है। उसकी व्याख्या-**आयुरस्मिन् विद्यते अनेन वा आयुर्विन्दति आयुर्वेद.**। ऋग्वेद के षष्ठ मण्डल मे **पुनश्च्यवान् चक्रथु युवानम्** उल्लेख है। वेदो मे शिव को प्रथमो दैव्यो भिषक् कहा है तो पुराणो मे **आरोग्य भास्करादिच्छेत्** कहकर सृष्टि को आरोग्यप्रद कहा है।

वेदों में स्वास्थ्य-विज्ञान एवं जीवन-पद्धति के मूल तत्त्व

यतेन्द्र दत्त अमोली

योगविज्ञान-विभाग, देव सस्कृति विश्वविद्यालय
शान्तिकुज, हरिद्वार-249411

प्रस्तुत शोध मे वेदो मे जिस स्वास्थ्यविज्ञान एव जीवनपद्धति की चर्चा करने का हमने प्रयास किया है, वह वेदो से ही नि.सृत हुए आयुर्विज्ञान का वह पहलू है, जिससे मनुष्य मे विराट् के झरोखे खोलने की सामर्थ्य आती है। मनुष्य पृथ्वी माता के वक्षस्थल पर निवास करता है और केवल इस मर्त्यलोक से ही अभिज्ञ है। परन्तु इससे बहुत ऊँचाई पर एक अतिचेतन लोक है, जहाँ दिव्य लोक, प्रकाशमय गुहा मे अवस्थित है। मनुष्य की जाग्रत चेतना के उपरितलीय सस्कारो के नीचे एक अवचेतन या निश्चेतन लोक है और सब वस्तुओ को गर्भरूप मे धारण करने वाली उस रात्रि से लोक-जैसा कि वह उन्हे देखता है, उत्पन्न हुए है। किन्तु ऊपर के ज्योतिर्मय समुद्र तथा नीचे के इस अधकारमय समुद्र के बीच स्थित इन अन्य लोको के विषय मे तथ्य क्या है? ये यहाँ अस्तित्त्व रखते हैं। मनुष्य प्राणजगत् से अपनी प्राणमय सत्ता को और मनोमय जगत् से अपनी मन सत्ता को ग्रहण करता है। वह सदा ही इनके साथ गुप्त आदान प्रदान करता रहता है। यदि वह चाहे तो सचेतन रूप से इनमे प्रवेश कर सकता है और इनके अदर उत्पन्न हो सकता है। वेदो मे वर्णित स्वास्थ्यविज्ञान एव जीवनपद्धति के नवीन आयामो से परिचित होकर ही हम यह जान पाएगे कि यह साकेतिक चर्चाए जीवन के किस स्वास्थ्य को समझाने का प्रयास कर रही है? एव जिस जीवनपद्धति का वर्णन वेदो मे किया गया है, उनसे किस प्रकार जीवन की अन्योन्यतम उपलब्धि को पाया जा सकता है? यही प्रस्तुत शोध की विषय वस्तु होगी।

वैदिक साहित्य में वानस्पतिक चिन्तन

डॉ0 सन्ध्या
जम्मू

भारतीय सस्कृति के इतिहास मे वेदो का स्थान गौरवपूर्ण है। भारतीय आचार-व्यवहार, रहन-सहन, धर्म-कर्म, को भली-भाँति समझने के लिए वेदो का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है। वेदो से ही हमे वैदिक सस्कृति का ज्ञान होता है। वैदिक साहित्य मे पर्यावरण चिन्तन का प्रतीक है, उसका प्रकृतिवादी चित्रण। वैदिक युग मे प्रकृति पूजा का विधान था। वैदिक साहित्य मे पर्यावरण से सम्बन्धित पृथ्वी, आकाश, सूर्य, समुद्र, नदियाँ, सभी से सम्बद्ध ऋचाएँ वैदिक-साहित्य मे पर्यावरण बोध कराती है। यजुर्वेद का यह मन्त्र कितनी सुन्दरता के साथ हर तत्त्व के लिये शान्ति कामना करता है- **ॐ द्यौ. शान्तिरन्तरिक्ष शान्ति· पृथिवी.....शान्तिरेधि।'**

अथर्ववेद मे आयुर्वेद के सिद्धान्त तथा व्यवहार के अनेक महनीय जिज्ञास्य तथ्य है। इनके

अनुशीलन से औषध के विषय मे अनेक उपयोगी तथ्य प्राप्त होते है जो पर्यावरण-सम्बन्धी परिचय देते है। महत्त्वपूर्ण यह है कि सभी औषधियाँ वनस्पति से प्राप्त होने वाली है। ऐसी वनस्पतियो का वर्णन भी मिलता है जो रात्रि मे प्रकाश देती थी। ज्योतिष्मति, सजीवनी, रुदन्ति, सोमवल्ली आदि ऐसी ही दुर्लभ वनस्पतियाँ थी। अनेक औषधियो तथा वृक्षो की प्रशसा मे भी मन्त्र मिलते हैं। इन्द्र और वृत्र युद्ध अकालरूपी दानव के ऊपर विजय की वर्षा का प्रतीक है। यहाँ भी पर्यावरण का महत्त्व स्पष्ट होता है।

झारखण्ड में प्रयुक्त औषधियाँ-एक समीक्षा

क्षितीन्द्र कुमार सिह, कुमार बीरेन्द्र एव आशा गुप्ता

केन्द्रीय खनन अनुसधान सस्थान, धनबाद, (झारखण्ड)

मनुष्य एव पेड पौधे सदियो से एक दूसरे के पूरक ही है। मानव की मानसिक एव शारीरिक जरूरतो के साथ-साथ उनके आरोग्य उपचार के वाहक पौधे ही होते है। भारत के सर्वप्राचीन ग्रन्थ ऋग्वेद मे उल्लेख मिलता है कि वनौषधियो के माध्यम से आश्विनी देवो ने परावृत का अधापन दूर किया था। ऋग्वेद का नौवा मण्डल वनस्पति को समर्पित है, जिसमे रोगो को दूर करने एव प्रतिरोधक क्षमता बढाने की अद्भुत शक्ति थी प्राचीन काल मे हिन्दू लोग ऋषि मुनियो आदि को देशज दवाओ की पर्याप्त जानकारी थी। स्वतन्त्रता के बाद 1947 से भारत सरकार ने इस दिशा मे अधिक रुचि दिखाई। जिससे औषधियो पर आधारित उद्योग-धधे किये जाने लगे, ताकि इस पर विशेष अनुसधान एव व्यापक खोज-बीन की दिशा मे प्रगति की जा सके। झारखण्ड प्रदेश यानि-झाड-झखाड से आच्छादित प्रदेश, तरुण लता बल्लरियो का प्रदेश। झारखण्ड की जलवायु कर्क रेखा के कारण सुखद मनोरजक और निवास के ख्याल से आकर्षक है।

ऋग्वैदिकारोग्यम्

डॉ0 रामजियावन पाण्डेय.

रीडराध्यक्षः, सस्कृत-विभागस्य,

डॉ0 रामलो0-अवधविश्वविद्यालय-त्रिलोकनाथ-स्नातकोत्तर-महाविद्यालयस्य,

टाँडा-224190 (अम्बेडकरनगर, उ0प्र0)

मया ऋग्वेदस्य मन्त्रेषु आयुष्यसन्दर्भाः बहुश. प्राप्ता. येषु वायुजलवनस्पतीनामुपभोगे रोग-निवारणस्य स्वास्थ्य-लाभस्य च निर्देशः सामान्य। का कथा साधारण-चिकित्सायाः कृत्रिमाङ्गरोपणस्यापि चिकित्सा विकसितासीत् वैदिकयुगे। युद्धे अङ्ग-क्षतिषु लौहजङ्घायाः प्रत्यारोपणाय

अश्वियुगलदेवाना पुरोहितेन कृता प्रार्थना वैदिकयुगीनस्य कृत्रिमाङ्ग-प्रत्यारोपण-दक्षता प्रमाणयति। (ऋ0 1/176/15)

ऋग्वेदस्य-01/116/16 मन्त्रेऽश्विनाभ्यामन्धत्व-निवारणाय पित्रा विषगिरेण शप्तय ऋजाश्वाय नेत्र-दान वैदिकयुगीननेत्र-प्रतिष्ठापनस्य सङ्केत करोति। एवमेव ओषधि-विज्ञान-दक्ष-कृमिभूतराक्षसदलन-क्षमभैषज्ञ-समूल-रोगनाशकद्रव्यवैद्यवर्णनेनोत्कृष्ट-शल्यौषधिदक्ष-चिकित्साया प्रमाण मिलति। स्वास्थ्याय वैयक्तिकस्वच्छतावश्यकी इति वैदिकै: ऋषिभि नख-कर्त्तन-क्षौर-स्वच्छ-श्वेतवस्त्र-धारणस्नानादीनाम् अनिवार्यतया सहैव सद्विचाराणमिपि प्रावधान कृतम्। कायिक-मानसिक-पवित्रतायाः विशेषोल्लेख. स्वास्थ्य प्रति तेषा जागरूकता रेखाङ्कयति, यतो हि तप स्वस्थेनैव शरीरेण सम्भाव्यते न तु रुग्णेन। कृमिभिरेव रोगा जायन्ते, विस्तार्य्यन्ते, अतो हि तेषामुन्मूलनाय श्वेतसर्सप-निम्बपत्र-घृत-सैन्धवै. प्रात: साय हवन विहितम्। ऋग्वेदे ओषधिमातृत्वेन वर्णिता-या ओषधी पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रियुग पुरा।

आथर्वणी चिकित्सा

डॉ0 सोमदेव शताशु

प्रवाचक· सस्कृत-विभागे,

गुरुकुल कागडी विश्वविद्यालये, हरिद्वार (उत्तराचल)

सर्वज्ञानमयेषु वेदेषु चिकित्साविज्ञान सविस्तर प्रतिपादितम्। आयुर्वेदो हि नाम अथर्ववेदस्य उपवेद·। अथर्ववेदे विविधाचिकित्साविधयो वर्णिता.। ता च आसुरीमानुष्यो दैवी चेति त्रिविधा। थर्वतिश्चरतिकर्मा तदभावत्वम् अथर्वत्वम्। चिन्ताचाञ्चल्यनिरोधजयोगवृत्त्या मन्त्रजपहोम प्राणायामध्यानादिसाधनै या क्रियते सा आथर्वणी आम्नायते। एषा दैवी चिकित्सा आरोग्यप्रदममृतत्त्वप्रदायिनी च वर्तते।

शरीरमाद्य खलु धर्म साधनम् इत्युक्त दिशा स्वस्थशरीरमेव धर्मार्थकाममोक्षाणा मूलसाधनम्। वेदेषु सर्वविधरोगनिवृत्तिपुरस्सर स्वास्थ्यलाभाय अनेके दिव्योपाया: वर्णिता । अथर्ववेदे विविधचिकित्सा विभिन्नचिकित्सापद्धतय प्रपञ्चिता.। अथर्ववेदे चतुर्विधचिकित्साविधीनामुल्लेखो दृश्यते अथर्ववेदीयचिकित्सासु यज्ञचिकित्सापद्धतिरन्यतमा। एताम् अग्निचिकित्साऽपि कथ्यते। अस्या यज्ञाग्नौ विविधौषनधीनाम् आहुतिप्रदानेन विविधा. रोगा· नश्यन्ति। अथर्ववेद उक्तम् **अग्नि कृणोतु भेषजम्** यज्ञाग्नौ सुगन्धितद्रव्याणि केशरकस्तूरी चन्दनादिपुष्टिकारकाणि घृतदुग्धफलान्नादीनि मिष्ठानि शर्कराक्षुधाहरद्राक्षादीनि रोगनाशकानि-अमृता-गुग्गुल-अपामार्गादीनि हूयन्ते। एतज्जन्यधूमेन पर्यावरण सुरक्षित वाययुमण्डलञ्च पवित्र भवति। एव यज्ञाग्नौ विविधौषधीना होमेन धूमरूपेण

औषधीयद्रव्यप्रयोगेण अनेक रोगाः निवर्तन्ते शरीर नीरोगञ्च भवति।

वैदिकसंहितासु शल्यचिकित्सास्वरूपः

प्रीति सिन्हा

उपाचार्य सस्कृत

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

वेदेषु विज्ञानसन्दर्भे चिकित्साशास्त्रस्य अतिविकसितरूपः दरीदृश्यते। अस्यान्तर्गतवेदेषु अनेकविधा चिकित्सा वर्णिता. सन्ति यथा प्राकृतिकचिकित्सा, सूर्यकिरणचिकित्सा, अग्निचिकित्सा, जलचिकित्सा, मन्त्रचिकित्सा, होमचिकित्सा, श्वासचिकित्सा, वनस्पतिचिकित्सा, शल्यचिकित्सादय.।

वैदिक-वाङ्मय में आयुर्वेद

डॉ0 रामचन्द्र गुप्त

स्वामो-गुप्ता औषधालय

चौक-टाण्डा अम्बेदकर नगर

वेद के मन्त्रो मे देवतावाद है। प्रत्येक सूक्त का कोई न कोई देवता होता है। जिस सूक्त मे जिस देवता की प्रार्थना हो, वह उसका देवता होता है। इस प्रकार से अग्नि, आप आदि देवताओ के समान रुद्र आदि देवता हैं, उनके ही साथ अश्विनौ भी देवता हैं। अश्विनौ का मुख्य सम्बन्ध चिकित्सा-विज्ञान के साथ है। अश्विनौ ने वैदिक देवताओ की चिकित्सा की थी। (चरक चि 12/4/44)

ऋग्वेद मे आयुर्वेद - चिकित्सा का सम्बन्ध यद्यपि अथर्ववेद से अधिक है तथापि ऋग्वेद मे आयुर्वेद के आचार्यो का उल्लेख है। ऋग्वेद के ऐसे आचार्य मुख्यत दिवोदास और भारद्वाज है। इनसे शल्य और काय चिकित्सा का प्रचार पृथ्वी पर हुआ है। इन्होने उसे इन्द्र से सीखा, इन्द्र ने अश्विनौ से सीखा था। इसलिए दिवोदास, भारद्वाज और अश्विनौ इन तीन का ही नाम मन्त्रो मे आता है। (ऋग्वेद 1/8/11)

वेदों में शरीररचना शास्त्र

डा प्रज्ञना जोगेश जोशी

लेक्चरर महर्षि वेद विज्ञान अकादमी

अहमदाबाद, गुजरात, भारत

अगो सहित शरीर का वर्णन शरीरविज्ञान अथवा शरीर-रचना शास्त्र' कहलाता है। इसका ज्ञान वास्तव मे प्रयोगिक रीतियो द्वारा अगो का छेदन कर शरीर से अलग कर के होता है। इस प्रकार वह जीवविज्ञान की एक शाखा है। आयुर्वेद का मूल आधार शरीर-विज्ञान है। चिकित्सा के लिए सर्वप्रथम शरीर के सभी अगो और उनकी विशिष्ट क्रियाओ का ज्ञान होना आवश्यक है। अथर्ववेद मे इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है।

अथर्ववेद (10/2) मे मनुष्य के सिर से लेकर पैरो तक शरीर के मुख्य मुख्य सब अगो और प्रत्यगो का वर्णन किया गया है। चरक संहिता (4/6/6) ने 360 हड्डियाँ मानी है। अथर्ववेद (10/8/4) मे भी 360 अस्थियो का उल्लेख हुआ है। एक अन्य सूक्त (2/33) मे भी अवरोह से शरीर के अगो का नामोल्लेख हुआ है। इस सूची मे बाहर से अद्रश्य हृदय, चकृत आदि अगो का भी परिगणन किया गया है। अथर्ववेद (1/17/3) मे दोनो प्रकार की नाडियो (धमनियो और शिराओ) का उल्लेख है और उनकी सख्या क्रमश एक सौ और एक सौ बतायी गयी है। एक स्थल पर आठ मन्त्रो का उल्लेख है, जिसे सायण ने गर्दन की नसे कहा है। अन्य स्थलो पर स्नायु का निर्देश है। इतना ही नही आयुर्वेदीय ग्रन्थो मे वर्णित सात मूल धातुओ (रस, रक्त, मास, मेद, अस्थि, मज्जा, शुक्र) का निर्देश भी हुआ है। इस के अतिरिक्त गर्भविज्ञान और प्रसवशास्त्र का भी अथर्ववेद मे सविस्तार वर्णन हुआ है। इस प्रकार प्रस्तुत लेख मे वेदो मे उल्लेखित शरीररचना शास्त्र के बारे मे सविस्तार सप्रमाण चर्चा की गयी है।

वेदों में आयुर्वेद

डॉ0 जीवन आशा

डी ए वी कालेज जालन्धर (पजाब)

आयुर्वेद परम्परा और आगम शुद्धि-अमृत की तरह सब रोगो के नाश करने वाले सर्व हितकारी अविनाशी आयुर्वेदामृत का स्मरण कर ब्रह्मा जी ने दक्ष प्रजापति को, दक्ष प्रजापति ने देवताओ के वैद्य अश्विनी कुमारो को और अश्विनी कुमारो को इन्द्र ने दिया। तदनन्तर इन्द्र के आयुर्वेद ज्ञान के परिपूर्ण हो जाने पर धर्म, अर्थ काम, मोक्ष इनमे विघ्न डालने वाले रोगो से बचाने के लिए महात्मा धन्वन्तरि भारद्वाज आदि द्वारा इसको ग्रहण किया गया। इसका प्रयोजन स्वस्थ मनुष्य के आरोग्य की रक्षा करना, और रोगी व्यक्ति के रोग से मुक्त करना है।4 इसके आठ अङ्ग माने गये हैं- काय चिकित्सा, बाल, ग्रह, ऊर्ध्वाङ्ग, शल्य, द्रष्ट्रा, जरा, वृष। चरक ने आयुर्वेद को शाश्वत कहा है क्योकि जब से आयु का प्रारम्भ हुआ तब से जीव को ज्ञान हुआ तभी से आयुर्वेद की सत्ता

प्रारम्भ होती है5 सुश्रुत ने यहाँ तक कहा कि ब्रह्मा ने सृष्टि के पूर्व ही आयुर्वेद की रचना की।6 आचार्य चरक एव सुश्रुत ने आयुर्वेद को अथर्ववेद के रूप मे माना है परन्तु कश्यप ने आयुर्वेद को ही पञ्चम वेद का है।

वेदेषु सूर्यरश्मिचिकित्सा

डॉ0 उमा रानी त्रिपाठी
ल वि वि लखनऊ

वेदेषु चिकित्साविज्ञानस्य वर्णन प्राचुर्येण सदृश्यते। अथर्ववेदस्तु भैषज्यविज्ञानस्य मूलस्रोत एव वेदेषु प्राकृतिकचिकित्साविषय अत्युपयोगी सामग्री वर्तते। प्राकृतिकादिचिकित्सापद्धतीना सूर्यरश्मिचिकित्सा विशेषतया उल्लेखनीया। वेदेषु सूर्यः स्थावरजङ्गमात्मकस्य विश्वस्य आत्मा इति वर्ण्यते- **सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च** (ऋ0 1/115/1, यजु0 7/42, अथर्व0 13/2/35, तैत्ति0स0 1/4/43/1)। मन्त्रोऽय ऋक्-यजुरथर्व-त्रिष्वेव वेदेषु उपलभ्यते। अनेन मानवजीवनस्य कृते सूर्यस्य महत्त्वमनिवार्यतया दरीदृश्यते। प्रश्नोपनिषदि "सूर्य" प्राण प्राणानाम् (1/6) अर्थात् प्राणिना प्राण - जीवनाधायक॰ सजीवनीशक्ति प्रोक्त। मत्स्यपुराणे समुदीरितम् यत् आरोग्यकामाया सूर्य एव शरण नान्येति-**"आरोग्यं भास्करादिच्छेत्"**। अतस्तु वैदिका॰ ऋषय सूर्योपासना सूर्यनमस्कार वा विशेषतया आदिश्यन्ते।

आयुर्वेद में सूर्य-किरण-चिकित्सा

भावना शर्मा (शोध छात्रा)
सस्कृत-विभाग
पजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ।

चरक ने आयुर्वेद का लक्षण दिया है- **'आयुर्वेदयति इति आयुर्वेद.।'** जो आयु का ज्ञान कराता है वह आयुर्वेद है। (वेदो मे आयुर्वेद, पृ0 4) सुश्रुत का कथन है कि जिसमे आयु के हितकर और अहितकर तत्त्वो का विचार हो और जो दीर्घ आयु प्राप्त कराता है, वह आयुर्वेद है।' रोगी को रोग से मुक्त करना और स्वस्थ के स्वास्थ्य की रक्षा करना, ये ही दो आयुर्वेद के मुख्य प्रयोजन है। इसमे आयुर्वेद से सबद्ध कई चिकित्सा विषयो का वर्णन प्राप्त होता है। इन्ही विषयो के आधार पर मेरे शोध का विषय प्राकृतिक चिकित्सा मे सूर्य-किरण-चिकित्सा है।

प्रकृति मनुष्य के लिए वरदान है। प्रकृति के सभी तत्त्व पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, सूर्य, चन्द्र आदि किसी न किसी रूप मे मनुष्य का हित करते है। इनमे भी सूर्य की किरणो का योग

अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। सूर्य को इस चराचर जगत् की आत्मा कहा गया है। सूर्य रोगो को दूर करता है। सूर्य रोगो को दूर करने के साथ ही बुद्धि को भी शुद्ध करता है और ज्ञान की वृद्धि करता है। वेदो मे उदय होते हुए सूर्य की किरणो का बहुत महत्त्व बताया गया है। उदय होता हुआ सूर्य मृत्यु के सभी कारणो को नष्ट करता है। उदय होते हुए सूर्य से अवरक्त (हल्की लाल) किरणे निकलती है। इन लाल किरणो मे जीवनी शक्ति होती है और रोगो को नष्ट करने की क्षमता होती है। इसलिए ऋग्वेद मे कहा गया है कि उदय होता हुआ सूर्य हृदय के सभी रोगो को, पीलिया और रक्ताल्पता को दूर करता है। प्रात.काल सूर्याभिमुख बैठकर सध्या करने का यही रहस्य है कि अवरक्त किरणो के प्रभाव से व्यक्ति सर्वदा नीरोग रहेगा। सूर्य का प्रकाश शरीर के लिए अनिवार्य है। सूर्य की सात किरणो से सात प्रकार की ऊर्जा प्राप्त होती है। सूर्य की किरणे मृत्यु से बचाती है, सूर्य रोग के कीटाणुओ का नाशक है। सूर्य से जल, वायु आदि स्वच्छ रहते हैं। सूर्य की सात प्रकार की किरणो को सात रग का कहा है- बैगनी, गहरा नीला, आसमानी, हरा, पीला, नारगी, लाल। इन सात रगो को मिलाने पर सफेद रग बनता है। दवा बनाने के लिए उसी रग की काच की साफ बोतल मे पीने का शुद्ध पानी भरकर 6 से 8 घटे धूप मे रखने से दवा तैयार हो जाती है।

वेदों मे सूर्यस्तुति कल्याणकारक एवं रोगनिवारक

डॉ मधु अग्रवाल

रीडर एव अध्यक्ष (सस्कृत-विभाग)

रानी भाग्यवती देवी महाविद्यालय

बिजनौर (उ0प्र0)

सूर्य सम्पूर्ण विश्व के प्रकाशक ज्योतिर्मय नेत्र है जगत् की आत्मा है और प्राणिमात्र को सत्कर्मों मे प्रेरित करने वाले देव है। देवमण्डल मे इनका अन्यतम एव विशिष्ट स्थान इसलिए भी है क्योकि ये जीवमात्र के लिए प्रत्यक्षगोचर है। ये सभी के लिए आरोग्य प्रदान करने वाले एव सर्वविध कल्याण करने वाले है। अत समस्त प्राणधारियो के लिए स्तवनीय है वन्दनीय है। पृथ्वी से भी अधिक उपकारक भगवान् सूर्य है। अत हमारे पूर्वज ऋषि-महाऋर्षियो ने श्रद्धाविभोर होकर सूर्यदेव की स्तुति प्रार्थना और उपासना के सुन्दर मन्त्रो की उद्भावना की है। शोधपत्र के लघु कलेवर की सीमा के कारण कतिपय चयनित मन्त्रो को उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत किया जा रहा है। वैदिक ऋषियो ने सूर्य की स्तुति, उपासना एव प्रार्थना से प्राणधारियो का विशिष्ट कल्याण देखा और सूर्य को विशेष रूप से कतिपय रोगो का निवारण करने वाला पाया। जिनमे सूर्य को मुख्यत हृदय रोग व पीलिया रोग निवारण करने वाला माना गया है। सूर्य नमस्कार से समस्त अगो मे शक्ति एव ऊर्जा का सचार

होता है, सूर्य को नेत्रो मे ज्योति बढाने वाला भी वेदो ने माना है। साथ ही, सूर्य उपासना व स्तुति आयुवर्धक है।

वेदों में सौरशक्ति का माहात्म्य

डॉ0 रवीन्द्र कुमार पी0पटले

(रतनपुर, गुजरात)

अज्ञान के अधकार मे से प्रकाश के प्रति प्रस्थान करने की, मृत्यु लोक मे से प्रकाश लोक मे जाने की मानव की शाश्वत प्रार्थना **है-तमसो मा ज्योतिर्गमय।** प्रकाश-प्राप्ति की कामना मे से तेजोपुज-स्वरूप सूर्य की उपासना स्वाभाविक रीति से ही वेदयुग मे उदित हुई। सूर्य, चन्द्र, उषा, नक्षत्र, अग्नि इत्यादि जीवन शक्ति-स्वरूप प्रकाश के, ऊर्जा के स्रोत है। हजारो वर्ष पूर्व वैदिक ऋषि-मुनियो ने प्रकाश की आराधना की, सूर्य जैसे प्रकाशित तत्त्वो को उन्होने देव का स्वरूप दिया और सूर्योपासना का प्रचलन हुआ, सौर शक्ति का महिमागान हुआ। विश्व की समृद्धि और सुन्दरता का आधार सूर्य की ऊर्जा-शक्ति पर है। प्रस्तुत शेध-पत्र मे वैदिक सूक्तो के आधार पर सौरशक्ति के विभिन्न स्वरूपो का सोदाहरण निरूपण कर के सौर-शक्ति का माहात्म्य प्रदर्शित किया है।

आयुर्वेद में सूर्यकिरण-चिकित्सा- एक समीक्षा

भावना शर्मा (शोध-छात्रा)

सस्कृत-विभाग,

पजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ

वेद विश्व-सस्कृति के आधार स्तम्भ है। मनु ने वेदो को सर्वज्ञानमय कहा है अर्थात् वेदो मे सभी प्रकार का ज्ञान और विज्ञान निहित है। चारो वेदो मे आयुर्वेद के विभिन्न अगो और उपागो का यथास्थान विशद् वर्णन हुआ है। चरक ने आयुर्वेद का लक्षण दिया है-**'आयुर्वेदयति इति आयुर्वेद.।'** प्रकृति मनुष्य के लिए वरदान है। प्रकृति के सभी तत्त्व पृथिवी, जल, अग्नि, वायु सूर्य, चन्द्र आदि किसी न किसी रूप मे मनुष्य का हित करते है। इनमे सूर्य की किरणो का योगदान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। सूर्य को इस चराचर जगत् की आत्मा कहा है।

भगवान् सूर्यः एक वैज्ञानिक विश्लेषण

राजाराम यादव, धर्मन्द्र कुमार पाण्डेय एव आलोक कुमार गुप्त

भौतिकी विभाग

इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद

प्रस्तुत शोध लेख मे प्रकाश उत्पादन की तीन प्रक्रियाओ का अध्ययन किया गया है। अध्ययन के आधार पर गुणात्मक रूप से साधारण आकाश द्वितीय श्रेणी आकाश तथा सर्वोत्तम श्रेणी आकाश वर्गीकृत किया गया है। सूर्य के आकाश उत्पादन की वैज्ञानिक प्रक्रिया के आधार पर सूर्य को भगवान् के रूप मे मान्यता प्रदान की गई है। सम्पूर्ण विश्लेषण को सामाजिक जीवन के नैतिक एव आध्यात्मिक उत्थान मे उपयोगी दर्शाया गया है। निष्कर्षरूप मे भगवान् सूर्य की वैदिक अवधारणा तथा आधुनिक भौतिक विज्ञान के सिद्धान्त का समानान्तर अध्ययन सामाजिक उत्थान हेतु प्रस्तुत करने का मौलिक प्रयास किया गया है।

वैदिक संहिताओं में अध्यात्म-चिकित्सा

डॉ0 क्षमा मिश्रा

अवकाश प्राप्त रीडर

जे डी वी एम पी जी कालेज

कानपुर

वर्तमान समय मे आधुनिक जीवनचर्या, पर्यावरण असतुलन, अनैतिकता, अनास्था आदि के कारण मानवजीवन तथा प्रकृति मे अनेक प्रकार की विकृतियाँ उत्पन्न हो गयी है, जो विभिन्न प्रकार के शारीरिक तथा मानसिक रोगो को उत्पन्न करती है। इनके उपचार हेतु आधुनिक वैज्ञानिक तथा चिकित्सक निरन्तर प्रयासरत है। भिन्न-भिन्न चिकित्सा पद्धतियाँ नित-नूतन आविष्कारो के द्वारा इनके उपचार हेतु प्रयत्न मे सलग्न है, परन्तु उनके दुष्परिणाम सभी को ज्ञात है। शारीरिक तथा मानसिक रोगो के उपचार हेतु आध्यात्मिक चिकित्सा पद्धति अत्यन्त उपयोगी है, जिसका वर्णन वैदिक सहिताओ मे प्राप्त है। यह प्राणतन्त्र का भलीभाँति अध्ययन कर रोगो का उपचार करती है तथा मानव को वास्तविक अर्थ मे स्वस्थ बनाती है। आध्यात्मिक चिकित्सा विधि और चिकित्सक की योग्यता के विषय मे मन्त्र प्राय समस्त वेदो मे प्राप्त है जिसमे अथर्ववेद प्रमुख है। ऐतरेय तैत्तिरीय शतपथ ताण्ड्य, षड्विश आदि ब्राह्मणग्रन्थो मे भी आध्यात्मिक चिकित्सा का उल्लेख है। प्रस्तुत शोधपत्र मे यह सिद्ध करने का प्रयास किया जायेगा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियो के दुष्परिणामो को देखते हुए, आध्यात्मिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा ही मानव स्वस्थ तथा आनन्दमय जीवन व्यतीत कर सकता है।

संजीवनी की पहिचान तथा उसकी औषधीय क्षमता

डॉ0 जी प्रसाद एव प्रो0 ए के चोपडा
वनस्पति एव सूक्ष्म जीवविज्ञान-विभाग
जन्तु एव पर्यावरणविज्ञान-विभाग
गुरुकुल कागडी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराचल)

प्रस्तुत लेख मे लगभग 7200 वर्ष पूर्व मे हुए राम-रावण युद्ध मे लक्ष्मण को शक्ति लगने के कारण मूर्छित होने पर जीवन प्रदान करने हेतु श्रीलका के श्री शुषेण वैद्य से एक निश्चित अवधि के अन्दर (सूर्योदय पूर्व) सजीवनी के उपलब्ध होने की आवश्यक अनिवार्यता पर जोर दिया था। उपर्युक्त बूटी के स्वरस को देने पर लक्ष्मण चैतन्यता को प्राप्त हुए थे। चूँकि लक्ष्मण की मूर्छा मे एक निश्चित अवधि बतायी गयी थी। जिसके अन्दर ही दवा प्रभावी हो सकती थी तथा उसके बाद दवा का प्रयोग निरर्थक था।

वर्तमान मे मस्तिष्क की रक्त धमनियो मे थक्का (Blood Clot) बनने के कारण होने वाले Strock मे यदि एक निश्चित अवधि मे औषधि द्वारा नष्ट नही किया जाता तो रोगी फिर अगली अवस्था मे मे जाने के बाद ब्रेनहेमरेज एव मृत्यु की स्थिति को प्राप्त हो जाता है। श्री लक्ष्मण की मूर्छा की स्थिति भी शायद कुछ इसी प्रकार की थी क्योकि औषधि के प्रभावी होने हेतु निश्चित अवधि दी गयी थी।

भारत सरकार को श्रीलका सरकार के माध्यम से सूषेण जी की चिकित्सा पद्धति एव नुस्खो पर मानव कल्याण हेतु शोध फाउन्डेशन की स्थपना की दिशा मे विचार करना चाहिए। सूषेण वैद्य का चिकित्साक्षेत्र मे समर्पित भाव एव जीवन अद्वितीय उदाहरण एव प्रेरणा का स्रोत है। गौर करे कि उस काल मे एव वैसी परिस्थितियो मे औषधीय पौधो का सर्वेक्षण इतनी दूर दूर स्थानो पर पैदल जाकर किया जाना तथा अन्य चिकित्सीय परिक्षण कैसे किये होगे अकल्पनीय है। इसके साथ ही भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद मे ऐसे पौधो की खोज एव चिकित्सीय क्षेत्र मे परीक्षण किए जाने चाहिए जिनमे रक्त थक्को को शीघ्र समाप्त करने की क्षमता हो तथा इस पौधे का परीक्षण एव अन्य बीमारियो के निदान मे भी किया जाना चाहिए।

ओषधिसम्बद्धसामग्रयवभासकम् एकमथर्वदृष्टं सूक्तम्

डा भारतेन्दुपाण्डेय
वरिष्ठप्रवक्ता, सस्कृत-विभाग.
नानकचन्द आग्लसस्कृतमहाविद्यालय , मेरठम् (उ प्र)

यद्यप्यथर्वसंहितायाम् आयुर्वेदादिविज्ञान प्रतिपदमेव विकीर्णमवाप्यते तथापि प्रोक्तसहिताया अष्टमकाण्डस्य अष्टाविशतिर्मन्त्रमय सप्तम सूक्तमेतादृशमस्ति, यत्रौषधिसामान्यसम्बद्ध भूयसी ज्ञानसामग्री अनुस्यूता। अत्रौषधिशब्द तत्पर्यायतया व्यवहृत वीरुच्छब्द वा ऋषि: उद्भिजभेदविशेषात्मके कस्मिश्चित् सकीर्णे अर्थे नैव प्रयुक्त·। एतद्द्वारा स अग्नेर्घासरूपभोजनभूतम् अपा गर्भभूत च यक्ष्मादिरोगोपचारकम् उदिभजमात्र गृह्णाति।

ऋषिरथर्वा प्रतिपादयति यत् सूर्य: पिता (पालयिता) पृथिवी माता (जनयित्री) आपश्च मूलम् अस्ति ओषधिस्वरूपाणा सर्वेषामेव वीरुधाम्। यतस्तत्र आपो अग्रे दिव्या ओषधय इति चोक्तम्, अत एतासामोषधीनाम् अमृतत्त्व सिद्धमेव। इत्थम्, आथर्वणे अस्मिन् सूक्ते प्रतिपादित प्रतिभासित चौषधिज्ञान बहुसमृद्धमस्ति।

ऋग्वेद में पादप पारिस्थितिकी

डा नन्दिता सिघवी

व्याख्याता सस्कृत

राजकीय स्नातकोत्तर डूँगर महाविद्यालय

बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर 334001 (राज)

पारिस्थितिकी की अवधारणा जितनी अधुनातन है, उतनी ही पुरातन है। भारतीय मनीषी हजारो वर्ष पूर्व भी इस अवधारणा से परिचित थे। पादप पारिस्थितिकी के अन्तर्गत विभिन्न पादपो के मध्य तथा पादपो एव उनके पर्यावरण के मध्य होने वाली अन्योन्यक्रियाओ का अध्ययन किया जाता है। इसमे पौधो को मूल रूप मे प्रधानता दी जाती है तथा प्राणियो को पर्यावरण का एक अग मानते हुए अध्ययन किया जाता है। ऋग्वेद मे पादप पारिस्थितिकी विषयक विवरण विशद रूप से प्राप्त होता है जिसका सप्रमाण उल्लेख शोध लेख मे निहित है।

वेदों में वायुमण्डल रूपी सुरक्षा कवच

डॉ0 धीरज कुमार

गाँव व डा0- रमाला

जिला-बागपत (उ0प्र0)

आर्यों के जीवन मे वेदो का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण रहा है। सृष्टि के आदि से ही वेद ईश्वरीय ज्ञान के रूप मे मे श्रद्धा व आदर प्राप्त करते रहे है। वेदो को सनातन चक्षु कहा गया है

उतना ही सनातन जितना कि सूर्य चक्षु। यदि सूर्य चक्षु का अभाव होता तो प्राणियो की चर्मचक्षु निष्प्रयोजन ही होती। तथैव वेदचक्षु के अभाव मे मनुष्यो का बुद्धि रूपी आन्तरचक्षु भी अशक्त होता, क्योकि दोनो मे घनिष्ठ सम्बन्ध है। अत॰ वेद ईश्वरोक्त, सृष्टि के आदि मे प्रादुर्भूत तथा ज्ञान का आदि स्रोत माना जाता है। वेदो की अपौरुषेयता के सन्दर्भ मे ब्रह्म सूत्रकार ने स्वशास्त्र मे एक महान् युक्ति तत्तु समन्वयात् अर्थात् समन्वय करने से वेद ईश्वरोक्त सिद्ध होते है, दी है। यही शोधलेख का लक्ष्य है।

यजुर्वेद का जीव-जन्तु जगत्

डॉ0 विजेन्द्र कुमार तोमर, प्राचार्य

कृषक पी0जी0 कॉलेज मवाना, मेरठ (उ0प्र0)

वैदिक-साहित्य मे अनेक प्रकार के पशु-पक्षियो, कीट-पतगो सरीसृपो और मत्स्य आदि के नामो और उनकी विशेषताओ की सुविस्तृत जानकारियाँ प्राप्त होती है। 'यजुर्वेद' मे तो पूरा एक चौबीसवाँ अध्याय ही जीव-जन्तुओ के विवेचन से व्याप्त है। उक्त अध्याय मे विविध जन्तुओ के गुण, कर्म लक्षण तथा स्वभाव आदि के बारे मे बडी आधिकारिक जानकारियाँ दी गई है। वहाँ पर प्रमुख रूप से पक्षी वर्गीय स्तनधारी वर्गीय, सरीसृप वर्गीय, कीट वर्गीय जीवो का विवरण प्रस्तुत किया गया है। आज के जीव-जन्तु जगत् से यदि उनकी तुलना की जाए तो यह सरलता से जाना जा सकता है कि आज उस काल के बहुत से जीव जन्तु विलुप्त हो चुके है। जन्तु

वेदों में प्रदूषण नाशक वृक्ष एवं औषधियाँ: एक अध्ययन

डॉ0 कमला अग्रवाल

रीडर, सस्कृत-विभाग,

दिगम्बर जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बडौत (बागपत)

वर्तमान समय मे प्रत्येक प्रकार के प्रदूषणो के निवारण के लिये अनेक उपाय प्रयोग मे लाये जा रहे है। प्रदूषणमुक्त वातावरण की सरचना मे वृक्षो की अहम् भूमिका भी असंदिग्ध है इन अगाध ज्ञानराशि वेदो से ऋषियो, महर्षियो, योगी, यति, विद्वानो ने अथक श्रम से अनेक जीवन-रक्षक रत्नो को खोज निकाला है, जिन्होने मानव-जीवन को आलोकित किया है। जीवनोपयोगी किसी भी पदार्थ, वस्तु अथवा सामग्री को वेदो मे खोजा जा सकता है। पर्यावरण प्रदूषण आज की सर्वाधिक ज्वलत समस्या बनकर उभर रहा है, जो जीव-जगत् को लीलने के लिए सुरसा का मुँह' बन रहा है। इस विकट समस्या का समाधान वेदो मे वृक्ष, वनस्पति व औषधियो के द्वारा सम्भव है, इसका स्पष्ट

उल्लेख मिलता है। वेद कहते है कि वनस्पतियाँ वह सम्पत्ति है। जिनके द्वारा वायुमण्डल मे ऑक्सीजन (व्2) और कार्बन डाई ऑक्साइड (ब्व2) का सन्तुलन बना रहता है। वृक्ष विविध औषधियो द्वारा रोग नाशक कार्यों का दायित्व तो पूर्ण करते ही है साथ ही प्रदूषण को दूर कर पवित्रता प्रदान करते है। इनसे स्वस्थ और स्वच्छ प्राणवायु प्राप्त होती है। वेदो मे वृक्ष को प्राकृतिक सन्तुलन बनाये रखने वाला साधन बताया है। इनके द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा, वायुमण्डल की पवित्रता, विविध रोगो का नाश, शारीरिक व मानसिक उन्नति तथा रोग-निवारण के कारण दीर्घायुष्य की प्राप्ति होती है। अतः प्रस्तुत शोध-लेख के माध्यम से सप्रमाण वेद-वर्णित वनस्पतियो के महत्त्व व इनसे होने वाले लाभो की ओर, इनकी उपादेयता के आशय से विद्वत् वर्ग का ध्यानाकृष्ट करना ही मेरा उद्देश्य है।

यज्ञ और पर्यावरण

प्रो0 गिरा टी अटालीवाला

शाह आर्टस कॉलेज अहमदाबाद गुजरात

'अय यज्ञो वि श्वस्य भुवनस्य नाभि ' यजुर्वेद मे यज्ञ के बारे मे कहा गया यह विधान, यज्ञ को समस्त ससार की नाभि के रूप मे प्रस्तुत करना हुआ अपना अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। हमारे शरीर मे शरीरविज्ञान की दृष्टि से जिस प्रकार नाभि का अति विशिष्ट स्थान है, वैसे ही वि श्व मे यज्ञ का स्थान है। शरीर के बीच मे रहने वाली नाभि पर ही पूरा शरीर निर्भर है, क्योकि नवजात शिशु जन्म से पूर्व नाभि के माध्यम से ही माता के शरीर से जुड कर रस प्राप्त करता है और उसके माध्यम से ही वह जीवित रहता है, ठीक उसी प्रकार ससार भी यज्ञ से जुडकर ही जीवन को प्राप्त करता है, क्योकि यज्ञ ससार का पोषक, प्राणदाता, जीवनदाता और आधार स्थान है। यज्ञ का उद्देश्य केवल पर्यावरण शुद्धि तथा रोगनाशक ही नही अपितु यज्ञ मनुष्य को देवत्वकी ओर ले जाने का साधन भी है, इसीलिये तो उसकी तुलना शरीर के महत्त्वपूर्ण अग नाभि के साथ की गयी है।

वेदों में पर्यावरण चिन्ता

डॉ0 प्रणव

हिन्दी-विभाग

उपाधि महाविद्यालय, पीलीभीत (उ0प्र0)

वेदो मे पर्यावरण का वर्णन अनेक स्थानो पर मिलता है। पर्यावरण का अर्थ है- पृथ्वी पर

विद्यमान, जल, वायु, ध्वनि, रेडियोधर्मिता एव रासायनिक पर्यावरण। जब ये समृद्ध होते हैं तो हमे जीवन एव नीरोगता प्रदान करते है। जब ये पर्यावरण के आवश्यक तत्त्व दूषित हो जाते हैं तो हमारी चिन्ता का विषय बन जाते हैं। यही पर्यावरण चिन्ता प्रदूषण का पर्याय बन गया है। चारो ओर पर्यावरण मे विकृति ही प्रदूषण को जन्म देती है। वेदो मे कहा गया है कि जीवधारी अपने विकास और व्यवस्थित जीवनक्रम के लिए एक सन्तुलित पर्यावरण एव वातावरण पर निर्भर रहते हैं। सन्तुलित पर्यावरण मे प्रत्येक घटक एक निश्चित मात्रा मे उपस्थित रहता है। वातावरण मे कुछ हानिकारक घटको का प्रवेश हो जाता है परिणामत, समस्त जीवधारियो के लिए किसी न किसी रूप मे हानिकारक सिद्ध होता है जो पर्यावरणीय चिन्ता को जन्म देता है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता से हम आने वाले समय मे और अधिक अच्छा एव स्वास्थ्यप्रद जीवन व्यतीत कर सकेगे। और आने वाली पीढी को प्रदूषण के अभिशाप से मुक्ति दिला सकेगे।

वेदों में पर्यावरणीय चेतना

डॉ0 किरण जैन,
विभागाध्यक्ष हिन्दी
शासकीय महाकोशल कला एव वाणिज्य महाविद्यालय
जबलपुर (म प्र)

ऋग्वेद के प्रमुख देवता अग्नि, इन्द्र वरुण आदि है। दूसरा वेद यजुर्वेद है इसमे यज्ञ एव पूजा विधान प्रमुख है। यज्ञो मे इस वेद के मन्त्र उच्चरित होते है। सामवेद का मूल सगीत है गान है। देवताओ की आराधना एव स्तुति इस वेद के मन्त्रो को लय के साथ की जाती है। चतुर्थ वेद है अथर्ववेद। इसमे मन्त्रो के विधि रूप दृष्टिगोचर होते है। अथर्ववेद लोक से सम्बन्धित है, अथर्ववेद के बारहवे काण्ड के पृथिवी सूक्त मे तिरेसठ मन्त्र है। ये पर्यावरण चेतना की पहली समावेशी अभिव्यक्तियाँ है ऋषि अथर्वा ने इनमे पृथ्वी की स्तुति की है, और उसके प्रति मानव कर्त्तव्य ो का बोध भी कराया है। इसमे वर्णित कल्याणकारी सूक्त को यदि विश्व का पहला राष्ट्रगीत की सज्ञा दे जिसमे पृथ्वी को सर्वप्रथम माँ के रूप मे स्वीकार किया है तो अत्युक्ति न होगी। भारतीय सस्कृति प्रकृतिमयी है। हमारे ऋषियो ने हजारो वर्ष पहले ही पर्यावरण के प्रति सचेत रहने की बात की है। भारतीय सस्कृति वनस्पति तथा पदार्थों के प्रति सम्मान प्रकट करती है। वेद हमारे पथ प्रदर्शक ही नही जीवन भाग्य विधाता है। वे सच्चे अर्थो मे मानव का कल्याण करते है। शोध-पत्र की इन पक्तियो मे पर्यावरणीय समस्या व समाधान की ओर सकेत है-**यत् ते भूमि विखनामि क्षिप्रं तदपि रोहतु।** (अथर्ववेद 12/1/35)

वायु-प्रदूषण का वैदिक समाधान

कुलदीप सिह आर्य
अध्यक्ष, सस्कृत-विभाग
डी ए वी कालेज, अमृतसर।

वेदो मे सभी पर्यावरणीय प्रदूषणो से आत्यन्तिक निवृत्ति सहज एव सरल ही सम्भव है। वेदो मे सौ वर्ष से अधिक देखने, सुनने, बोलने और अदीन रहने की प्रार्थना, मानवमात्र को ऐसी समस्याओ से सचेत करती है। इस पत्र का प्रारूप निम्नलिखित है.-1 वायु शब्द विचार- वा गच्छति स्थानात् स्थानान्तर प्राप्नोति इति वायु.। व्युत्पत्ति एव अर्थ। आक्सीजन की उत्पत्ति। 2 वायु के पर्यायवाची एव प्रकार- शब्द कल्पद्रुमकार ने वायु के 32 और बृहत्पर्यायवाची कोश मे 85 पर्याय कहे है। प्राण, अपान, समान उदान और व्यान के रूपो मे वायु के अनेक प्रकार है और शरीर मे उनके अनेक स्थान। 3 वायु प्रदूषण-अर्थ एव परिभाषाऐ- प्राचीन एव आधुनिक सदर्भ मे। 4 वायु प्रदूषण के कारण-1 सल्फर डाई ऑक्साइड्स 2 नाईट्रोजन ऑक्साइड्स, 3 हाईड्रोकार्बन, 4 कार्बन मोनो ऑक्साइडस, 5 कणिकीय पदार्थ आदि। 5 वायुप्रदूषण के स्रोत- 1 खनिज तेलो का दहन, 2 खनिजो का पिघलना, 3 रासायनिक उद्योग, 4 ज्वालामुखियो का फटना, 5 परमाणु परीक्षण आदि। 6 वेदो मे वायु सुरक्षा के भाव-वायु को प्रत्यक्ष देवता शुद्ध वायु का महत्त्व, सुरक्षा आदि। 7 वेदो द्वारा वायु शोधन-1 वनस्पति की रक्षा एव उपयोग से, वेदो के सम्बन्ध मे वनो के स्वामी, वृक्षो के स्वामी को अभिवादन, वेदो मे वृक्ष महिमा उनके द्वारा प्राणवायु की उत्पत्ति। 2 अग्निहोत्र द्वारा वायु शोधन अग्निहोत्र के प्रमाण, समय, प्रयोग, सामानो का वैज्ञानिक विवेचन एव वैदिक साहित्य मे उनका समन्वय। आयु को यज्ञ से बढाओ एव शान्तिपाठ की पर्यावरण परक व्याख्या।

वायु प्रदूषण निवारकः अग्निहोत्र

डी0 आर0 खन्ना एव राकेश भुटियानी
जन्तु एव पर्यावरण विज्ञान विभाग
गुरुकुल कागडी, विश्वविद्यालय हरिद्वार

आज विकास की अधी दौड ने हमारे पर्यावरण को पूर्णत प्रदूषित कर दिया है, विकास की इस दौड मे कारखानो, वाहनो आदि की निरन्तर बढोत्तरी हो रही है, जिस कारण हमारा पर्यावरण वायुप्रदूषण का शिकार होता जा रहा है। पर्यावरण को प्रदूषित पदार्थों से मुक्ति दिलाने अर्थात् प्रदूषण पर नियन्त्रण के लिए वेदो ने हमे अग्निहोत्र के बारे मे विस्तार से बताया है। प्रस्तुत शोध पत्र मे

परीक्षणो के पश्चात् अग्निहोत्र को वायुप्रदूषण निवारक माना गया, जब अध्ययन के दौरान, अग्निहोत्र से पूर्व एव अग्निहोत्र के पश्चात् तापक्रम मे वृद्धि, सुगन्ध की उपस्थिति, श्वसनीय निलम्बित सूक्ष्मकण एव सामान्य सूक्ष्म कणो मे कमी, वायु मे प्रदूषण करने वाली विभिन्न गैसे जैसे नाइट्रोजन ऑक्साइड, नाइट्रोजन डाई ऑक्साइड, नाइट्रोजन के अन्य ऑक्साइड, सल्फर डाई ऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड,एव ओजोन का पूर्ण रूप से समापन पाया गया। इसके अतिरिक्त प्रामाणिक सूक्ष्म जैविक गणना मे भी काफी बडी सख्या मे कमी पायी गयी।

वैदिक पर्यावरण संरक्षण

डॉ0 अरुण कुमार मिश्र

हिन्दी-विभाग, शासकीय मानकुँवर

बाई कला एव वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर (म पु)

वेदो मे सृष्टि का मूलाधार है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एव अथर्ववेद जीवन के आधार है। ऋग्वेद मे सारी सृष्टि, ग्रह पृथिवी एव जीवन निर्माण की प्रक्रिया मिलती है। वेद मानव समुदाय का हित करते है और इसी रूप मे वे जीवन के पञ्चभूतो के प्रति आस्था व्यक्त करते है। वेद के अनुसार सृष्टि का मूल सूत्र ही ऋत और सत्य है जो सब ओर समिद्ध तप या उष्णता से उत्पन्न होते है। उन्ही से व्यक्त ससार से पहले अव्यक्त प्रकृति रूप रात्रि उत्पन्न होती है और गतिशील सूक्ष्म कणो के रूप मे व्यापक जल बनता है।' 'ऋग्वेद' 10/190/1 अथर्ववेद (12 1 1) के अनुसार पृथ्वी को धारण करने वाले ये दो प्रमुख तत्त्व हैं। सत्य जहॉ बृहत् महान् या व्यापक हैं, वही ऋत, उग्र, कठोर शाश्वत है। वेद जीवन देने वालो के प्रति कृतज्ञता सिखलाते है। उस शक्ति के प्रति जिसने सारी सृष्टि को बनाया वेद कहते है। हम उसकी आराधना करे। वेदो मे सूर्य पृथ्वी, आकाश, जल, पशुपक्षी एव वनस्पतियो का विधान सर्वमान्य विधान रहा है। पर्यावरणीय चेतना के सदर्भ मे यदि दृष्टि डाले तो वेद मे पर्यावरण को सरक्षित करने के उपाय है। विश्व मे पर्यावरण के प्रति आज चिता हो रही है जबकि वेदो ने अनन्तकाल से पर्यावरण सतुलन बनाये रखने को निरतर प्रेरित किया है।

पर्यावरण समस्या का वैदिक समाधान

प्रो वेद साहनी

सेवानिवृत्त, शाहपुरा बाग, बी एड कॉलेज

जवाहर नगर, जयपुर-4

आज विश्व की सबसे ज्वलन्त और भयावह समस्या पर्यावरण प्रदूषण है जिसकी देश

देशान्तर तक कोई सीमाए नही है। पर्यावरण प्रदूषण को अनेक भारतीय तथा विदेशी विद्वानो ने अपनी-अपनी दृष्टि से परिभाषित किया है, परन्तु जो परिभाषा देववाणी सस्कृत मे दी है वह अपने आप मे पूर्ण व अनूठी है तथा इस परिभाषा का कोई सानी नही है। सस्कृत भाषा मे सुख का विलोम दु.ख है और सु=अच्छा और दु:=बुरा और ख=वातावरण। दूसरे शब्दो मे कहा जा सकता है कि प्रसन्नता अच्छे पर्यावरण तथा अप्रसन्नता प्रदूषित वातावरण का नाम है। तथा प्रदूषण मानव मे दिल, मस्तिष्क तथा शरीर पर कुप्रभाव डालता है। परम्परागत विधि से पर्यावरण प्रदूषण को 12 प्रकार का बताया गया है परन्तु इस पत्र मे प्राप्त स्थान को दृष्टिगत रखते हुए केवल वायुप्रदूषण, जलप्रदूषण, भूमिप्रदूषण तथा ध्वनिप्रदूषण का वैज्ञानिक उल्लेख करते हुए इनके कारणो पर भी प्रकाश डाला गया है। मुख्य रूप से सभी प्रकार के प्रदूषणो के वैदिक समाधान को वैदिक मन्त्रो तथा विश्व के भिन्न-भिन्न स्थानो पर किये गए प्रयोगो की सहायता से यह सिद्ध किया गया है कि अग्निहोत्र तथा वैदिक आदेश ही केवल मात्र प्रदूषण दूर करने के उपाय है।

वेदों में पर्यावरण रक्षा

प्रो0 देवदत्त भट्टि

निदेशक वैदिक शोधशाला

दिल्ली गेट, मालेरकोटला (प)

वेदो मे पर्यावरण रक्षा की भरपूर चर्चा है। यद्यपि पर्यावरण प्रदूषित होने की समस्या इस युग मे विकराल रूप धारण कर चुकी है, फिर भी वैदिक युग मे क्रान्तदर्शी ऋषियो का इस ओर काफी ध्यान था। उन्हे भविष्य मे इस समस्या के भयकर होने का आभास था। अतः वेदो मे इस समस्या के समाधान के लिए ठोस उपाय बताए है। पर्यावरण की सीमा मे जल, वायु, आकाश, पृथ्वी वनस्पति, पशु-पक्षी आदि आते है। जनसख्या के बढ जाने, मशीनी उद्योगो के बढ जाने, वनो के कम हो जाने, हवन समाप्त हो जाने और गन्दगी के बढ जाने से यह समस्या सामने आई है। आजकल वातावरण के प्रदूषण मे ध्वनि प्रदूषण का भी स्थान है इन सब से बचने के लिए वेदो मे उपाय बताये गये है। वेदो मे दर्शाये उपायों से हम आज भी प्रदूषण की समस्या से बच सकते है। वेदो मे प्राकृतिक सन्तुलन बनाये रखने का भी स्पष्ट विधान है। प्राकृतिक सन्तुलन मे छ ऋतुओ के निर्बाध रूप मे यथा-समय प्रवर्तित होने का महत्त्व है। ऋतुओ का क्रम तथा ऋतुओ की विशेषताए (गुण) बने रहने चाहिए। इनमें किसी प्रकार का परिवर्तन करने की चेष्टा करना, प्रकृति से छेडछाड करना प्राकृतिक सन्तुलन को बिगाडना है। ऋतुओ के क्रम को और ऋतुओ की प्रक्रिया को अथर्ववेद मे प्रकृति के यज्ञ' की सज्ञा दी है.- स यज्ञियो यजति यज्ञिया ऋतून्।। (18 1 18) प्रकृति

के लगातार हो रहे यज्ञ के साथ घर-घर मे भी प्रतिदिन हवन करने का विधान है। यदि घर-घर मे आज भी यज्ञ (हवन) हो, जिसमे सुगन्धित एव औषधीय गुणो वाले द्रव्यो की आहुति दी जाए, तो प्रदूषण को निष्प्रभावी बनाया जा सकता है।

वेदों में वर्णित प्रदूषण नाश एवं पर्यावरण संरक्षण के उपाय

अमन कुमार शर्मा (शोधच्छात्र)

सस्कृत-विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय जम्मू-180006

प्राचीन समय मे जलवायु को शुद्ध एव स्वच्छ रखने मे वेदो मे विहित यज्ञो का अन्यतम योगदान होता था। हवन-यज्ञो मे जलने वाली समिधाओ तथा अन्य सामग्रियो से ऐसी गैसे उत्पन्न होती थी जो अनेक प्रकार के कीटाणुओ को नष्ट कर जलवायु को शुद्ध कर देती थी। यह बात त्रिले' एव टाटलिक' नामक विद्वानो के अनुसधान से सिद्ध हो चुकी है। यजुर्वेद (मन्त्र 1/1) के अनुसार हवनसामग्री मे प्रयुक्त गुड, शक्कर तथा किशमिश, मुनक्का आदि पदार्थो के धुएँ से चेचक हैजा, टी बी तथा टाइफाइड आदि रोगो के कीटाणु नष्ट हो जाते है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार यज्ञाग्नि मे जो पदार्थ डाले जाते है, वे सूक्ष्म परमाणु बनकर ऊपर बादलो मे मिलकर वर्षा करते है। वर्षा से औषधी, औषधी से अन्न, अन्न से धातु और धातु से शरीर बनता है। यज्ञ केवल प्रदूषण का ही नाश नही करता, अपितु दीर्घायु, नीरोगता आदि गुणो के साथ-साथ यज्ञ ब्रह्मप्राप्ति का भी साधन है।

वेदाः

डॉ0 रेखा सेमवाल

टिहरी गढवाल

'वेद' शब्द वैदिक युग मे सम्पूर्ण वाङ्मय के पर्यायवाची शब्द के अर्थ मे प्रयुक्त होता था। जिस प्रकार आज धर्मशास्त्र, व्याकरण शास्त्र, दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र आदि से अनेक विषयो का बोध होता है। शास्त्र शब्द किसी विशिष्ट अर्थ का प्रतिपादन न कर पूर्व मे जुडे हुये शब्द की सम्पूर्णता को ही दर्शाता है। उसी प्रकार 'वेद' शब्द का प्रयोग प्राचीन समय से सामान्य रूप से सम्पूर्ण साहित्य के लिए किया जाता है। इस प्रकार वेदो मे चारो वेदो के साथ उनके ब्राह्मण, उपनिषद्, आरण्यक आदि सभी आ जाते हैं। कहा भी है-**मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्** अर्थात, मन्त्र और ब्राह्मण दोनो वेद ही हैं, लेकिन आगे चलकर वेद शब्द केवल चार वेदो ऋग्वेद, यर्जुवेद, सामवेद और अथर्ववेद का सूचक ही रह गया। ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद् वेद की मर्यादा के

अन्तर्गत होते हुये भी मूल वेदो से सर्वथा अलग किये गए। उपनिषद् ब्राह्मण, आरण्यक आदि ग्रन्थ मन्त्रो की व्याख्या तथा महत्त्व को प्रतिपादित करते हैं। यद्यपि वेद और ब्राह्मण आदि जो भी वेद के व्याख्या ग्रन्थ, आज पृथक् रूप मे जाने जाते है, फिर भी हमारी सारी क्रियाओ का मूल उक्त सभी वेद है। सस्कृति, धर्म, दर्शन, साहित्य और ज्योतिष आदि जितने भी विषय है, उनकी नीव वेदो पर ही अवस्थित है। इसलिए मनु मैक्समूलर आदि कई आधुनिक युग के विद्वानो ने सर्वज्ञानमय स्वरूप को स्वीकार किया है।

स्वामी दयानन्द के यजुर्वेदभाष्य का विश्व को योगदान

डॉ0 रामनाथ वेदालकार

वेदमन्दिर, ज्वालापुर (हरिद्वार)

स्वामी दयानन्द सरस्वती ने ऋग्वेद के अपूर्ण भाष्य के अतिरिक्त वाजसनेय माध्यन्दिन शुक्ल यजुर्वेदसहिता सम्पूर्ण का भी भाष्य किया है। उससे पूर्व उव्वट तथा महीधर इस पर भाष्य लिख चुके थे। उव्वट तथा महीधर का भाष्य उस कर्मकाण्ड का अनुसरण करता है, जिसके अनुसार उक्त सहिता मे दर्शपौर्णमास, अग्निष्टोम, वाजपेय, राजसूय, सौत्रामणी, अश्वमेघ, पुरुषमेघ, सर्वमेघ, पितृमेघ आदि के विधि-विधानो का वर्णन हुआ है। स्वामी दयानन्द का भाष्य इस कर्मकाण्ड के विनियोगो से स्वतन्त्र है, अथवा यह कहना चाहिए कि उन्होने मन्त्रो के अपने ही विनियोग किये है, जो प्राय स्वामी दयानन्द के मत मे पूर्वकृत विनियोग कोई ऐसी अटल रेखा नही है कि उसका अनुसरण करना अनिवार्य हो। पूर्व विनियोगो के सम्बन्ध मे उनकी यह सम्मति है कि जो युक्तिसगत एव वेदादि के प्रमाण के अनुकूल हो तथा जो मन्त्रार्थनुसारी हो, वही विनियोग ग्राह्य हो सकता है। साथ ही उनका यह भी कथन है कि वेद केवल उस पूर्वोक्त कर्मकाण्ड तक ही सीमित नही है, उसके इतर कर्मकाण्ड ज्ञानकाण्ड, उपासनाकाण्ड तथा विज्ञानकाण्ड परक अर्थ भी किये जा सकते है। अपने भाष्य मे स्वामी जी ने तदनुसार ही अर्थ किये हैं।

उदाहरणार्थ कर्मकाण्डपरक व्याख्या मे षष्ठ अध्याय के मन्त्र 7 से 22 तक अग्नीषोमीय पशु का प्रयोग आता है। इसमे छाग (बकरे) को देवताओ के लिए काटा जाता है। चतुर्दश कर्मकाण्ड का **'वाच ते शुन्धामि प्राण ते शुन्धामि'** आदि मे पूर्वकर्मकाण्डानुसार यजमानपत्नी काटे हुए बकरे के समीप बैठकर इस कण्डिका मे प्रोक्त मन्त्रो से उसके मुख, प्राण आदि अगो, का जल से स्पर्श करती हुई शोधन करती है। परन्तु स्वामी दयानन्द के अनुसार आचार्य शिष्य को कह रहा है कि विविध शिक्षाओ से मै तेरी वाणी, कर्ण, नेत्र आदि को पवित्र करता हूँ। यजुर्वेद का 16 वाँ अध्याय रुद्राध्याय कहलाता है, जिसके आधार पर कर्मकाण्ड मे शतरुद्रिय होम कल्पित किया गया है। इसमे

रुद्र जहाँ अनेक उत्कृष्ट रूपो मे वर्णित हुआ है, वहाँ ठग, चोर, लुटेरे, तस्कर, आदि निष्कृष्ट रूप भी कहे गये हैं। पशुपालक, राजमन्त्री, न्यायाधीश आदि का सत्कार करना चाहिए, किन्तु ठग, चोर आदि पर दण्ड-प्रहार करना चाहिए।

अश्वमेघ के कर्मकाण्ड मे घोडे को काटना, उसके अगो को सुइयो से गोदना, अग्नि मे उसके अगो की आहुति देना आदि माना है। किन्तु दयानन्द **'राष्ट्रं वा अश्वमेघ '** (श० 13 1,6 3) के प्रमाण से राष्ट्र का पालन करना ही क्षत्रियो का अश्वमेघ यज्ञ है, ऐसा मानते हैं। पितृमेध के कर्मकाण्ड मे वह **'वपां ज्ञातवेद· पितृभ्यो'** (अ0 35, कण्डिका 20) आदि से पितरो की व्यप्ति के लिए अग्नि मे गाय की चर्बी नही प्रत्युत बीज बोने योग्य भूमि करते हैं। मन्त्रार्थ यह करते हैं कि राजा का कर्तव्य है कि वह श्रेष्ठ पितृजनो को खेती योग्य भूमि प्रदान करे और सिचाई का प्रबन्ध करे।

इस प्रकार सर्वत्र अपने यजुर्वेदभाष्य मे उव्वट एव महीधर से प्रतिपादित पूर्व कर्मकाण्ड से भिन्न व्याख्याए स्वामी दयानन्द ने की है। यह उनका विश्व को एक नवीन योगदान है।

वेदेषु नित्यानित्यैतिह्यसम्बन्ध्यवधारणा

डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार शास्त्री

सस्कृत-विभागाध्यक्ष·, खालसा कॉलेज दिल्ली

1 वेदशब्दस्यार्था.- विभिन्नानामाचार्य्याणा टीकाकाराणा व्याख्याकाराणाञ्च मतम्।

2 वेदेषु इतिवृत्तमस्ति न वेति प्रश्नोदये प्रश्नद्वय वर्तते। एक पक्ष इतिहासवादी अपर इतिहासाभाववादी।

3 वेदेषु ऐतिह्यमस्ति न वेति ज्ञानार्थम् सहायकभूताः विभिन्ना. प्रक्रिया, शैल्यश्च (1) आध्यात्मिकी, (2) आधिदैविकी, (3) आधियाज्ञिकी वा। अत्र यास्कमतम्:-**अर्थं वाच पुष्पफलमाह याज्ञदैवते पुष्पफले, देवताध्यात्मे वा।'** (निरुक्ते 1 20)

4 अन्ये च कतिपय सिद्धान्तपक्षाः- (1) आख्यानशैली (2) ऐतिहासिकी शैली (3) नैरुक्तप्रक्रिया च।

5 नित्येषु सत्सु वेदेषु, अनित्याभाववादिनाम् ऐतिह्यस्वीकरणे केचन प्रश्नाः, विप्रतिपत्तयश्च, तेषा यथामति समाधानञ्च।

निर्गलितञ्च शोधपत्रसारभूतम्:- एवंविधाः समस्ता अपि इतिवृत्तवदाभासमाना. कथाशा वैदिकैर्व्याख्यायन्ते। तेषा नयेन न मनाक् तत्रेतिवृत्तशङ्कावकाशः। ऐतिहासिकानाम् पक्षे पुनर्वेदवाणी

ऋषिप्रणीता पौरुषेयी॰च तास्तान् कथाशान् ते तथैव वृत्तरुपेणैव विवृण्वन्ति। सत्यम्। सन्ति ते खलु अल्पीयास एव। प्राधान्य तु वेदाना नित्यत्ववादिनामेव न खल्वितिहासवादिनाम्।।

वेदेषु विश्वबन्धुत्वम्

डॉ0 सन्तोष कुमार पाण्डेय

राजकीय-शिक्षक-प्रशिक्षण-महाविद्यालयः, राँची (झारखण्ड)

वेदो भारतीयानामाध्यात्मिकजीवनस्य तेषा सास्कृतिकविकासस्य सामाजिकचित्रस्य च निदर्शको विद्यते। मूलरूपेण ऋग्यजुः सामाथर्वरूपेणैव केवल चत्वारो वेदा वेदत्वेन प्रसिद्धाः पर मन्त्रब्राह्मणात्मक॰ शब्दराशिर्वेदः इत्यनेन वचनेन मन्त्रभागो व्याख्यानभूतो ब्राह्मणभागश्च वेदान्तर्भूतौ। ब्राह्मणभागस्य कर्मप्रधानत्वादारण्यकस्योपासना- प्रधानत्वादुपनिषदो ज्ञानप्रधानत्वाच्च तेषा समेषा शब्दराशिर्वेदत्वेन स्वीक्रियते। इमे वेदा न केवल भारतीयानामपितु विश्वस्मिन् विश्वे वसता मानवाना ज्ञानस्य पिपासा शमयन्ति स्वकीयैः सगीतमयैर्मन्त्रैर्भावपूर्णैर्वृत्तै परिष्कृतै शब्दविन्यासैर्विविधछन्दोभिराचारादिप्रख्यापनैश्च। ते सतत प्रयच्छन्ति नितरा तेषा जीवनमूल्यस्य ज्ञानम्। विश्वबन्धुत्वदृष्ट्या समग्रमानवा द्विधा विभक्ता विद्यन्ते आर्यरूपेणानार्यरूपेण च। विभागोऽय कर्मणा धर्मणा च वेष्टितो विद्यते अनार्या यथा स्वकीयेन वैदिकाचरणेन श्रेष्ठाचरणेन चार्यत्वमवाप्नुवन्तस्तथैव सर्वे मानवा. श्रेष्ठाचरणेन वैदिकाचरणेन चार्याः श्रेष्ठा भवितुमर्हन्ति। वेदस्य कर्मण सिद्धान्तेन मानवाना जयेष्ठत्व श्रेष्ठत्वञ्च निर्धारण समेषा कल्याणाय विद्यते। **'सा प्रथमा सस्कृति विश्ववारा'** इति वेदस्योद्घोष आर्याणा प्रथमसस्कृतेर्विश्वस्मिन् विश्वे प्रतिष्ठितस्य रूपान्तरेण प्रचलितस्य सास्कृतिक-विभवस्य समुद्घोष। शोधपत्रेऽस्मिन् वेदे व्यपदिष्टानामार्यसस्कृतेर्वृक्षाणा तेषा शाखान्तरालाना समाबद्धाना फलास्वादकानामेकसूत्रत्व विश्वबन्धुत्वञ्च समीक्षितो भविष्यतीति दिक्।

वेदों में मानवीय मूल्य

आचार्य अखिलेश शर्मा (अथर्ववेदी)

(सस्कृत-विभाग)

राजर्षि शाहू महाविद्यालय लातुर.

'सर्व ज्ञानमयो हि वेदः' इस वचन के अनुसार वेद सर्व ज्ञान के भण्डार हैं। चाहे वह ज्ञान आज का विज्ञान हो या प्राचीन अध्यात्म। महर्षि दयानन्द ने लिखा है कि **'वेद सब सत्य विद्याओ का पुस्तक है'** आज मानवीय मूल्य जो ससार में बिखरते जा रहें हैं, सारा ससार अशान्ति की ओर अग्रसर हो रहा है, ऐसे समय में अथर्ववेद का यह मन्त्र-**सहृदयं सांमनस्यमविद्वेषं कृणोमि व '**

अर्थात् हे मनुष्यो। मै तुम्हे एक सहृदय तथा द्वेषभाव से रहित करता हूँ। सारे ससार को एक सूत्र मे बाधने वाला है। प्रस्तुत है 'वेदो मे मानवीय मूल्य' शोध पत्र।

वेदों में प्रार्थनाएं वैदिक विनय

डॉ0 मुमुक्षु आर्य

वेद सस्थान, जी-6, सैक्टर-12,

नोएडा-201301, उ0प्र0

चारो सहिताओ मे प्रार्थनाओ के स्वरूप को रेखांकित करते हुए उसको आध्यात्मिक लोक से सस्पृष्ट माना गया है, जिनका दिग्दर्शन स्वय वैदिक ऋचाओ मे प्रतिपादित है। आत्मिक भाव से प्रस्फुटित व्यक्ताव्यक्त ध्वनि द्वारा कृत प्रार्थना ही आत्मा का रस है। अध्यात्मवेत्ता को प्राप्त आनन्दानुभूति ही नि·श्रेयस् लोक का प्रथम सोपान माना गया है। यही उक्त लेख का सार है।

वेद में आतङ्कवादोन्मूलन के उपाय

डॉ हेमलता बोलिया

सहाचार्या सस्कृत विभाग

मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर(राज0)

आज विश्व के सम्मुख यो तो नाना समस्याएँ नर्तन कर रही हैं, परन्तु उनमे आतङ्कवाद की समस्या सबसे प्रमुख है। जिससे जीव-जगत् के विनाश का प्रश्न ही उपस्थित नही हुआ, अपितु वनस्पति जगत् और प्रकृति के नाश का भी। आज मानवता त्राहि-त्राहि करने लगी है। इसका समाधान वैज्ञानिको के लिये एक चुनौती है। जहाँ विज्ञान समस्या का समाधान करने मे असमर्थ होता है, वहाँ हमारे ध्यान स्वत: ही धर्मशास्त्रो की ओर जाता है। अपौरुषेय वेद देवस्तुतियो का सग्रहमात्र नही है, उनमे हमारे साक्षात्कृतधर्मा ऋषियो ने जीवन की विभिन्न समस्याओ के समाधान के उपायो का सम्यक् सयुक्ति प्रतिपादन किया है। यद्यपि 'आतङ्कवाद' शब्द आज का बहुचर्चित और प्रचलित शब्द है, तथापि वैदिक साहित्य मे देवासुरसग्राम के माध्यम से इसकी विस्तृत मीमासा की गयी है। यथा आतङ्कवाद प्रसार के कारण, उसके उन्मूलन के उपाय, उपायो की प्रयोगविधि आदि है। इन्द्र-वृत्र युद्ध तो जग प्रसिद्ध है, जो आतङ्कवाद का कैसे समूलोच्छेद किया जाए का मार्ग प्रशस्त करता है।

ऋग्वेद में दौत्यप्रवृत्ति

वेद प्रकाश डिडौरिया

शोध-छात्र सस्कृत-विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

दूत के माध्यम से सन्देश सम्प्रेषण की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। वैदिक साहित्य से लेकर पुराण साहित्य, यहाँ तक कि, लोकगीतो एव लोक कथासाहित्य मे भी दौत्यप्रवृत्ति दृष्टिगत होती है। ऋग्वेद मे भी इसके अनेक उद्धरण प्राप्त होते है। ऋग्वेद मे अनेक देवशक्तियो द्वारा दौत्यकार्य निष्पादन का वर्णन है, यथा अग्नि, इन्द्र वाक्, पूषा, सोम, वेन एव वायु आदि। इनमे सर्वाधिक स्थानो पर अग्नि का आह्वान किया गया है कि वे देवताओ के दूत है, दौत्य कर्म से पूर्णतया परिचित है, अत· हमारे हविष्यान्नो को देवो तक पहुँचाए। साथ ही देवो को यज्ञ मण्डप पर लेकर आए-**अग्निं दूतं पुरो दधे हव्यवाहमुप ब्रुवे। देवाँ आ सादयादिह॥** ऋग्वेद-8/44/3 ऋग्वेद मे जहाँ इन देवशक्तियो को दूत रूप मे वर्णित किया गया है तथा इन्हे जिन विशेषणो से अलङ्कृत किया गया है, वे सभी विशेषण परवर्ती काल मे धर्मशास्त्रियो, राजनीतिज्ञो एव साहित्यशास्त्रियो के द्वारा दूत के लक्षण मे कहे गये है। अग्नि की स्तुति मे कहा गया है-**आ जुहोता स्वध्वरं शीरं पावकशोचिषम्। आशुं दूतमजिर प्रत्नमीड्यं श्रुष्टी देव सपर्यत॥** ऋग्वेद-3/9/8, इसी प्रसग मे देवताओ के अन्य भी विशेषण प्राप्त होते है, यथा-सर्वज्ञ, महान् सत्यरूप, धनो को प्रदान करने वाले, प्रमुदित करने वाले, यशस्वी द्विज सचरणशील आलस्यरहित, क्रान्तदर्शी सुन्दर, शीघ्र गमनशील, विचारशक्ति से सम्पन्न, उपकारक, केतुस्वरूप, बुद्धि का प्रेरक, चक्षुरूप, अनुशासनप्रिय आदि जो कि दूत के सर्वश्रेष्ठ लक्षण हो सकते है।

वैदिक विचारों की सार्वभौमिकता

डॉ0 शशि तिवारी
वरिष्ठ रीडर, मैत्रयी कालेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली-110063

विश्व के प्राचीनतम साहित्य ऋग्वेद आदि वेद सहिताओ मे वैदिक ऋषियो ने व्यापक, अनन्त और सार्वभौमिक ज्ञान को प्रकट किया है। वेद के प्रमुख प्रतिपाद्य को चार भागो मे विभाजित किया जा सकता है- सृष्टिविद्या, यज्ञविद्या, देवविद्या और ब्रह्माण्डीय सरचना, जगत् के मूलकारण, आधार आदि के जो विवेचन मिलते है, वे आधुनिक वैज्ञानिक निष्कर्षो से परिपुष्ट होते है और कई दृष्टियो मे उससे भी आगे की बात रखते है।

यदि हम वैदिक विचारो को आलोचनात्मक दृष्टि से देखे तो अनेक विचारो किसी

स्थानविशेष या व्यक्तिविशेष के लिये न होकर सब स्थानो पर रहने वाले सब लोगो के लिए सर्वदा के लिए कल्याणकारी प्रतीत होते हैं। तदनुसार भूमि पर सभी मानवो का अधिकार है। मनुष्येतर प्राणी और पर्यावरण की सुरक्षा सब मनुष्यो का दायित्व है। विश्वशान्ति, विश्वबन्धुत्व, अभय आदि वे उदात्तभाव है, जो सर्वकल्याण के आधार है। मानवीय अधिकारो और कर्त्तव्यो की चर्चा और उसके लिए सदाचरण की अनिवार्य, वैदिक मन्त्रो मे प्रतिपादित की गयी है। जीवन मे सर्वांगीणता और समग्रता के विकास की आवश्यकता पर वैदिक चिन्तन मे पुन. पुन. बल दिया है, जिसका महत्त्व भी सबके लिए है। प्रस्तुत पत्र मे इन तथ्यो को विस्तार से प्रतिपादित किया गया है।

अथर्ववेद में प्रतिपादित नैतिकता के सिद्धान्त

डॉ0 किरण टण्डन

रीडर, सस्कृत-विभाग

कुमाऊँ विश्वविद्यायल, नैनीताल (उत्तराचल)

मनु का कथन **वेदोऽखिलो धर्ममूलम्** (2/6) इस बात को प्रमाणित कर देता है कि वेद मानव को उसके धर्म, आचरण, कत्तव्यादि का ज्ञान कराने मे पर्याप्त समर्थ है। भारतीय सस्कृति की आधारभूत विशेषताओ का विस्तृत वर्णन सर्वप्रथम हमे अपेन वैदिक वाड्मय मे ही उपलब्ध होता है। इसमे समस्त मानव समुदाय के लिए आवश्यकत एव कल्याणकारी तत्त्वो का जो निर्वचन किया गया है वह किसी न किसी रूप मे नैतिकता से सम्बन्धित है। ऋग्वेद, यजुर्वेद एव सामवेद के ही समान अथर्ववेद मे भी ईश्वर के प्रति आस्था, देवताओ से सहयोग के लिए प्रार्थना, माता-पिता एव गुरुजनो का आदर, सत्यनिष्ठा, राष्ट्रभक्ति, परोपकारपरायणता, कर्त्तव्यनिष्ठा, व्यवहार मे सौमनस्य, आत्मानुशासनादि मानव के लिए कल्याणप्रद बातो का उपदेश मिलता है। अथर्ववेद का एक मन्त्र-**मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन् मा स्वसारमुत स्वसा। सम्यञ्च सव्रता भूत्वा वाच वदत भद्रया।।** 3/30

अथर्ववेदे दीर्घजीवनकामना

प्रो वेदप्रकाश शास्त्री

आचार्य एव उपकुलपति

गु का वि वि हरिद्वार

मानवजीवन सर्वोत्कृष्टमस्ति मतमिद निरन्तरायतया निखिलाना चिन्तनपराणा विदुषा नितरामभिमतम्। मानवाभ्युदयार्थ समभीप्सित यत् ज्ञान वेदेषु विद्यते ततोऽधिक नान्यत्र क्वचित्। अत एव **'सर्वं वेदात् प्रसिध्यति' 'यत· सर्वा प्रवृत्तय ' 'सर्वज्ञानमयो हि स·'** इति निगद्य महर्षयो

निजवाग्ज्योतिषा सासारिकजनाना ज्ञानदीप दीपयन्ति। वेदमन्त्रान् तदर्थांश्च समालोक्य विश्वभद्रता प्रकटयन्ति। को न खलु कामयते दीर्घजीवित सुखे कस्य न रमते मन। दीर्घजीविकापहरणाणि कर्मजातानि सम्पादयन्नपि पुमान् न दु खे मतिमाप्नोति। विश्वतो जनाश्चिन्तयन्ति तानुपायान् यैरवाप्यते दीर्घजीवनम्। अथर्ववेदे दीर्घजीवनोपाया दीर्घजीवनप्रार्थनाश्च सन्ति।

वेदोक्त प्रजा-गुणों की समसामयिकता

डॉ0 वन्दना शुक्ला, डॉ0 अरुण शुक्ल

प्रजा के गुणो के सबध मे विभिन्न स्थलो पर वेदो ने हमे निर्देश दिये हैं जैसे अथर्ववेद का एक मन्त्र द्रष्टव्य है-सत्य बृहदृतमुग्र दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञ पृथिवी धारयन्ति। सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्युरु लोक पृथिवी न· कृणोतु।। अथर्व 12/01/01 बृहत् सत्य, बृहत् ऋत, उग्र, दीक्षा, तप, ब्रह्म और यज्ञ से सभी पृथिवी का धारण करते है। इनसे धारण की हुई हमारे भूत और भविष्य की रक्षा करने वाली हमारी मातृभूमि हमे महान् प्रकाश और उत्तम स्थान प्रदान करती है। इस मन्त्र मे सत्य आदि सात गुणो को भूमि अर्थात् राष्ट्र का धारण करने वाला बताया है। यदि किसी राष्ट्र की प्रजा मे महान् सत्व प्रदान करने वाला सत्य महान् सत्याचार वाला ऋत, क्षत्रियोचित तेजयुक्त उग्र, दृढ सकल्प सहिष्णुता और सरलता, विद्या-विज्ञान की अध्ययनशीलता तथा मिल जुलकर कार्य करने की क्षमता से सात गुण होगे तो उस देश का आध्यात्मिक और भौतिक विकास कभी अवरुद्ध नही होगा और न ही राष्ट्र का कभी पतन होगा। आज भी इन गुणो का महत्त्व कम नही हुआ है। उग्रवाद, आतकवाद इसके उदाहरण है। इसी दृष्टि से शोध आलेख प्रस्तुत है।

वर्तमान सन्दर्भ में वेदों की प्रासंगिकता

डॉ0 रेणु बाला

रीडर व अध्यक्ष, सस्कृत विभाग

गुरु नानकदेव विश्वविद्यालय अमृतसर।

वेद विश्व ज्ञान के भण्डार है। आदिकाल से ही वेद तथा वैदिक साहित्य प्रेरणास्रोत रहा है। हमारी जीवन-पद्धति मे वेद का बहुत बडा योगदान रहा है। वेद के अद्वितीय महत्त्व को देखते हुए कहा गया है-**वेदोऽखिलोधर्ममूलम्**' हमारे जीवन से जुडे हुए पक्ष वैदिक साहित्य मे उपलब्ध है। प्राचीन काल से ही प्रत्येक क्षेत्र मे वेद की आवश्यकता रही है। वर्तमान युग मे निरन्तर विकृत हो रही सामाजिक स्थिति, सर्वत्र फैल रहे भ्रष्टाचार, गिर रहे नैतिक मूल्यो, टूट रहे पारिवारिक रिश्तो धनलिप्सा, भोगोन्मुख प्रवृति, शासकवर्ग की कर्तव्य-विमुखता आदि को देखकर हमे निर्दिष्ट जीवनमार्ग

अपनाने की आवश्यकता अनुभूत होती है। इसीलिए वेद की उपयोगिता पहले से कही अधिक प्रतीत होती है। सुव्यवस्थित तथा सगठित समाज के लिए अपेक्षित कुछ एक तत्त्वो के सम्बन्ध मे वेद का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा रहा है।

वेदों में आदर्श जीवन

अवनीश कुमार, (शोध छात्र)

गढवाल विश्वविद्यालय

विश्व वाङ्मय का प्राचीनतम ग्रन्थ वेद है। वेद सत्यविद्याओ का मूल स्रोत है। मनु महाराज ने समस्त धर्मो (कर्त्तव्यो) का मूल वेद के माना है- **वेदोऽखिलो धर्ममूलम्।** मनुस्मृति (2 6) वेद शब्द की व्याख्या करते हुए आचार्य सायण तैत्तिरीय सहिता की भाष्य भूमिका मे लिखते है-**इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारयोरलौकिकमुपायं यो ग्रन्थो वेदयति स वेद**। प्रस्तुत शोध लेख के माध्यम से वेद समुद्र मे विद्यमान अनेक उपदेश रत्नो मे से प्रमुख आदर्श जीवन को अलङ्कृत करने वाले छन्द रूपी सीपियो मे गुप्त मोतियो को जीवन मे धारण करने से जीवन आदर्श पूर्ण होगा ही साथ मे परम लक्ष्य की प्राप्ति भी अवश्य हो सकेगी-आदि भावो को प्रकट करने का प्रयास है।

लोक जीवन के मार्गदर्शक वेद

सुजाता मगोत्रा

शोधच्छात्रा पी एच डी सस्कृत-विभाग,

जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू-180006

वेद प्रत्येक मनुष्य को सत्य बोलने तथा सत्य का व्यवहार करने का उपदेश देते है। वेदो के अनुसार सत्य के समान कोई तप नही तथा झूठ के समान कोई पाप नही। आज ससार मे प्रत्येक व्यक्ति सफलता एव विकास चाहता है। वेदो मे सफलता और विकास का मूलमन्त्र बताते हुए सत्य, मन, कर्म, वाणी की एकता, छलकपट रहितता, ईमानदारी, हृदय की विशालता, उदारता सहिष्णुता मर्यादा, सयम, कष्टसहन शक्ति तथा योग्यता आदि गुणो को सफलता का एक मात्र उपाय एव आधार बताया है। वाणी की मधुरता एव सगठन शक्ति का उपदेश भी वेदो मे निहित है। वेद मानव को भ्रष्टाचार को समाप्त करने का भी उपदेश देता है। वेदो के अनुसार मानव के भाव-विवेक, सहानुभूति, सहिष्णुता, समभाव सहयोग, सच्चरित्र, प्रेम, न्याय, सत्य अहिसा, उदारता, सहृदयता, आत्मीयता आदि गुणो से युक्त होना चाहिए। इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि वेदो मे जहाँ आध्यात्मिक तत्त्वो का गूढ विवेचन है, वही दैनिक जीवन सम्बन्धी लौकिक बातो का बडी सरलता

से प्रतिपादन किया गया है। इस प्रकार हम यह कह सकते है कि लोकजीवन के मार्गदर्शक है वेद। सम्पूर्ण तथ्यो का निदर्शन शोधपत्र मे सन्निहित है।

वेदों में राजा के कर्त्तव्य

डॉ0 उमा जैन

रीडर सस्कृत-विभाग

मु0 ला0 एण्ड जय0 ना0 खेमका गर्ल्स कॉलिज, सहारनपुर

चारो वेदो मे सैकडो मन्त्रो मे राजा के कर्त्तव्यो का निर्देश है। ऋग्वेद ओर यजुर्वेद मे वरुण का सम्राट् रूप मे वर्णन है और उसके लिए विशेषण दिया गया है-'**धृतव्रतः**' अर्थात् निर्धारित नियमो और कर्त्तव्यो का पालन करने वाला। व्रत शब्द निर्धारित नियम, अनुशासन, प्रतिज्ञा और सकल्प के अर्थ मे आता है-'धृतव्रत·' से ज्ञात होता है कि राजा के लिए भी कुछ कर्त्तव्य निर्धारित है और उनका पालन करना राजा का कर्त्तव्य है। अथर्ववेद मे प्रकृति रजनात्, प्रजा का पालन (रञ्जन) करने के कारण राजा होता है। राजा के अभाव मे धनवान् असुरक्षित रहते है। कृषक एव ग्वाले द्वार बन्द करके सोते है। जिस प्रकार बिना जल के नदी, बिना घास के वन, बिना गो रक्षक के पशुओ का झुण्ड, उसी प्रकार बिना राजा के एक देश की स्थिति होती है। अत· देश मे सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए राजा का होना अत्यावश्यक है।

उद्धरेदात्मनाऽऽत्मानम्

आचार्य डॉ0 नागेशचन्द्रपाण्डेय

9-10, सेनानी विहार, दहिलामऊ

प्रतापगढ (उ0प्र0)

विद् ज्ञाने, विद् विचारणे, विद्लृ लाभे, विद् सत्तायामिति धातोर्घञ् प्रत्ययेन निष्पन्नो वेदशब्द सम्यग्ज्ञानस्य विचारस्य सत्तायाश्च बोधको विद्यते। **विद्यन्ते धर्मादय साधनोपाया यैस्ते वेदा.**-ऋक्प्रातिशाख्ये। '**इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारयोरलौकिकमुपायं यो ग्रन्थो वेदयति स वेद.**'-तैत्तिरीयसहिताया सायणभाष्ये-1/1/1 इत्यादिकथनैर्वेदस्य महत्त्वमतितरा स्पष्टम्। वेदे प्रयुक्ता शब्दनिवहा: पद्यात्मका गद्यात्मका वा मन्त्रशब्देनाख्यान्ते।

त एव वेदे प्रयुक्ता मन्त्रा अर्थवन्तो निरर्थका वेति विद्वद्भिर्विचारितम्

यद् भद्रं तन्न आसुव

डॉ0 जयनारायण पाण्डेय·

(पूर्व प्रोफेसर· अध्यक्षय सस्कृत-विभाग·, राची विश्वविद्यालय·,

वैदिक देवाना कल्याणोन्मुखम् उत्कृष्टम् आदर्शस्वरूप ध्यात्वा ऋषय· धर्माचरणे प्रवृत्ता·। वैदिकधर्मीणामिदमेव लक्ष्यमस्ति यत् प्रोन्नतिविरोधिनी भावनासु शक्तिषु च विजय प्राप्य मानवा. आत्मन उत्तरोत्तर विकास कुर्यु.-**उद्वयं तमसस्परि स्व. पश्यन्त उत्तरम्। देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम्॥** (यजु. 20/21) उत्तरोत्तर समुन्नतिकरणमेव अमृतत्व स्वराज्यम्। वैदिकमन्त्रेषु अयमेव ज्योतिर्मय लोक·।'

वैदिक कर्मकाण्डसम्बद्ध. यजुर्वेद. उदात्तभावनया ओतप्रोत। वैदिक प्रार्थनाया. प्रथम वैशिष्ट्य विद्यते बहुवचनान्तनिष्ठम्। उदाहरणार्थम्-**विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आसुव।** (यजु0 30/3) अर्थात् हे देव सवित। ये अस्मदर्थं कल्याणकृता तान् ता अस्मान् प्रददातु। **'अग्ने नय सुपथा राये अस्मान्'** अर्थात् हे प्रकाशमय देव। अस्मान् सन्मार्गे गमनाय प्रेरयतु। पुन **'धियो यो न. प्रचोदयात्'** अर्थात् अस्माक बुद्धि प्रेरयतु। वैदिर्कषय स्वार्थं परित्यज्य समष्टिभावनयायुक्ता आसन्।

वेदानां वैशिष्ट्यम्

आचार्या शिवदत्त शुक्ल

गुढाकला (छतरपुर म0 प्र0)

अस्मिन् शोधपत्रे वेदाना वैशिष्ट्यविचारचिन्ताया कतिपयेऽनुयोगा. पुरतोऽवतिष्ठन्ते। वेदाना वैशिष्ट्यविषये शोधपत्रेऽस्मिन् विस्तृता चर्चा विचारणा समीक्षणा च विशेषेण भविष्यति।

विश्वशान्तिसन्दर्भे वेदस्य योगदानम्

डॉ0 भगवत शरण शुक्ल, प्राचार्य

सौदामिनी सस्कृत महाविद्यालय, 149 विवेकानन्द मार्ग, इलाहाबाद,

वेदा स्वकीयोपदेशमाध्यमेन, देवाराधनज्ञापनेन, यज्ञमाध्यमेन, रोगपापशमनार्थवैदिकानुष्ठानेन स्वकीयोक्तनियमपरिपालनेन शान्तिबोधकमन्त्रमाध्यमेन च विश्वशान्ति परिपालयन्ति। इत्थ विश्वशान्त्यै वेदो यदेकत्र नियमपरिपालनयागानुष्ठानधर्माचरणाद्युपायान् बोधयति एकत्र च स्वयमेव विश्वशान्ति कामयते-शान्ता द्यौ शान्ता पृथिवी शान्तमिदमन्तरिक्षम्। शान्ता उदन्वतीराप· शान्ता नः सन्त्वोषधी शान्तानि पूर्वरूपाणि शान्त नो अस्तु कृताकृतम्। शान्त भूत च भव्य च सर्वमेव शमस्तु न.॥

अथर्ववेद-19/9/1।। इत्थ वेदो विश्वशान्तिसन्दर्भ स्वकीय महत्त्वपूर्ण योगदान विदधाति।

विविधक्षेत्रेषु ज्ञानस्रोतांसि वेदाः

डॉ0 आचार्या अन्नपूर्णा

द्रोणस्थली आर्षकन्या गुरुकुल देहरादून

सर्वविध ज्ञान वेदेषु निहितमस्ति। विविधक्षेत्राणा ज्ञानस्रोतासि वेदा एव सन्ति। आध्यात्मिकयज्ञस्य, दर्शनस्य, धर्मस्य समाजस्य विज्ञानस्य सर्वविधक्षेत्राणा यथा-भूगर्भ-वनस्पति-रसायन-प्राणीविज्ञान- आयुर्विज्ञानादीना सर्वक्षेत्राणा मूलस्रोतासि वेदा एव परिलक्ष्यन्ते।।

वेदस्य निष्कारणधर्मत्वम्

डॉ0 कृपा राम त्रिपाठी अभिराम

रीडर-सस्कृत-विभाग

एम एल के पी जी कालेज, बलरामपुर- उ0 प्र0

वेदो न केवलमेक ग्रन्थमात्रमपितु स साक्षाच्चेतनो धर्मो यदाश्रयेण कृत्स्नमपि ब्रह्माण्ड प्रतिष्ठित वर्तते। धर्मे सर्व प्रतिष्ठितमिति यदुच्यते तत्र वेदस्यैव तात्पर्यं विद्यते। नियतानपुर्वीवेदे केवल शब्दस्य प्राधान्य नास्ति। यथा जगद् ब्रह्मविवर्त तथा न तावद्वेदोऽपि ब्रह्मविवर्त प्रत्युत वेद. परमात्मनो वाङ्मयो विग्रह एवास्ति। सुतरामतो वेदस्य प्रामाण्यमाधारश्च सर्वेषा प्राणिना कल्याणाय सर्वथाऽपरिहार्यमस्तीति वेदस्य निष्कारणधर्मत्व विवृत्य वेदस्योपयोगिता प्रकाशनायास्मिन् शोधपत्रे सप्रमाण प्रयासो विहित ।

विभिन्नक्षेत्रेषु वेदाना योगदानम्

डा0 महेन्द्र पाण्डेय

प्राध्यापक शुक्ल यजुर्वेद

सम्पूर्णानन्द सस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी

वेदविद्वासो वेदविज्ञानेन हौत्रज्ञानोपासनाचरणसस्कारादिकर्माणि समुपदिशन्ति। यथा शिक्षा कल्पो अथ व्याकरण निरुक्त छन्दो ज्योतिषमिति, आयुर्वेद-धनुर्वेद-गन्धर्वादिवेदाः, धर्मशास्त्रदीन्युपाङ्गानि च सन्ति तदुपदिष्टाः विषया. अस्माक जीवनदर्शने शान्ति प्रयच्छन्ति प्रकाशयन्ति च।

यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्

डॉ0 राममूर्ति चतुर्वेदी
वरिष्ठ-प्राध्यापक ऋग्वेद
सम्पूर्णानन्द-सस्कृत वि0वि0 वाराणसी-2

अस्यामेव वेदविहितवैश्विकभावभूमौ **'वसुधैव-कुटुम्बकम्' 'स्वदेशो भुवनत्रयम्' 'सा संस्कृति प्रथमा विश्ववारा' 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्'** इत्यादयः स्मृतय श्रुतयश्च सुतरा सगच्छन्ते। शोधपत्रेऽस्मिन् **'कुत्र विश्व भवत्येकनीडमि'**ति प्रश्नस्य वैदिकसमाधानार्थं वेदेषु बहुदेवतावाद निरूप्य तत्र सर्वेषा विश्व भवत्येकनीडमिति सप्रमाण समाधानप्रतिष्ठापनमपि विश्वस्मै वेदाना योगदानमस्तीति सामोद कल्पयितु शक्यत इति दिक्।

ज्ञानपथ प्रवर्त्तक सूर्य

भोलेन्द्र पाण्डेय
सहायक शिक्षक,
मनोहरलाल इन्टर कॉलेज,
चाकुलिया पूर्वी सिहभूम झारखण्ड

सूर्य की उत्पत्ति विराट् पुरुष की आँख से कही गई है। आँख का प्रमुख कार्य है देखना और देखना ही जानना है। पुरुष सूक्त में वर्णित मन्त्र **'चक्षो सूर्यो अजायत'** से यह अभिव्यक्त होता है कि सूर्य ही वस्तुओं को रूपायित करते हैं, दृश्य बनाते हैं, दृष्टिपथ मे लाते हैं, ज्ञान प्रदान करते हैं और बुद्धि को सन्मार्ग पर प्रेरित भी करते हैं, सम्भवत· इसीलिए उन्हे जगत् चक्षु, गुरूणा गुरु·, जगद्गुरु, कर्मसाक्षी, अज्ञाननाशक, ज्ञान प्रकाशक तथा अन्धकार को दूर करने वाला कहा गया है।

वाणी का वैभव स्वरात्मक तथा व्यञ्जनात्मक वर्णो पर आधारित है। सस्कृत वाङ्मय में व्यवहृत समस्तवर्ण किसी न किसी देवता से अधिष्ठित हैं, यद्यपि विभिन्न वर्णों के भिन्न-भिन्न देवता हैं, फिर भी भगवान् सूर्य समष्टि रूप से सभी वर्णों के देवता हैं। श, ष, स और ह को ऊष्म वर्ण कहा जाता है और इन वर्णों के देवता सूर्य हैं। जब सूर्य रश्मियाँ धूलिकण के साथ किसी छिद्र आदि से पार करती हैं तो उनके चञ्चल गति को देखकर अणुमात्रा का समय एव उनके गुरुत्व से त्रसरेणु का तौल बतलाया गया है। चार अणुमात्रा काल का सामान्य एकमात्रा काल होता है और एक मात्रिक वर्ण को ह्स्ववर्ण कहा जाता है। मन में त्वरित गति से यदि शब्दोच्चारण की भावना रहती है तो उस उच्चारण का प्रत्येक स्वरवर्ण एक अणुमात्रा काल का माना जाता है।

प्राचीन नक्षत्रों का आधुनिक परिचय

लेफ्टि कर्नल एम पी बडौला
9, विष्णु लोक तपोवन मार्ग
देहरादून।

मनुष्य ने तारागण व समूहो का प्रयोग, धर्म, ज्ञान व समाज सेवा आदि के लिए अपने अपने तरीके से किया। भारत मे इनका प्रयोग इसी तरह यज्ञ, कर्मकाण्ड व ज्योतिष मे किया गया जिसका वर्णन वेद, पुराण व अन्य वैदिक ग्रन्थो मे मिलता है। तारागणो का वर्गीकरण भारत व पाश्चात्य सभ्यताओ द्वारा लगभग समान रूप से किया जैसे ग्रह चन्द्रमा, राशियाँ व नक्षत्र आदि। भारत मे नक्षत्रो की ओर अधिक ध्यान दिया गया राशियो की ओर इतना नही, अत· इनका वर्णन प्राचीन वैदिक ग्रन्थो मे व साहित्य मे कम ही मिलता है। भारतीय ज्ञानियो ने अथर्ववेद के उन 28 तारागणो की ओर विशेष ध्यान दिया, जो सूर्य चन्द्र के क्रातिवृत पर व थोडी सी दूरी पर स्थित थे व हैं। इनको नक्षत्र माना व उचित नामावली दी व महीनो का नामकरण भी इन्ही नक्षत्रो के नाम पर किया गया।

वैदिक साहित्य में पुरुषार्थ चतुष्टय की अवधारणा

डॉ0 अनिता जैन
वरिष्ठ प्रवक्ता--सस्कृत
वनस्थली विद्यापीठ जिला टोक, राजस्थान

ससार के साहित्य मे वेद का अपना विशिष्ट स्थान है। 'वेद' जहाँ एक और हमारे निखिल ज्ञान-विज्ञान के स्रोत है, वही दूसरी और हमारी उदात्त सस्कृति के भी परिचायक है। भारतीय विचारको एव मनीषियो ने व्यक्ति एव समाज के उदात्त स्वरूप तथा सर्वाङ्गीण विकास के लिए चार पुरुषार्थों का विधान किया है। ये चार पुरुषार्थ है - धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। पुरुषार्थ' शब्द का अर्थ है - पुरुषैर्ध्यते इति पुरुषार्थ अर्थात् पुरुषो के द्वारा जो इष्ट होता है वही पुरुषार्थ है। ये चारो पुरुषार्थ मानव जीवन के आर्थिक, बौद्धिक, नैतिक एव आध्यात्मिक आदि विभिन्न पक्षो से सम्बद्ध है। इनमे से अर्थ और काम प्रवृत्तिमूलक पुरुषार्थ है। मोक्ष निवृत्ति मूलक पुरुषार्थ है व धर्म प्रवृत्तिनिवृत्ति मूलक पुरुषार्थ है अर्थात् धर्म' ही एकमात्र ऐसा पुरुषार्थ है, जो ससार मे प्रवृत्त कराते हुए मोक्ष की ओर प्रेरित करता है, इससे भौतिक और आध्यात्मिक दोनो उन्नति सभव है। अर्थ' से अभिप्राय है- विद्या और क्षमता के अनुसार परिश्रम पूर्वक धनप्राप्ति और धर्म के अनुसार उसका

उपयोग एव उपभोग।

वेदों में मनुष्य का भोजन

कविता आर्या

बडौत (बागपत)

वैदिक मान्यता है कि ईश्वर के ज्ञानमय अनन्त सामर्थ्य से वेदविद्या और कार्यरूप प्रकृति उत्पन्न होती है। ईश्वर ही मनुष्यादि और गौ आदि प्राणियो के शरीर की रचना करता है मनुष्येतर समस्त प्राणियो का जीवन स्वाभाविक जातीय ज्ञान एव नैसर्गिक नियमो पर टिका होता है। विचारशक्ति के अभाव मे वे उन नियमो को तोडने का प्रयत्न नही करते है। अतः उनका जो स्वाभाविक भोजन होता है, वे सदैव उसे ही ग्रहण करते है। जो जीव शाकाहारी है वह शाकाहार और मासाहारी जीव-जन्तु मासाहार ही ग्रहण करते है। यही नही बल्कि शाकाहार मे भी पशु आदि भिन्न-भिन्न प्राणी भिन्न-भिन्न प्रकार का मास भक्षण करते है। किन्तु मनुष्य के साथ ऐसी स्थिति नही है। कोई मनुष्य शाकाहारी है तो कोई मासाहारी। अत मनुष्य को सर्वाहारी तक कहा जाता है। फिर प्रश्न होता है कि-मनुष्य को अन्तत ईश्वर ने शाकाहारी बनाया है या मासाहारी। ऋग्वेद मे ईश्वर उपदेश करता है-**अहं दाशुषे वि भजामि भोजनम्** अर्थात् मै सबको सुख देने हारे जगत् के लिए नाना प्रकार के भोजनो का विभाग पालन के लिए करता हूँ। **पय पशूना रसमोषधीना बृहस्पतिः सविता मे नियच्छत्।** यहाँ प्रार्थना की गई है कि- हे उत्पादक परमेश्वर। मुझे पशुओ का दूध और औषधियो का रस सदैव प्राप्त होता रहे। पशुओ के लिए वेद मे पशुपालन की आज्ञा प्राप्त होती है। वेद कहता है-**व्रजं न पशुवर्धनाय** अर्थात् पशु सवर्धन के लिए व्रज (गोशाला) बनाओ। व्रज मनुष्यो की दुग्धादि की आवश्यकता की पूर्ति करते है।

वैदिक लोक जीवन

डॉ0 श्रीमती कृष्णा जैन

सहायक प्राध्यापिका, सस्कृत,

महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उत्कृष्ट

महाविद्यालय, ग्वालियर मध्य प्रदेश

जब हम वैदिक कालीन लोकजीवन पर बात करते है तो हमे यह जान लेना अत्यन्त आवश्यक है कि लोक क्या है? 'लोक' हमारे जीवन का महासमुद्र है, उसमे भूत, भविष्य, वर्तमान सभी कुछ सँचित रहता है। 'लोक' की परिधि व्यापक है। यह शब्द वर्ग भेदरहित, व्यापक एव

प्राचीन परम्पराओं की श्रेष्ठ राशि सहित अर्वाचीन सभ्यता-सस्कृति के कल्याणमय विवेचन का द्योतक है। भारतीय सस्कृति के रथ का यह एक चक्र वेद अर्थात् शास्त्र पर आधारित है, तो उसका दूसरा लोक पर टिका हुआ है। जीवन से सबन्धित सभी उपकरणों को लिए हुए उसका अपना एक सामूहिक व्यक्तित्त्व हैं। वस्तुत· जिसे सस्कृति की सज्ञा दी जाती है, वह लोक भिन्न नही है। उसका उत्स लोक ही है लोक का महत्त्व सर्वकालीन है।

मानव-कल्याणार्थ ऋग्वेद-प्रसूत 'सञ्ज्ञान-सूक्त'

श्रीमती दुर्गादेवी पाण्डेय

त्रिलोकनाथ स्नातकोत्तर

महा वि , टाँडा-24190 (अम्बेडकर नगर उ0 प्र0)

उसे सबसे मिलकर रहना होगा, सबके सुख में सुखी सबके दुःख में दु·खी होना पडेगा। अहकार त्यागकर समसरता और आत्मीयता को अपनाना होगा। वैदिक ऋषि को पुरोहित बनकर अह भावनाग्रस्त गृहस्थों के हाथ सें निजी हवनसामग्रियों को लेकर सबको एक में मिलाकर सामूहिक बनाकर सबके प्रतिनिधि के रूप में सार्वजनीन यज्ञ में सबके मन में विद्यमान धनी-निर्धन, उच्चावच सबल-दुर्बल के भेद को आहुति के साथ स्वाहा करना होगा, जिससे वैदिक सामाजिक समता की गङ्गा प्रवाहित होकर सबके मनोमालिन्य और कुभावों का आत्मसात् कर सबको एकता के सूत्र में निर्मल मन से आबद्ध कर सकें, और हमारे समाज में आर्यता का विस्तार हो और उच्चता और हीनता की ग्रन्थि का जन्म ही न हो। इस वैदिक पावन भावना का दिग्दर्शन आज भी सामूहिक योगों में भारतीय समाज के साथ विश्वसमाज में किया जा सकता है।

वैदिक जीवन मूल्य

श्रीमती अलका सिह

शोध छात्रा (सस्कृत-विभाग)

जितेन्द्र सिह

शोध छात्र (दर्शन विभाग)

गुरुकुल कागडी विश्वविद्यालय, हरिद्वार।

वेद का अर्थ है विश्वात्म ज्ञान। वेदों का लक्ष्य मानव जीवन और विश्व जीवन की रचना की व्याख्या करना और उसे सुचारु रूप से चलाने के लिए जीवन मूल्यों को प्रतिपादित करना है।

वेदो ने मानव को स्वय का ज्ञान कराया है। मानव समाज जिसमें परिवार, समाज, राष्ट्र जिनमें परिवारों में पति-पत्नी सम्बन्ध, माता-पिता सम्बन्ध, भाई-बहन सम्बन्ध, विद्यालय में गुरु-शिष्य सम्बन्ध, राष्ट्र में प्रजा-राजा सम्बन्ध, बालक-बालिका सम्बन्ध हैं। ये सारा समाज हजारों लाखों वर्षों से एक व्यवस्था के अन्तर्गत कार्य कर रहा है इस सामाजिक ढाँचे को, पारिवारिक ढाचे को सुचारु रूप से चलाने के लिए और इन्हें स्थिर रखने के लिए वेद ने व्यवस्थाओं के रूप में जीवन-मूल्यों को प्रतिपादित किया है।

वेदोन्मुखी मार्ग प्रवृत्तिमूलक

राजकुमार छाबरा

शोधार्थी- प्राचीन भारतीय इतिहास सस्कृति एव

पुरातत्त्व विभाग, गु.का वि वि , हरिद्वार।

वेदों की प्राचीनता के बारे में यहीं से अनुमान लगाया जा सकता है कि विश्व का सबसे प्राचीन ग्रथ ऋग्वेद' है। अर्थात् वेदों से ही मानव के अस्तित्त्व व ज्ञान का पता चलता है। ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद' के अन्दर विश्व के सम्पूर्ण ज्ञान का भण्डार है। वेदो की पवित्रता का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है क्योंकि वेदों को मानवकृत न मानकर देवताओं द्वारा माना गया है। स्वामी दयानन्द सरस्वती' ने विश्व को प्रकाशमान करने वाले भारत को स्वय अज्ञान के अधेरे में डूबा देखकर कहा था कि वेदों की ओर लौट चलो आर्य समाज ने वेदों को घर-घर पहुँचाने का जो बीडा उठाया उससे प्रतीत होता है कि जल्दी ही एक बार फिर भारत वेदो के ज्ञान के माध्यम से विश्व के शिखर पर होगा।

वेदों में मानवीय कर्त्तव्यों का प्रतिपादन

विजेन्द्र शास्त्री

गुरुकुल कागडी विश्वविद्यालय

(विद्यालय-विभाग) हरिद्वार

मानवीय जीवन के उद्देश्य और लक्ष्य पर विचार करते हुए एक मानव के सामने निम्न और उच्च स्थिति के लोगों के प्रति क्या कर्त्तव्य होने चाहिए। अतः मानव को परस्पर भ्रातृभाव तथा मित्रता दृष्टि धारण करनी चाहिए। अपने स्वार्थ को सिद्ध करने के लिए प्राणियों की हिसा करना अनुचित है। मनुष्य जीवन का उद्देश्य वेदों के अनुसार दिव्य शान्ति, दिव्य ज्योति, दिव्य आनन्द अथवा मोक्ष प्राप्त करना है। इसके लिए शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शक्तियों का विकास होना

नितान्त आवश्यक है। मानवीय कर्त्तव्यों का निर्णय ईश्वरीय ज्ञान वेद तथा पवित्र अन्तःकरण के द्वारा हो सकता है। मानव को सत्य की रक्षा करने के लिए सर्वस्व तक अर्पण करने को उद्यत रहना चाहिए। सत्य के ही कारण इस पृथ्वी का भी धारण हो रहा है। वेदों में निम्नलिखित मानवीय कर्त्तव्यों का प्रतिपादन किया गया है-1 वेदों में वैयक्तिक एव पारिवारिक कर्त्तव्य। 2 वेदों में सामाजिक एव राष्ट्रिय कर्त्तव्य। 3 वेदों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एव शूद्रों के कर्त्तव्य। 4 वेदो मे मानव की सर्वांगीण उन्नति का उपदेश।

वेदों में मानव मूल्य

डॉली जैन

व्याख्याता, सस्कृत, दर्शन व वैदिक अध्ययन विभाग

वनस्थली विद्यापीठ (राजस्थान)

वेद धर्म का मूल है। वेद धर्म के साथ-साथ भारतीय नीति के प्राचीनतम ग्रन्थ हैं। वैदिक शिक्षाऐं अत्यन्त व्यापक व सार्थक हैं। जीवन के प्रत्येक पक्ष से सम्बन्धित बातें वेदों के अध्ययन से ज्ञात होती हैं। समाज में व्यवस्था बनाए रखने के लिए तथा उसको उच्छृखल अथवा मर्यादाहीन होने से बचाने के लिए विद्वानों ने अपने अनुभव तथा ज्ञान के आधार पर कुछ नियम निर्धारित किए हैं। हम अपने चारों ओर रहने वाले मनुष्यों तथा इतर प्राणियों के सग किस प्रकार व्यवहार करें कि वह "उचित" हो- "सदाचार" की सज्ञा के योग्य हो। जिस शास्त्र में आचरण सम्बन्धी इन नियमों का विवेचन किया जाता है, उसे आचारशास्त्र कहते हैं, इसे "नीतिशास्त्र" तथा "व्यवहार शास्त्र" भी कहा जाता है।

वेदों में सदाचार-शिक्षा

डॉ0 प्रमोद योगार्थी

प्राध्यापक- दयानन्द ब्राह्म महाविद्यालय

हिसार (हरियाणा)

सज्जनों द्वारा किया जाने वाला आचार-व्यवहार ही सदाचार कहा जाता है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सदाचार का महत्त्व और स्थान है। लौकिक और पारलौकिक विकास सदाचार के पालन मे ही सन्निहित है। सदाचारहीन पुरुष एक बार को लौकिक ससाधनों को तो एकत्रित कर सकता है, परन्तु ऐसे पुरुष की पारलौकिक उन्नति सर्वथा अवरुद्ध हो जाती है और पारलौकिक उन्नति के अभाव में मानव जन्म निरर्थक है। आचारहीन न पुनन्ति वेदाः अर्थात् आचरणहीन पुरुष को वेद भी

पवित्र नहीं करते हैं। जिसके जीवन में सदाचार नहीं उसका जीवन धरती पर भार स्वरूप है, पशुओं से भी गिरा हुआ है। मनुष्य का मूल्याकन उसके आचार-विचार से ही किया जाता है।

वेदों में आचार-व्यवस्था

डॉ0 रेणु गुप्ता
प्रवक्ता
गवर्नमैंट महिला कालेज
ऊधमपुर।

भारतीय परम्पराओं और मान्यताओं के अनुसार वेद ईश्वरीय ज्ञान है, वे ईश्वर की रचना हैं, नित्य हैं और अपौरुषेय हैं। वेदों में मानव जाति के लिए दिया गया उपदेश निहित है, वही आचार संहिता मानी गई हैं। वही आचार स्वरूप ज्ञान ईश्वर ने सृष्टि के आदि मे ऋषियों के माध्यम से प्रस्तुत किया है। वेद आर्यों का सबसे प्राचीन साहित्य है, इसकी ऋचाओं में वैदिक युग की सभ्यता और सस्कृति मूल रूप से निहित है। ऋग्वेद मे आर्यों के धार्मिक, राजनैतिक, सास्कृतिक, साहित्यिक, सामाजिक, वैज्ञानिक आदि सभी प्रकार के विचारों का तथा उनकी प्रगति का विस्तृत वर्णन है।

वैदिक परिवार में आचार मीमांसा

शिशुपाल
सस्कृत-विभाग
पजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़।

परिवार का प्रारम्भ विवाह से होता है तथा परिवार मृत्यु पर्यन्त रहता है। विवाह एक धार्मिक सस्कार के रूप में स्वीकृत है। विवाह के उपरान्त पति-पत्नी का साथ-साथ रहने का विधान है। वेद में शुभाशा की गयी है कि दम्पती प्रसन्न रहते हुए खेलते हुए पुत्रों के साथ अपने घरो मे रहें। पति पत्नी का मन हवा में धुए की तरह मिला हुआ हो। दोनों एक दूसरे को इस प्रकार स्नेह करे जैसे कि चक्रवाक् करते हैं। वे पति पत्नी के रूप में एक दूसरे की अभिलाषा करें अन्य की नहीं। पुत्र पिता के वचनों का उल्लङ्घन न करे। पुत्र माता पिता से प्रीत रखता हुआ शुभ कर्मों का अनुसरण करे। जिस घर के लोग मिथ्या वाणी नहीं बोलते उस घर में सुख-समृद्धि रहती है। भाई-भाई से, बहिन बहिन से द्वेष न करे। परिवार के लोगों का भोजन, स्नान, जलपान आदि सब साथ-साथ हो।

इसी प्रकार परिवार के कर्त्तव्यों व व्यवहार का विस्तारपूर्वक प्रतिपादन वेद में यत्र तत्र मिलता है।

वेदों का महत्त्वः स्वामी दयानन्द का दृष्टिकोण

डॉ कृष्णा गुप्ता
सस्कृत प्राध्यापिका
फतेहचन्द महिला महाविद्यालय
हिसार-125001

वेद विश्व के प्राचीनतम ग्रन्थ हैं। भारतीय परम्परा के अनुसार यह ईश्वरीय वाणी है। पाश्चात्त्य विद्वान् मैक्समूलर ने भी लिखा है कि- वेद मानव-जाति के पुस्तकालय में सदा सर्वदा के लिये प्राचीनतम पुस्तक रहेंगे।' वेदों में मूलरूप से सभी विधाऐं हैं- यथा ब्रह्मविद्या, सृष्टिविद्या, भूगोलविद्या, खागोलविद्या, गणितविद्या, योगविद्या आदि। वेद धार्मिक, नैतिक, वैज्ञानिक सत्य का एक पूर्ण ईश्वरप्रेरित ज्ञान है। स्वामी दयानन्द ने वेद की धारणाओं को एक नई दिशा प्रदान की।

ऋषयो मन्त्र द्रष्टारः

डॉ0मनुदेव बन्धु
प्रोफेसर वेद-विभाग,
गुरुकुल कागडी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वैदिक परम्परा की सुप्रसिद्ध उक्ति है 'ऋषयो मन्त्रद्रष्टारः'। वेद मन्त्रों के अर्थों का साक्षात्कार करने वालों को ऋषि कहते है। ऋषि कौन हो सकता है?- निरुक्त के लेखक महर्षि यास्क लिखते है- **साक्षात्कृतधर्माणः ऋषयो बभूवुः। तेऽवरेभ्योऽसाक्षात्कृतधर्मेभ्य उपदेशाय मन्त्रान्सम्प्रादु.। उपदेशेन ग्लायन्तोऽवरे बिल्मग्रहणायेमं ग्रन्थं समाम्नासिषुर्वेदं च वेदाङ्गानि च**'। (निरुक्त 1/1) सृष्टि के प्रारम्भ में ऐसे ऋषि उत्पन्न हुए थे, जो वेदमन्त्रों के साक्षात्कृतधर्मा थे अर्थात् जिन्हें परमात्मा की प्रेरणा से वेदमन्त्रों और उनके अर्थो का साक्षात्कार हुआ था। वे साक्षात्कृतधर्मा ऋषि अपने पीछे आने वाले असाक्षात्ककृतधर्मो ऋषियों को जिन्हें परमात्मा द्वारा वेद मन्त्रों और उनके अर्थो का बोध नही हुआ था। अपने उपदेश द्वारा वेदमन्त्रों को सिखाते रहे, बाद में इन पीछे आने वाले ऋषियों ने वेद को समझने के लिए वेद को तथा निरुक्त और वेदाङ्गों को ग्रन्थ रूप में सगृहीत किया। इस प्रकार यास्क की सम्मति में वेद सृष्टि के प्रारम्भ में ऋषियों को परमात्मा द्वारा प्रदत्त ज्ञान है। आदि ऋषियों ने वेदमन्त्रों का साक्षात्कार किया था, निर्माण नहीं। साक्षात्कार पहले से ही विद्यमान वस्तु का

हुआ करता है। वेदमन्त्र परमात्मा के नित्य ज्ञान मे पूर्व विद्यमान थे, उन्ही का साक्षात्कार किया। उन मन्त्रो को स्वय नही बनाया।

विविध क्षेत्रों में वेद ज्ञान का स्त्रोत

डॉ0 दीपा गुप्ता
प्रवक्ता:- प्राचीन भारतीय इतिहास,
सस्कृति एव पुरातत्त्व विभाग
कन्या गुरुकुल महाविद्यालय (हरिद्वार)

जगत् के प्रारम्भ मे जिस प्रकार पृथ्वी निवासियो की आँखो की सहायतार्थ जगत् रचयिता ने सूर्य की रचना की, उसी प्रकार मानस-चक्षु के लिए वेदो को प्रादुर्भूत किया, जिससे मानस-चक्षु उनसे ज्ञान प्राप्त कर सके। इसीलिए वेद किसी देश या जाति विशेष के लिए नही, अपितु समस्त भूमडल के लिए प्रादुर्भूत हुए थे। भारतीय दृष्टि मे सृष्टि का उष:काल वेद का आविर्भाव काल माना जाता है। भारतीय विद्वज्जन वेदो को विविध क्षेत्रो मे सम्पूर्ण ज्ञान-विज्ञान का मूल स्त्रोत मानते है। ऋषियो की घोषणा है कि जो कुछ ज्ञान-विज्ञान इस धरा पर अभिव्यक्त हो चुका है और हो रहा है, और भविष्य मे होगा, वह सब वेदो से ही प्रसूत होता है।

ऋग्वेद में व्यक्तित्व की अवधारणा

नवदीप कुमार
सस्कृत विश्वविद्यालय पजाब
चण्डीगढ।

ऋग्वेद मे अन्य विषयो के साथ आधुनिक विज्ञान की मूल अवधारणाओ का आध्यात्मिकता के साथ अद्भुत समन्वय दृष्टिगोचर होता है। विज्ञान की ही एक शाखा मनोविज्ञान का मूल निर्धारण ऋग्वेद मे प्रतीत होता है। आधुनिक-मनोविज्ञान के अनुसन्धानो मे व्यक्तित्त्व पर बहुधा चिन्तन होता है। किन्तु व्यक्तित्त्व की सरचना मे मूल विशेषक, आदर्श व्यक्तित्त्व की कल्पना व व्यक्तित्त्व की विभिन्नताओ के कारण, ये विषय आज भी रहस्यपूर्ण दिखलाई पडते है। ऋग्वेद मे इन विषयो की मूल अवधारणाये छुपी है। इस शोधपत्र मे इसी पर विचार हुआ है।

वैदिक वाङ्मय में पृथिवी तत्त्वः एक प्रतिक्रियात्मकस्वरूप

कु0श्वेता शर्मा (शोधछात्रा)
वनस्थली विद्यापीठ (राजस्थान)

निघण्टु में पृथिवी शब्द के निम्नलिखित 21 पर्याय प्राप्त होते हैं-गौः। ग्मा। ज्मा। क्ष्मा। क्षा। क्षेणी। क्षितिः। अवनिः। उर्वी। पृथ्वी। मही। रिप.। अदितिः। इला। निर्ऋतिः। भूः। भूमिः। पूषाः। गातु। गोत्रेति पृथिव्याः। (निघण्टु) सम्पूर्ण जीवसृष्टि की आधारभूता पृथिवी माता को वैदिक वाङ्मय में वैविध्य के साथ चित्रित किया गया है। आध्यात्मिक, आधिदैविक तथा आधिभौतिक स्वरूप के साथ पृथिवी के प्रतिक्रियात्मक स्वरूप को भी यहाँ उद्घाटित किया गया है।

विद्या वेदात्मा

डॉ0 सुखमय भट्टाचार्य , एम ए ,पी एच् डी
अध्यक्षचर , काछाड महाविद्यालय॰, शिलचर॰

मनुष्येतरप्राणिना स्वत.स्फूर्त्ततया जीवनार्था प्रवृत्ति॰। विद्यया हीनास्ते वर्त्तन्ते। परमार्थहीना अर्थभाजो जनाः कर्मकुशलेन प्रयुक्तिमनेकविधामाविष्कृत्य ता विद्यात्वेन अङ्गीकुर्वन्ति। विद्यैषा भोगसमृद्धये उपयुज्यते, न तु आत्माभ्युन्नतये। यया विद्यया पशुस्तरमतियातु न पारयन्ति जनाः सा विद्या तत्त्वतो विद्यापदवाच्या भवितुमर्हति किम्? यद्यपि अर्हति मनःप्रसारणे तस्या॰ उपयोगः कियान्? दृश्यते हि प्रयुक्तिमाश्रित्यापि नरा धिया तिष्ठन्ति पशुभि॰ समाना। अत. एतेन गृहशय्यासनाशनादिसुखातिरेकपरस्य जनस्य मनस अनुशीलनम् आत्मचिन्तन वा समुदेति।

अखण्डो वेदश्चतुर्धा। वेदमुपजीव्य वैदिकसाहित्य बहुधा पल्लवितम्। वेदवेदाङ्गोपाङ्गोपवेदभेदेन विद्यानाम् अष्टादशत्व यदङ्गीकृत तद्विश्लेषणेन विद्यास्त्रोतांसि वेदा इति समर्थयितु प्रतिपादयितु च शक्यते। प्रकृते सन्दर्भे विद्यासु एता वेदानिवार्य्यता मनसि निधाय भिया क्षुद्रधिया मया सुधिया समीपे आनम्रशिरसा किञ्चिन्निवेद्यते।

अपौरुषेयी वेदवाक्

डॉ0 जयदत्त उप्रैती
भू0पू0 आचार्य स0वि0अ0,
कुमाऊँ वि0 वि0 अल्मोडा, (उत्तराचल) 263601

इदमप्यत्रावधेयमस्ति यद् भारतीय प्राचीन सर्वमार्षवाङ्मय वेदान् ऋग्यजु सामाथर्वाचभिधान् अमनुष्यकर्तृकान् प्रतिपादयति तत्र वेदेषु मन्त्रानुपूर्वी खत्वपि नित्या। वेदेषु प्रत्यक्षाप्रत्यक्षपदार्थानाम्

अतीन्द्रियाणा सूक्ष्मभूताना मनः प्राणबुद्ध्यात्मपरमात्मादिविषयाणा च यथार्थोपदेशात् सृष्टिरचनास्थितिप्रलयमहाप्रलयादिवर्णना च विज्ञायते वेदानामपौरुषेयत्वम्। अपि च वेदानामान्तःसाक्षिरूपा अनेके मन्त्रा प्रतिपादयन्ति यत् पूजनीयस्येश्वरस्य सामथर्यादेव सर्गादौ वेदा ऋषीणा हृदयेषु प्रकटयाबभवुरिति किच, यादृश्या पदावल्या वेदा. समुपनिबद्धा. सन्ति तादृशी पदावली नैवासीत् वेदभाष्या प्रयुज्यमाना कस्यचित् समाजस्य प्राचीनकाले। सस्कृतभाषा समाजस्य व्यावहारिकी भाषा आसीत् न तु वेदवाक्। अपि वेदाना प्रामाण्य सर्वोपरि विद्यते। अतो वेदवाचा मनुष्यवाचा मिथो महदन्तरम् इत्यय विषय. शोधपत्रे सप्रमाण सविस्तारश्च प्रस्तोष्यते। इति।

भाषासु वेदानां प्रभावः प्रविधयश्च

डॉ0 रामाशीष पाण्डेयः

विद्यानगर (पश्चिम) हरम्

राँची (झारखण्ड·)

वेदस्य भाषा वेदभाषा वैदिकभाषा वा लौकिकसस्कृतात् पूर्वमेव ब्रह्मण कण्ठान्निर्गता तेषा निश्वासभूता सर्वत्र प्रसृता वेदसंहितायामुपलभ्यते। निरुक्तमतेन-**'साक्षात्कृतधर्माण ऋषयो बभूवु. तेऽवरेभ्योऽसाक्षात्कृतधर्मभ्य उपदेशेन मन्त्रान् सम्प्रादु.। उपदेशग्लायन्तोऽवरे बिल्मग्रहणायेम ग्रन्थं समाम्नासिषु वेदं च वेदाङ्गानि च।'** अनेन कथनेन ऋषीणा साक्षात्कृतधर्मत्व कालान्तरेऽवरेभ्य ऋषिभ्योऽसाक्षात्कृतधर्मभ्य· संहिताया मन्त्राणामुपदेशत्वमनन्तर वेदवेदाङ्गरूपेण प्रसृतत्व चेत्यादीनि तत्त्वानि नूनमेव वेदमन्त्राणा प्राचीनत्व प्रमाणयन्ति। पाश्चात्त्या अपि विद्वास· आधुनिकाश्चापि भारतीया वेदमन्त्राणा प्रागैतिहासिकता विवेचयन्ति।

अष्टाविशतिः शताब्द्या उत्तरार्द्धे एकोनविशति· शताब्द्या· पूर्वार्द्धे च कतिपया· भाषाविद· श्लेगेल, ब्लूमफील्ड, मैक्समूलरप्रभृतय पाश्चात्त्या विद्वासः भाषाणा तुलनात्मकाध्ययनेन प्राप्तवन्तो यद् जर्मन-केल्टिक- ग्रीक-लैटिन-लिथुयानियन-स्कैण्डीनेवियन-ईरानियन-सस्कृतभाषाणाञ्च शब्देषु न केवल सामीप्यसम्बन्धो विद्यतेऽपितु व्याकरणस्य नियमेष्वपि आश्चर्यकर साम्य विद्यते। निष्कर्षरूपेण ते कथितवन्तो यदेताः सर्वा भाषा नूनमेव कस्या अपि एकस्या मूलभाषाया निष्पन्ना विद्यन्ते। ते कामप्यनवस्थिता भाषात्वेनाभावपरा शशविषाणवदनुपलब्धा सर्वासा भाषाणा मूलभाषा प्राग्भारोपीयभाषामेव स्वीकुर्वन्ति। तेषा मते भविष्यति काऽपि एतादृशीभाषा यस्या· सर्वा भाषा निर्गतास्तथा सा एव मूलभाषा भविष्यति। परमत्रावधेयमस्ति यत् प्राग्भारोपीयभाषा न काऽपि जगतितले प्राप्यते न वा तस्या भाषायामेकपत्रात्मकमेकशब्दात्मकमपि साहित्य विद्यते येन भाषाया अस्तित्त्वबोधो जायेत। विशेषत· पाश्चात्त्यभाषाविदा कल्पिता शशशृगायिता खपुष्पायिता वा भाषा कथ सर्वासा भाषाणा

व्युत्पादिका मूला वा भवितुमर्हतीति विद्वासो विचारयन्तु।

ऋग्वेद में भाषाचिन्तन

डॉ केदारनाथ शर्मा
रीडर, सस्कृत-विभाग
जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू।

यूरोपीय समस्त वाङ्मय का मूल स्रोत जिस प्रकार ग्रीक भाषा मे ढूढा जाता है, उसी प्रकार भारतीय परम्परा वेद को ज्ञान-विज्ञान की समस्त शाखाओ का मूल मानती है। वेद भारतीय समस्त ज्ञान के रत्नाकर हैं। मनु ने सर्वज्ञानमयो हि स॰' कहकर वेद को समस्त ज्ञान का मूल माना है। भारत मे भाषावैज्ञानिक चिन्तन का जन्म प्राचीनतम वैदिक वाङ्मय ऋग्वेद काल मे ही हो गया था। ऋग्वेद मे भाषा (वाक्) के महत्त्व को प्रतिपादित करने वाले अनेक सूक्त मिलते हैं ओर साथ ही भाषा (वाक्) को सृष्टि के रहस्य के रूप मे देखने वाले विचार का बीज भी इसमे मिलता है। ऋग्वेद मे मुख्य रूप से तीन सूक्त भाषा की महिमा का गान करने वाले हैं। ये तीन सूक्त हैं-1 अस्य वामीय सूक्त (1 164) 2 वाचस्पति या बृहस्पति सूक्त (10 71) 3 वाक् सूक्त (10 125)। अस्य वामीय सूक्त के 23वे मन्त्र मे सृष्टि की वाक्-मूलता, 41वे मन्त्र मे वाक् द्वारा जल सृष्टि, 45वे मन्त्र मे वाक् के चार प्रकार, 49वे मन्त्र मे वाक् द्वारा विश्वपोषण आदि की चर्चा मिलती है। ऋग्वेद का वाचस्पति या बृहस्पति सूक्त तो भाषाविषयक चिन्तन की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसमे भाषा की परिशुद्धि पर विशेष बल दिया गया है, क्योकि शुद्ध भाषा ही कल्याण का निधान हो सकती है (ऋक् 10 71 2)। इसी सूक्त के चतुर्थ मन्त्र मे भाषा की रहस्यमयता, पञ्चम मन्त्र मे शब्दार्थ ज्ञान की महत्ता एव आवश्यकता का विवेचन है। वाक् सूक्त मे भाषा (वाक्) द्युलोक, अन्तरिक्ष और पृथ्वी की सर्जिका, पालिका और सहारिका शक्ति के रूप मे वर्णित है। वाक् ही देवताओ की धारिका शक्ति मानी गई है (ऋक् 10 125 1)। वाक् ही त्वष्टा आदि देवताओ को आलम्बन देने वाली है, यही यजमानो को धन देने वाली है (मन्त्र 2)। यही रुद्रादि देवताओ की प्रेरिका शक्ति भी है और पृथ्वी मे व्याप्त है। -ऋक् 10 125 6

वेदों का पंजाबी पर प्रभाव

डॉ0 राजेन्द्र कुमार शर्मा, रीडर
पजाब विश्वविद्यालय वी वी बी आई एस एण्ड आई एस
होशियारपुर, पजाब-146021

वैदिक वाड्मय मे प्रयुक्त कुछ ऐसे शब्द हैं जो वेदो की भाति लौकिक सस्कृत साहित्य तथा वर्तमान पजाबी भाषा मे उसी रूप मे अथवा कुछ विकृत रूप मे प्रयुक्त होते है। दूसरे कुछ शब्द वेदो की भांति लौकिक सस्कृत मे तो मिलते हैं परन्तु, पजाबी मे आजकल नही मिलते। किन्तु एक अन्य प्रकार के विलक्षण शब्द भी हैं जो या तो वेद मे ही मिलते हैं या कुछ विकृत अथवा उसी रूप मे पजाबी भाषा मे आज भी उपलब्ध होते है तथा उनका प्रयोग भी होता है। सभवतः लौकिक सस्कृत साहित्य मे इन शब्दो का प्रयोग न हुआ हो। उदाहरणतः पजाबी मे-अक्कणा, अड्डा, अदा, घडम्म, खुझणा, कुलफ, उज, आप्पा, जिग, जबरी, जल्हा, तुरणा, डिगणा, निमता, पल्ली, पिस्सु, पोल्ला, बर, भल-भला, भाग, लक्क, रेत-रेता, साई, रुक्ख, रघड, साक, मेख, माडकू, हवान्ना, हेक, फुल्लिया, जनी इत्यादि अनेक शब्द तत्सम-तद्भव रूपो मे सीधे वेद मे मिलते है जो स्पष्टतः सिद्ध करते हैं कि ससार के अन्य भाषाओ की अपेक्षा पजाबी भाषा का वेद के साथ अत्यन्त समीप का सम्बन्ध है। इन दुर्लभ शब्दो के अर्थों तथा प्रयोगो के आधार पर हम वेदो के अर्थ को समझने मे भी सहायता ले सकते है। यही नही वेद मे लेट् लकार (Subjunctive) का प्रयोग जो लौकिक सस्कृत मे अनुपलब्ध है, वर्तमान पजाबी मे-गच्छासी, जासी, करसी, होसी इत्यादि रूप मे मूलभूत वैदिक लेट् लकार (मध्यम पुरुष) के रूप क्रमश - गच्छासि, यासि, करासि, और भवासि के सदृश है। पजाबी भाषा के आचल मे छुपे हुए तथा लौकिक सस्कृत मे अनुपलब्ध इन शब्दो तथा अन्य तत्त्वो को उद्धरणो सहित रखते हुए पजाबी भाषा पर वैदिक प्रभाव व निकटता को स्पष्ट करना तथा इसकी मूलभूत भाषा वैदिक/लौकिक सस्कृत भाषा के महत्त्व को दिखाना प्रस्तुत शोध-पत्र का विषय है।

ऋग्वैदिक ऋचाओं में ऋत की अर्थ-बोधकता

डॉ उमाकान्त यादव
रीडर, सस्कृत-विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।

ऋचाओ मे ऋत का बहुल प्रयोग इसके मूल अर्थ को समझने मे कठिनाई उत्पन्न करता है। आचार्य यास्क ने 'ऋत' को 'जल' का पर्याय माना है। इसके अतिरिक्त सत्य और यज्ञ अर्थ भी स्वीकार किया है। प्राचीन भारतीय भाष्यकार प्रायः यास्क का अनुसरण करते हुए 'ऋत' को यज्ञ, सत्य और जल का बोधक मानते है। आधुनिक भारतीय भाष्यकारो मे 'अरविन्द' ने ऋत का अर्थ सत्य एव सदाचार ग्रहण किया है। 'स्वामी दयानन्द सरस्वती' भी ऋत को मुख्य रूप से सत्य के अर्थ मे ग्रहण करते हैं। इसके अतिरिक्त उन्होने सत्याचरण, यथार्थ, उदक, यज्ञ आदि अर्थ भी माना

है। पाश्चात्य विद्वानों में 'रॉथ' ने ऋत को 'व्यवस्था' के अर्थ में परिभाषित करते हुए इसे विश्व एव जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित किया है। मैक्डॉनल, मैक्समूलर, ग्रासमान तथा वर्गेन आदि रॉथ की व्याख्या से प्रभावित हैं और वे ऋत को मुख्य रूप से 'व्यवस्था' के रूप में स्वीकार करते हैं। 'ऋत' को वेलणकर 'आधारभूत तत्त्व' के रूप में, लूडर 'सत्य' के रूप में, गाडगिल 'यज्ञ के भाव-अर्थ में, डॉ बी.बी. चौबे प्रकृति के अर्थ में तथा तिमरमान सत्य, यज्ञ, जल, के साथ-साथ सृष्टि-नियम के वाचक के रूप मे स्वीकार करते हैं। यदि ऋग्वेद में 'ऋत' से सम्बन्धित सदर्भों का अनुशीलन किया जाए तो वहाँ ऋत' विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त हुआ परिलक्षित होता है। जब ऋत' को अग्नि, सूर्य, बृहस्पति आदि दिव्य शक्तियों का जनक कहा जाता है तो वहाँ वह 'प्रकृति का प्रतिरूप' है।

वैदिक भाषाप्राशस्त्यम्

डॉ0 जितेन्द्र कुमार

सस्कृत-प्राध्यापक., दयानन्द-महाविद्यालय:

अजमेर (राजस्थान)

भाषा हि भावानामुत्कृष्टतमा निर्वाहिका। शास्त्रेऽधीतीनामनधीतीना वा समेषामपि हृदि भावा भवन्ति पर तेषामुद्वाहिका भाषा न सर्वेषा समानरूपा भवति। भाषातत्त्वविदस्तन्माध्यमेन निजहृदि जायमानाना भावाना सरलमपि सरस सरसमपि वा सहजमभिव्यञ्जन कुर्वते। भाषातत्त्व यथायथमजानन् स्वमनोविचाराणां स्वैर प्रकाशने सम्प्रेषणे वा नाल भवति। तस्माद् भाषाया महिम्नो विषये विद्वासोऽविद्वासो वा न कदाचित् विप्रवदन्ते। भाषा भाषणात्, भाष्यत भाषणादिव्यवहारोऽनुष्ठीयते यया सा भाषा। भाषाधीना हि खलु सर्वोऽपि लोकव्यवहारपरम्परा·। सम्यगेव भणित महाकविना दण्डिना भाषाविषये- इदमन्धन्तमः कृत्स्न जायेत भुवनत्रयम्। यदि शब्दाह्वय ज्योतिरासंसार न दीप्यते।।

इह एतादृशा. केचन शब्दाः प्रस्तूयन्तेऽत्र ये वेदे लोके च भिन्नयोरर्थयो. प्रयुज्यन्ते ये शब्दा लोके यस्मिन्नर्थे निबद्धा· सन्ति तेषा तेषामर्थाणा वेदा. विकृतिमापद्यन्ते विद्रूपताञ्च यान्ति इतोऽपि परमृग्वेदस्य सर्वप्रथमभाष्यकर्तृत्वेन समाद्रियमाणो वेङ्कटमाधवस्तु सर्वानतिशेते। स तु वेदव्याख्याया निरुक्तव्याकरणयो. ज्ञानेन वेदस्य केवल चतुर्थांशमेवावगन्तु शक्यत इति प्रतिपेदे1। वेदाध्ययने कृतभूरि-परिश्रमाः विद्वासोऽपि समग्रचिन्तन चेतसि निधाय प्रवृत्ता· स्युरित्यभिप्राय.।

विश्वजनीन वैदिक देवता सरस्वती

डॉ0 रेखा शुक्ला

रीडर एव विभागाध्यक्ष संस्कृत

जुहारी देवी गर्ल्स पी0 जी0 कॉलेज, केनाल रोड, कानपुर।

वेद भारतीय आध्यात्मिक जीवन एव सस्कृति के समुत्कर्ष का अनुपम मण्डार है। विज्ञान के मूल सिद्धान्तों, सामाजिक, सास्कृतिक एव भौतिक सामग्री को प्रस्तुत करने के साथ-साथ वह अलौकिक परमसत्ता के रहस्य को भी उद्घाटित करने में समर्थ है। वेदों में सरस्वती के विविध मन्त्र प्राप्त होते हैं। जिनमें सरस्वती के भौतिक स्वरूप (नदी) के साथ-साथ उसका देवी स्वरूप तथा आध्यात्मिक स्वरूप भी प्राप्त होता है। अपने भौतिक रूप में सरस्वती भारत भूमि की भौगोलिक सीमाओं की निर्मात्री है तथा भूगर्भीय जल का स्त्रोत है जो इस समय विलुप्त प्राय हो चुकी है। अनेक भूगभीय सर्वेक्षणों एव अनुसन्धान से सरस्वती के प्रवाह के विषय में जानकारी प्राप्त होती हैं। सप्त सन्धुओं तथा पञ्चनद के रूप में विद्यमान रही है। भूसर्वेक्षण एव विज्ञान के अनेक प्रवाह मार्ग बताए गए है। अपने देवी रूप में वह सम्पूर्ण मानव जाति की उपकारक नदी के रूप में प्राप्त होती है। वह विद्या एव वाणी की अधिष्ठात्री देवी है, जो मनुष्यमात्र के अज्ञानान्धकार को दूर कर उसे ज्ञानालोक से प्रकाशित करती है। सरस्वती अन्न बल और सन्तति को प्रदान करने वाली है। उसका दिव्य जल औषधीय गुणों से परिपूर्ण है। पितृयज्ञ में उसका आवाहन किया जाता हैं। वाग्देवी होने के कारण वह कला की भी अधिष्ठात्री देवी है।

ऋग्वैदिक जन-समूहः एक समीक्षात्मक अध्ययन

डॉ0 मानिक लाल गुप्त

रीडर एव विभागाध्यक्ष इतिहास

वाई0 डी0 पोस्ट ग्रेजुएट कालेज,

लखीमपुर-खीरी

ऋग्वैदिक काल देश में रहने वाले लोगों के सर्वांगीण जीवन का चित्रण तथा समस्त जन-समुदाय के विभिन्न कार्य-कलापों को अभिव्यक्त करता है। प्रस्तुत शोधपत्र में भारतीय सामाजिक इतिहास से सम्बन्धित नवीनतम अनुसन्धानों और नूतन विचारो को गृहीत करते हुये अपने स्वतन्त्र विचार व्यक्त किये गये हैं, साथ ही अद्यतन शोधात्मक विधाओं और वैज्ञानिक पद्धतियो के आधार पर सामाजिक परिर्वतनों को उद्घाटित कर 'ऋग्वेद' की विश्व को क्या प्रमुख देन रही है? प्रकाश डाला है? ऋग्वेद भारोपीय भाषाओं के समूह में रचित विश्व की सर्वाधिक प्राचीन साहित्यिक कृति स्वीकार की जाती है। इस महान् रचना में ऋग्वैदिक आर्यो के लौकिक जीवन के साक्ष्य प्राप्त

होते हैं। ऋग्वैदिक ऋषियों ने धर्म व दर्शन को ही प्रमुखता नहीं दी थी, अपितु लौकिक सदर्भों को भी गम्भीरता से अभिव्यक्त किया।

वेदों में इतिहास सम्बन्धी धारणा तथा भाष्यकारों की यौगिकवाद के पक्ष में व्याख्याएं

डॉ0 रघुवीर वेदालकार

वैदिक संहिताओं में एक अनेक नामपद उपलब्ध होते हैं कि जिनका साम्य परवर्ती साहित्य मे उपलब्ध ऋषियों, नदियों, पर्वतो तथा अन्य भौगोलिक एव ऐतिहासिक स्थानों से है। उदाहरणार्थ-1 ऋषियों के नाम- विश्वामित्र, वसिष्ठ, जमदग्नि, भरद्वाज, अश्विनौ, गौतम, च्यवन, दधीचि इत्यादि ऋषि इतिहास मे सुप्रसिद्ध हैं। ये सभी नाम वैदिक संहिताओं में भी उपलब्ध हैं। 2 राजाओं के नाम- शन्तनु, पुरुरवा, नहुष आदि राजाओ का वर्णन भी पुराण आदि ग्रन्थों में प्राप्त होता है। वेदो में ये नाम उपलब्ध हैं। 3 नदी नाम- गगा, यमुना, सरस्वती आदि नदी वाचक शब्दों को वेद मे देख कर वेद मे लौकिक नदियों का वर्णन होने का अनुमान किया जाता है जबकि अन्य विद्वान् इनका यौगिक अर्थ करते हैं। 4 इसी प्रकार धुनि, चमुरि, इलीविश आदि नाम पद भी वेदो मे विद्यामान हैं जिनके आधार पर वेदो में इतिहास का भ्रम होता है। 5 अन्य नाम- इसी प्रकार उर्वशी, शुनःशेप आदि अन्य नाम भी ऐसे हैं जो वेदो में उपलब्ध हैं। परवर्ती साहित्य मे भी इनका इतिहास उपलब्ध होता है। 6 इसके अतिरिक्त वेदो मे ऐसे सूक्त भी विद्यमान हैं जो सवादात्मक शैली मे कहे गये हैं। यम-यमी सवाद, वामन-बलि आख्यान, विश्वामित्र-नदी सवाद, इसी प्रकार के है। इनके आधार पर इनके सम्बन्धित सूक्तों में काल-विशेष, व्यक्ति-विशेष के आख्यान का प्रतिपादन किया जाता है। इस पक्ष में एक प्रबल हेतु यह दिया जाता है कि मन्त्रो मे न केवल उक्त नाम ही उपलब्ध होते हैं, अपितु उन राजओ तथा ऋषियों की वशावलि का वर्णन भी वहाँ पर विद्यमान है। यथा-दीर्घतमो मामतेय, आंगिरसो गौतम इत्यादि। निरुक्तकार ने अनेक वैदिक शब्दो का निर्वचन करते हुए वेदार्थ की जो दिशा प्रदान की है उससे यही प्रतीत होता है कि यास्क वैदिक शब्दो को यौगिक तथा योगरूढ मानते हैं, रूढ नहीं। इस निबन्ध मे विस्तार से यास्क का एतद्विषयक पक्ष प्रस्तुत किया गया है। इसी में प्राचीन एव अर्वाचीन वेद भाष्यकारो के शब्दार्थों पर विचार करते हुए सप्रमाण प्रतिपादित किया गया है कि स्कन्द, उद्गीथ, वेकट, उत्वट, महीधर, सायण आदि सभी भाष्यकारो ने अपने-अपने वेदभाष्यों में यौगिक पक्ष का आश्रय लिया है। स्वामी दयानन्द तो इस पक्ष के प्रबल समर्थक हैं ही।

ऋग्वेद मे वर्णित ऐतिहासिक दाशराज्ञ युद्ध

नीरू रानी (शोध छात्रा),

सस्कृत-विभाग,

पजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ।

'दशराज्ञ युद्ध' सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय की ऐसी महत्त्वपूर्ण घटना रही है, जिसने उस समय की परिस्थितियो को भी प्रभावित किया। पराक्रमी राजा दिवोदास उसका पुत्र सुदास इस युद्ध का मुख्य पात्र था और पहाडी दस्युओ की बढती हुई शक्ति का दमन तथा सप्त-सिन्धु के बिखरे हुए एकत्रित करना इसका मुख्य उददेश्य था। ऋग्वैदिक दाशराज्ञ युद्ध से न केवल राजा सुदास शक्तिशाली हुआ अपितु युद्ध के उपरान्त स्थापित एकता से राजाओ का जन-साधारण का सामाजिक एव राजनैतिक स्तर भी ऊँचा हुआ तथा विश्व मे आने वाले समय मे मानव-मात्र के लिए एक अमृद्ध उदाहरण प्रस्तुत हुआ।

वेदों में विज्ञान एवं इतिहास में विसंगतियाँ

राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

वेदो मे विज्ञान प्रचुर है। सामान्य विज्ञान जैसे बल ऊर्जा आदि के बारे मे तो है ही, साथ ही वैमानिकी, सूर्य, प्रस्थ, ब्रह्माण्ड की रचना, बेतार प्रणाली द्वारा सदेश प्रेषण, दूरदर्शी आदि का उल्लेख है। यह विज्ञान तभी दृष्टिगत होता है जब मन्त्र के एक-एक शब्द तथा प्रयुक्त विशेषणो पर ध्यान दिया जाय। सासारिक कार्यों व आध्यात्मिक बातो को प्राकृतिक घटनाओ के उदाहरण देकर समझाया गया है। कुछ मन्त्रो मे स्वतन्त्र रूप से विज्ञान है। विज्ञान की बातो को उदाहरण देते हुये स्पष्ट किया गया है।

वैदिक आख्यान और आज की हिन्दी कविता

डॉ0 मृदुल जोशी

प्रवक्ता हिन्दी-विभाग

वैदिक साहित्य मे वर्णित असख्य आख्यानो को हिन्दी-साहित्य मे स्थान मिला है। आदिकाल से लेकर आज तक का हिन्दी-वाङ्मय ऐसे अनेक उदाहरणो से भरा पडा है। समकालीन हिन्दी कविता भी इसका अपवाद नही है। आज की निरन्तर परिवर्तित सामाजिक, सास्कृतिक, आर्थिक एव राजनैतिक परिस्थियो के अनुकूल इन आाख्यानो का स्वरूप भी बदला है। **'कवयः क्रान्तदर्शिनः'** की सार्थकता को सिद्ध करता हुआ आज का कवि इन आख्यानो के माध्यम से वर्ण-व्यव्स्था, नारी-शिक्षा, शिक्षा का समानाधिकार, असतोष, न्याय, सत्य, सम्मान-रक्षा आदि अनेक मानवीय प्रश्नो

को उठाता प्रतीत होता है। बाह्य दबावो के चलते निज की भोगी गयी विवशता, यन्त्रणा, छटपटाहट, तनाव और इससे बचने के उपाय आज के कवियो की कृति मे आकृति ग्रहण करते है। वैदिक पृष्ठिभूमि पर आधारित इन आख्यानो का प्रतिपाद्य अपने मूल स्वर मे आधुनिक समाज के अत्यन्त निकट प्रतीत होता है। प्रस्तुत शोध पत्र मे मैने केवल कतिपय चयनित उन्ही खण्ड काव्यो का अध्ययन का आधार बनाया है, जो वैदिक कथा-सूत्रो के माध्यम से युगीन यथार्थ की प्रस्तुति करने मे सक्षम हो।

भारतीय परम्परा में प्रमुख प्रतीक

डॉ0 मधु जैन

रीडर, ललित कला विभाग

मुन्ना लाल एव जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलिज, सहारनपुर

प्राचीन काल मे हाथी का उपयोग राजकीय क्षेत्रो मे अधिक था। हाथी राजा की शक्ति का प्रतीक था। वह स्वय गजराज के रूप से राजस्व का भागी बन जाता था। हस ब्रह्मा के वाहन के रूप मे अत्यत प्रसिद्ध है। रूढि के अनुसार हस नीर-क्षीर विवेकी है, अत. विशुद्ध ज्ञान का प्रतीक है। हस आत्मा को कहते है। आत्मा मुक्ति है और हस भी मुक्ता चुगता है। हस श्वेत है, आत्मा निर्विकार, निर्मल। शब्दार्थ की दृष्टि से हस सूर्य का भी नाम है। निश्चिन्त, शब्द को आरोह-अवरोह से तरगायित करने वाला यह पक्षी विस्तार, सौन्दर्य, रस अमरता और व्यापकता का भी अर्थ धारण किये है। जिस क्रौच पक्षी के वध से आदि-काव्य का स्रोत फूटा वह भी एक प्रकार का हस ही है। दमयती और हस कला का विषय रहा ही है। काव्य की अधिष्ठात्री सरस्वती देवी का वाहन भी पैतृक सम्बन्ध के कारण हस ही है। कमल को हस भी तोडता है और हाथी भी। एक के तोडने मे स्त्रीत्व है, कोमलता है, दूसरे के तोडने मे पौरुष है, कठोरता है। हस और हाथी का कमल के साथ जहाँ कही भी चित्रण हुआ है भारतीय कलाकार सदा इस कोमलता और कठोरता के प्रति सजग है।

निरुक्त में ऐतिहासिक सन्दर्भ

कु0 मीनाक्षी पारीक

वेदागो मे निर्वचन प्रधान निरुक्तशास्त्र प्रतीक रूप मे बहुत से विषयो को प्रतिपादित करता है। निघण्टु के शब्दो पर व्युत्पत्ति एव निरुक्ति के सन्दर्भ मे आचार्य यास्क ने अपने निरुक्त मे ऐसे वैदिक मन्त्रो का सकलन उदाहरण के रूप मे किया है, जिसकी बहुआयामी प्रवृत्ति दिखाई देती है। उपर्युक्त विषयो के आलोचनात्मक सन्दर्भ मे यह शोध-पत्र निरुक्तगत उदाहरण सम्बन्ध पुराण इत्यादि

से प्रतीत होता है यथा-आर्ष्टिषेण, अगस्त्य इत्यादि के सन्दर्भ। निर्वचन के आलोक मे ही यह शोधपत्र ऐतिहासिक घटनाओं, ऐतिहासिक स्थानों के नाम, ऐतिहासिक वस्तुओं, प्राचीन सामाजिक, धार्मिक एव सास्कृतिक तथ्यों को भी समुद्घाटित करने का सफल प्रयास करता है। यह ध्यान देने योग्य विषय है कि यास्कीय निर्वचन अनेक विषयो पर आधारित हैं, जिनमे ऐतिहासिक आधार भी एक मुख्य आधार है। अत इस शोध-पत्र में आचार्य यास्क की निर्वचन पद्धति को ऐतिहासिक दृष्टि से समझने एव समझाने का प्रयास किया गया है, जिसका विवेचन पूर्ण शोध-पत्र मे किया गया जाएगा।

वेदों में अयोध्या, पञ्चनद्यः और सप्रसिन्धु का अर्थ-चिन्तन

डॉ दिनेशचन्द्र शास्त्री, डी लिट्

रीडर वेद-विभाग

गु0का वि वि , हरिद्वार

वेदों मे आये नामो और लोक में उपलब्ध नामों मे समानता देखकर ऐतिहासिक लोग वेदो में इतिहास सिद्ध करते हैं। वेदों मे ऐसे बहुत से स्थल मिलते हैं, जिनमें इस प्रकार की भ्रान्ति होती है। इनमें से पञ्चनद्य· सप्रसिन्धु और अयोध्या आदि मुख्य हैं।

यजुर्वेद (34 11) पर उव्वट, महीधरादि के भाष्यानुसार वेदों मे इतिहास ढूँढने वाले लोग पञ्जाब में बहने वाली दृषद्वती, शतुद्रि, चन्द्रभागा, विपाशा और इरावती का वर्णन मानते हैं। इसी तरह मैक्समूलर सम्प्रदाय के लोग ऋग्वेद (10 75) के आधार पर आर्यों के सिन्धु नदी पार करके भारत में बसने की बात करते हैं। यद्यपि अथर्ववेद (10 2 3, 32) मे आये अयोध्या शब्द की साम्यता से ऐतिहासिको ने इक्ष्वाकु द्वारा बसायी अयोध्या का वर्णन तो नहीं माना है, पुनरपि शब्द श्रवणमात्र की साम्यता से भ्रान्ति तो होती है। अत. इस शोधपत्र मे उपर्युक्त तीनो का विशद वर्णन किया जायेगा।

भारतीय नाट्य परम्परा के आधारः वेद

डॉ0 तरुण कुमार शर्मा

178, एलनगज, इलाहाबाद-211002

विद् धातु से निष्पन्न वेद विपुल ज्ञान के भण्डार हैं, विविध शास्त्रों एव कलाओं के मूल, स्पष्ट रूप में अथवा प्रतीक रूप में वेदों में उपलब्ध होते हैं। वेदों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि नाट्य परम्परा के मूल में भी हमारा वैदिक साहित्य ही है। अन्य अनेक नाट्य-शास्त्रियों ने नाट्य को पञ्चम वेद का स्थान प्रदान किया है। आचार्य भरत ने भी इसे पञ्चम वेद स्वीकार करते हुए अन्य चारों वेदों का सम्मिश्रित रूप मानते हैं। उनके अनुसार ब्रह्मा ने नाट्य वेद की सृष्टि करते समय

ऋग्वेद से पाठ्य-तत्त्व को, सामवेद से सगीत तत्त्व, को, यजुर्वेद से अभिनय को तथा अथर्ववेद से रस-तत्त्व को ग्रहण किया- **जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च। यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि॥** ऋग्वेद के दशम मण्डल का दशम सूक्त यम-यमी सवाद के रूप मे है जिसे हम दार्शनिक सवाद के रूप मे देखते है। इस सूक्त के द्वारा मानव जाति की उत्पत्ति पर प्रकाश डाला गया है। दशम मण्डल का ही पुरुरवा-उर्वशी सवाद (10-95) एक अत्यन्त रोचक सूक्त है। इस सूक्त मे पुरुरवा उर्वशी की चचलता की भर्त्सना करता है, परन्तु उसे अपनी आसक्त दृष्टि से ओझल होने से रोकने मे भी अपने को असमर्थ पाता है।

वेदों में काव्य सौन्दर्य

डॉ रीना अस्थाना

लखनऊ विश्वविद्यालय

लखनऊ

'पश्य देवस्य काव्य न ममार न जीर्यति' महामुनि भरत ने भी नाट्यशास्त्र मे स्वीकार किया है कि चारो वेदो से नाट्यशास्त्र की उत्पत्ति हुई है उन्होने ऋग्वेद से पाठ्य [सवाद, कथोपकथन आदि] सामवेद से सगीत, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रस के तत्त्वो को लिया। **"नाट्यवेदं ततश्चक्रे चतुर्वेदागसभवम्॥ जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च। यजुर्वेदादभिनयान् रसान् आथर्वणादपि॥"** वेदो के अध्यय॰ से ज्ञात होता है कि उनमे उच्चकोटि के काव्य के सभी गुण विद्यमान है। वेदो मे भाव सौन्दर्य अर्थगाम्भीर्य, उच्च कल्पनाए रस छन्द अलकार आदि सभी तत्त्वो का प्रचुर मात्र मे समावेश है। इन सभी तत्त्वो का वर्णन प्रस्तुत शोध पत्र मे किया गया है।

संस्कृत वाङ्मय में विद्यमान मिथकों पर वैदिक प्रभाव

कु0 रेखा अग्रवाल,(शोध छात्रा)

सामान्य रूप से मिथक का अर्थ है कि परम्परागत कथा जिसका सम्बन्ध घटनाओ और भावो से होता हैं। मिथक मूलत. आदिम मानव के समष्टि मन की सृष्टि है, जिसमे चेतना की अपेक्षा अचेतन प्रक्रिया का प्राधान्य होता है। वेदो मे जिन तथ्यो का वर्णन मिलता है, उन्ही का पुराणो मे पर्याप्त विस्तार देखने को मिलता हैं पुराणो मे अवतारवाद के प्रसग मे वामनावतार पर वेदो का ही प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। पुराण मे कहा गया है कि विष्णु ने देवताओ के उद्धार के लिए वामन (बौना) रूप धारण कर दैत्यराज बलि से दान स्वरूप दैत्य को छलते हुए अपने तीन पदो मे सम्पूर्ण

ब्रह्माण्ड को माप लिया था। यह वर्णन बाद के साहित्य मे ज्यो का त्यो अपना लिया गया। इस प्रकार पुराणो के वामनावतार सम्बन्धी मिथक पर वेदो का पर्याप्त दृष्टिगोचर होता हैं।

वेदों में गन्धर्व विद्या एवं ललित कलाएँ

डॉ सुमन दुबे
शोध सहायक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद।

सगीत विद्या के लिए प्राचीन काल मे गन्धर्व शब्द का व्यवहार किया जाता था। गान्धर्व का सम्बन्ध गन्धर्व से है। गन्धर्वविद्या के ज्ञाता को गान्धर्व शब्द से सम्बोधित किया गया है। गन्धर्वविद्या के अन्तर्गत गायन, वादन एव नृत्य तीनो ही सम्मिलित हैं। नारद का उल्लेख देव गन्धर्व के रूप मे बहुश· पाया जाता है। वेदो मे गन्धर्वविद्या के साथ ही साथ अन्य ललित कलाएँ भी सौन्दर्याभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम रही हैं जैसे- चित्रकला, काव्य, नाटक इत्यादि। कला या तो दृश्य हो सकती है, या श्रव्य, या दोनो। ललित कलाओ मे चित्रकला दृश्य है, काव्य और सगीत श्रव्य है, नाटक दृश्य और श्रव्य दोनो है। काव्य मे तो शब्दो का सहारा रहता है किन्तु चित्रकला एव सगीत कला मे तो शब्दो का सहारा भी नही रहता है। इसमे तो केवल स्वर ओर लय है जिनका कोई अर्थ नही प्रतीत होता। प्राचीन काल मे जहाँ अभिजात वर्गो मे गन्धर्व विद्या के प्रति हीनता की भावना उत्पन्न होने लगी थी। वही बदलते परिदृश्य मे आधुनिक समय मे इस गन्धर्व विद्या को सगीत कला के अन्तर्गत मानते हुए अभिजात वर्ग मे भी सम्मान की दृष्टि से देखा जाने लगा है। सगीत जैसी ललित कला को मोक्ष का साधन मानते हुए इसको आध्यात्मिकता से जोडा जाने लगा है। सगीत कला मे सिद्धि प्राप्त करने के लिए निरन्तर कठोर साधना एव उपयुक्त गुरु की महती आवश्यकता होती है तभी सगीत-साधक खरे सोने के समान चमचमाता हुआ समाज के सामने आदरभाव से प्रस्तुत होता है। अस्तु सगीत कला आत्मा से परमात्मा के मिलन का अमूल्य साधन है।

वेदों मे ललित कलाएँ

डॉ0 दुर्गाप्रसाद मिश्र,
सस्कृत-विभाग,
मेरठ कॉलिज, मेरठ (उ0 प्र0)

वेद मानव मात्र के लिए प्रकाश-स्तम्भ हैं। वेदो का ज्ञान विश्व सस्कृति की आधार शिला है। वेदो ने ही विश्व मे सर्वप्रथम ज्ञान और विज्ञान का प्रसार किया है। महार्षि दयानन्द ने वेद के

चार विषय माने हैं- विज्ञान, कर्म, उपासना और ज्ञान। **अथ चत्वारो वेदविषया सान्त, विज्ञानकर्मपासना ज्ञान काण्डभेदात्** । वेदों में जहाँ आचार शिक्षा, नीतिशास्त्र, अध्यात्म, दर्शन, मनोविज्ञान तथा सृष्टि के गूढ रहस्यों का विवेचन है। वही इनमें काव्य के प्रायः सभी तत्त्व विद्यमान हैं। अथर्ववेद स्वय इन्हें परमात्मा का अजर एव अमर काव्य मानता है-**'पश्य देवस्य काव्य न ममार न जीर्यति।'** (अथर्व0 10.8 32) सौन्दर्य शास्त्र एव साहित्य शास्त्र के प्रर्वतक आचार्य भरत ने अपने नाट्य-शास्त्र की समस्त सामग्री वेदों से ही ग्रहण की है-**नाट्यवेदं ततश्चक्रे चतुर्वेदाङ्गसंभवम्।'** ललित कलाओं के लिए वेद तथा परवर्ती साहित्य में शिल्प शब्द का प्रयोग मिलता है। कौषीतांकि ब्राह्मण में शिल्प में तीन चीजों का समावेश माना गया **है-त्रिवृद् वै शिल्पं नृत्यं गीतं वादित्रमिति!'** यद्यपि शिल्पविज्ञान का तात्पर्य विद्वान् तकनीकी विज्ञान से सम्बद्ध करते हैं। शतपथ-ब्राह्मण में भी शिल्प में नृत्य गीत, वाद्य को लिया गया है-**शीतवाद्यादि शिल्पैः** (शत. ब्रा0- 3 2)। भावभिनय को नृत्य कहते है तथा अगसचालन को नृत्त। वेदों में दोनो का उल्लेख मिलता है।

ऋग्वेद संहिता में प्रजापति ब्रह्मा का स्वरूप

हेमबाला पाण्डेय

शोध छात्रा, सस्कृत-विभाग

बरेली कालेज, बरेली।

देवशास्त्र में देवत्रयी कीशृखला में ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश की गणना की जाती है। ये तीनो देवता ही सृष्टि का निर्माण पालन तथा सहार करते हैं। इन देवत्रयी में ब्रह्मा सर्वोच्च देवता माने जाते हैं, क्योंकि वे सृष्टि का निर्माण करते हैं अर्थात् ब्रह्मा सृजन के देवता हैं। समस्त जगत् के वे स्रष्टा हैं। ये ब्रह्मा पुराणों में सर्वोच्च देव के रूप में वर्णित हैं, किन्तु भारतीय सस्कृति के प्राणतत्त्व तथा वैदिक साहित्य में शीर्षस्थानीय ऋग्वेद संहिता में ब्रह्मा के देवता विषयक सामग्री का सर्वथा अभाव है। ऋग्वेद में ब्रह्मा शब्द को देवता अर्थ मे न मानकर उसका ऋग्विज् अर्थ ग्रहण किया गया है अर्थात् ब्रह्मा शब्द यहाँ ऋग्विज् बोधक हैं। ऋग्वेद में ब्रह्मा के भावात्मक रूप का अभाव है।

वैदिक भावात्मक देवता

डॉ श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा

253-सी रेलवे डेयरी कालोनी

लोको ग्राउण्ड, गोरखपुर-273012

विश्व के सभी धर्मों एव सम्प्रदायों में देवों की धारणा प्राप्त होती है। उनके अनुग्रह के लिए

स्तुतिगान भी प्राप्त होता है। वैदिक देवशास्त्र विश्व का प्राचीनतम देवशास्त्र है। प्रस्तुत देवशास्त्र मे देवताओ के उद्भव एव विकास की प्रक्रिया अत्यन्त विलक्षण है। मन्त्रकाल मे वैदिक देवताओ के मूल स्रोत प्राकृतिक दृश्य घटनाये है। सूर्य, अग्नि, इन्द्र, वरुण, पृथिवी, पर्जन्य, वायु, इत्यादि प्रभूत देवताओ का उद्भव साक्षात् प्राकृतिक घटनाओ के परिणमस्वरूप है। ब्राह्मणकाल तक वैदिक उपासना पद्धति पूर्णत यज्ञ प्रधान एव कर्मकाण्ड युक्त हो चुकी थी। अत· इस युग मे ग्रावा-मूसल जैसे बहुत से यज्ञीय उपकरणो को भी देवतत्त्व मानकर स्तुति की गयी है। उत्तर वैदिक युग मे देवधारणा सम्बन्धी स्रोत अपेक्षाकृत विस्तृत हो गये है। ऋग्वेद के दशम मण्डल मे तथा अथर्ववेद मे बहुत से नवीन देवताओ का उद्भव हुआ। इन देवताओ के मूल मे प्राकृतिक दृश्य या घटनाये नही है। अनेक नवीन देवताओ के मूल मे मानवीय कर्म हैं, जैसे- दान एव ज्ञान। अनेक देवताओ के मूल मे शाश्वत शक्तियाँ है, जैसे- प्राण, काल, स्कम्भ, उच्छिष्ट। इसी प्रकार से कुछ ऐसे देवता भी प्राप्त होते हैं जो विशुद्ध रूप से मनोवैज्ञानिक धारणाओ पर आधारित हैं। कीथ ने इन्हे मानस देवता तथा मैक्डानल ने भाववाचक देवता की सज्ञा दी है जिनका चिन्तन सुतराम आवश्यक है।

वेदों में वर्णित गायत्री मन्त्र की संचरणशीलता एवं व्यापकता

धर्मपाल

शोध छात्र, एम फिल- सस्कृत-विभाग

जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू।

ऋग्वेद (3/62/10) यजुर्वेद (22/9, 36/3), सामवेद (मन्त्र 1462) मे वर्णित गायत्री मन्त्र **"ओइम्। भूर्भुव. स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो न प्रचोदयात्।"** अर्थात् जो सबका रक्षक, समस्त जगत् का प्राण, सब दु.खो को दूर करने वाला, सभी सुखो का दाता, परमेश्वर है। वह सर्वव्यापक और सबको उत्पन्न करने वाला है, सर्वश्रेष्ठ और ग्रहण करने योग्य शुद्ध स्वरूप, दिव्य गुणो से युक्त देव का हम ध्यान करते है, जो हमारी बुद्धि को उत्तम बनाये, रूप मे वर्णित मिलता है। इसकी महनीयता एव व्यापकता का ही प्रमाण है कि मनुस्मृति (2/81) मे गायत्री मन्त्र को वेदो का मुख कहकर प्रशसा की गई है। सविता देवता की प्रार्थना से प्रयुक्त किये गये इस मन्त्र मे रहस्यमयी सूक्तियाँ सन्निहित हैं। शायद तभी ससार का प्रत्येक जनमानस अपनी दिनचर्या मे जहाँ इसे स्थान देता है, वही इसे बुद्धिवर्धक मन्त्र भी माना जाता है। इस मन्त्र की सचरणशीलता एव व्यापकता इसी से परिलक्षित होती है कि वैदिक काल मे सृजित यह मन्त्र आज प्रत्येक युवा एव बुजुर्ग के मुख मे सद्यः रूप मे प्रस्फुटित हो उठता है, जब वह शौच इत्यादि से निवृत्त होकर स्नानोपरान्त भगवन्नाम स्मरण करता है। मनुस्मृतिकार ने इसी मन्त्र की महनीयता से चमत्कृत होकर

शायद कहा होगा कि "बुद्धि ज्ञानेन शुद्धयति", जबकि योगशास्त्र भी कहता है कि "दृष्टा दृशिमान्न शुद्धोऽपि प्रत्ययानुपश्य", अर्थात् चेतना जीवात्मा देखने वाली शक्ति है, एवं शुद्ध है तथापि बुद्धि वृत्ति के अनुसार देखने वाली है। स्पष्ट है कि गायत्री मन्त्र के उच्चारण के द्वारा मानव अपनी बुद्धि को जहाँ सात्विकता से युक्त किये रहता है, वहीं शुद्धिबुद्धि से सम्पृक्त मानव अपने प्रत्येक कार्य में कुशलता अर्जन के साथ-साथ मार्ग भ्रष्ट भी नहीं होता।

वेदेषु स्त्री आचार्या

कु. प्लाइमा यादवराव, प्रवक्ता

महाराष्ट्र

ऋग्वेदेषु काचन स्त्रिय· ऋषिका, आचार्या, ब्रह्मवादिन्यश्चासन् वेदेषु प्राय: ऋग्वेदे तासा नाम्ना काचन ऋचा· अपि वर्तन्ते। ताभि. ऋषीणाम् समान ऋचा रचना कृता। वेदेषु मन्त्रद्रष्टार: ऋषय सिद्धयोगिनस्तथैव त्रिकालदर्शिन आसन्। वेदेषु स्त्रिय ऋषिकास्तथैव आसन्। वेदेषु पुमान् तथैव स्त्री आचार्या (ऋषिका) अपि सन्ति। ऋचा रचना कृतवत्य: तथैव या· ऋषि रूपेन स्थिता: तासु सूर्या, ममता, वाक्, घोषा, अपाला, लोपामुद्रा, विश्ववारा, सिकता, निवावरी, गोरा, शश्वती, रोमशा, मानधात्री, गार्गी, मैत्रायणी आदय: सन्ति।

ऋग्वेद में ऋषिकायें एक अध्ययन

प्रतिभा सक्सेना

शोध-छात्रा

राज वि वि , जयपुर।

विभिन्न प्रमाणित साक्ष्यों के आधार पर यह सिद्ध होता है कि वैदिक मन्त्रों के दर्शन किये गए और इसमें पुरुष ऋषियों के साथ-साथ स्त्री ऋषिकाओं ने भी अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। ऋग्वेद में रोमशा, लोपामुद्रा, अदिति, अपाला, नद्य, विश्ववारा, आत्रेयी, शश्वती, आंगिरसी, शिखण्डनी, घोषा-काक्षीवती, श्रद्धाकामायनी, गोधा, इन्द्र-स्नुषा, जुहु-ब्रह्मजाया, अगस्त्य-स्वसा, सूर्या सावित्री, इन्द्राणी, उर्वशी, दक्षिणा-प्रजापत्या, इन्द्रमाताये और शची-पौलोमी इत्यादि मन्त्रद्रष्टा ऋषिकायें हुई, जिन्होंने अपनी तप: पूत साधना द्वारा सत्य का साक्षात्कार किया। सूर्या सावित्री' द्वारा दर्शित सूक्त में पाणिग्रहण सस्कार परम्परा एव महत्त्व को प्रतिपादित कर ज्योतिषशास्त्र एव उसमें वर्णित ग्रह-नक्षत्रों पर भी विचार किया गया है। वैदिक काल में सूक्तों मे प्रयुक्त मन्त्र प्रतीकात्मक रूप में वर्णित हुए हैं। वास्तव में ये मन्त्र वर्तमान समय के लिए भी अत्यन्त प्रासंगिक हैं। जिसका प्रमाण

निम्न मन्त्र में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता **है-साम्राज्ञी श्वशुरे भव साम्राज्ञी श्वश्र्वां भव। ननान्दरि साम्राज्ञी भव सम्राज्ञी अधिदेवृषु॥** (ऋ 10 84 46) हे वधू! आप सास, श्वसुर, ननद और देवरों की साम्राज्ञी के समान हो। आप सबके ऊपर स्वामिनी स्वरूपा हो। इस प्रकार ऋषिकाओ द्वारा दर्शित सूक्तों का भलीभांति प्रकार से अध्ययन-पर्यालोचन करने पर ज्ञात होता है कि वैदिक काल में न केवल पुरुष वर्ग ही अपितु महिलायें भी ज्ञान चक्षु को धारण करती थीं तथा अपनी ज्ञानमयी धारा के प्रवाह से सम्पूर्ण संस्कृत वाङ्मय तथा लौकिक समाज को प्रेरणा एव आदर्श प्रदान करने वाली थी।

ऋग्वैदिक ऋषिकाओं का दार्शनिक क्षेत्र में अवदान

अर्चना कुमारी दुबे

प्रवक्ता-सस्कृत, दर्शनशास्त्र व वैदिक अध्ययन विभाग

वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान-304022

ऋग्वेद से ज्ञात होता है कि उस युग में स्त्री-शिक्षा का यथेष्ट प्रचार था। स्त्रियाँ न केवल अध्ययन करती थीं, मन्त्रो का दर्शन भी करती थीं। इन मन्त्रों मे ऋषिकाओ के दार्शनिक ज्ञान का द्योतन होता है, साथ ही आध्यात्मिक एव सामाजिक भूमिकाओ पर महत्त्वपूर्ण प्रकाश पडता है। ऋग्वेद मानव-जाति का प्रथम ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ मे ही ज्ञान की आराधिकाएँ 27 मन्त्र-द्रष्ट्री ऋषिकाओं की ऋचाएँ उपलब्ध होती हैं। रोमशा, लोपामुद्रा, विश्ववारा, शश्वती, अपाला, सिकता-निवावरी, श्रद्धा, सार्पराज्ञी आदि के मन्त्रो में दार्शनिकता के गूढ रहस्य छिपे हुये हैं। इनके मन्त्रों से ज्ञात होता है कि दर्शन के क्षेत्र में इन ऋषिकाओ का महत्त्वपूर्ण अवदान रहा है। जो महिलाओ के आदि प्रातिभ ज्ञान का प्रमाण है तथा कारयित्री प्रतिभा की दृष्टि से स्त्रियों की पुरुषों के साथ, समकक्षता को सिद्ध करती है। दस मण्डलों मे विभक्त ऋग्वेद के अन्तिम मण्डल से, यद्यपि 20 ऋषिकाओ का सम्बन्ध है, जिसे आधुनिक विद्वान् अपेक्षाकृत परवर्ती मानते हैं, किन्तु इस ग्रन्थ के प्रथम मण्डल मे भी ऋषिकाओं के मन्त्र मिलते हैं। प्रथम, पञ्चम व अष्टम मण्डल से सम्बद्ध सात ऋषिकाएँ हैं, जो आधुनिक विश्लेषकों के मतानुसार भी प्राचीनतर हैं। इस दृष्टि से प्रथम मण्डल की रोमशा और लोपामुद्रा ससार की प्राचीनतम महिला विदुषी और शब्दकार है।

वेद मन्त्रों का ऋषित्व

डॉ0 जगदेव सिह

वेद के सूक्तों के पूर्व निर्दिष्ट ऋषि-तत्त्व का ही विवेचन इस आलेख की परिधि है। अत.

वेद मन्त्रों के भी तर प्रयुक्त अन्य नानाविध सन्दर्भों में 'प्रयुक्त ऋषि' शब्द का विवेचन यहाँ अपेक्षित नहीं है। यास्काचार्य का कथन है कि ऋषि मन्त्र के द्रष्टा होते हैं। वेदों के स्तुतिपरक मन्त्रों के वास्तविक अर्थ का साक्षात्कार करने वालों को ऋषि नाम से पुकारा जाता है। तपस्या व ध्यान करते हुए इनको स्वयम्भू वेद के अर्थ का ज्ञान हुआ, इसलिए वे ऋषि कहलाए, यह अर्थ दर्शन ही ऋषित्व हैं उक्त विविचन भी यह स्पष्ट नहीं करता कि वेद मन्त्रों में ऋषि प्राण रूप या सृष्टि प्रक्रिया के उपादान मूल तत्त्व रूप हैं अथवा शरीरधारी मनुष्य थे, जिन्होंने और जिनके वशधरों ने वेदार्थ प्रसारित करने का कार्य किया है। विचारणीय है कि ऋग्वेद में ही 71 नाम ऐसे हैं, जो मन्त्रों के देवता भी हैं और महर्षि भी। ऋग्वेद के दशम मण्डल का देवता ओषधिस्तुतिः और ऋषि भिखम् है (वैद्य) है। इसी प्रकार दशम मण्डल के 161 वें सूक्त का देवता राजयक्ष्याघ्नम् और ऋषि राजयक्ष्मानाशन है। ऐसे प्रचुर उल्लेख हैं, जिनमे वेदमन्त्रों के देवता और ऋषि मनष्य नहीं प्रतीत होते।

ब्राह्मण ग्रन्थों के जीवनोपयोगी उपदेश

डॉ0 हरीश्वर दीक्षित

उपाचार्य एवम् अध्यक्ष

राजा हरपाल सिह स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिगरामऊ, जौनपुर-222175 (उ0प्र0)

विश्व के प्राचीनतम साहित्य वैदिक साहित्य मे पर्याप्त ज्ञान (सूत्रपरक उपदेश) प्राप्त होता है। इससे मानव उन उपदेशपरक सूत्रों को व्यवहार में लाकर अपने जीवन को सफल बनाने का प्रयास करता है। चूँकि ब्राह्मण-ग्रन्थ वैदिक साहित्य के महत्त्वपूर्ण भाग हैं और इनमें संहिताओं की यज्ञपरक व्याख्या पूर्वक, विधि, निषेध, आख्यान आदि अनेक प्रबल प्रमाणों द्वारा यह सिद्ध किया गया है कि अमुककर्म करने से अमुक फल की प्राप्ति होती है। उपदेशों के माध्यम से मानव को सत्कर्म मे प्रेरित कर उसके जीवन को सुखी एव सफल बनाने हेतु अनेक सूत्रपरक उपदेश बताये गए हैं। प्रस्तुत शोधपत्र के माध्यम से जीवनोपयोगी उपदेशों का सप्रमाण वर्णन का प्रयास है।

निघण्टु में पठित 'ममसत्यम्' पद का अर्थ विचार

डॉ0 सत्यदेव निगमालङ्कार,

रीडर श्रद्धानन्द वैदिक शोध-सस्थान

गु.का वि वि हरिद्वार

निघण्टु के द्वितीय अध्याय के सत्रहवे खण्ड मे 'ममसत्यम्' पद पठित है। ससार मे अनेक बाद प्रचलित हैं, जिनमे व्यक्ति स्वातन्त्र्यवाद समाजवाद, राष्ट्रिय समाजवाद, साम्यवाद आदि प्रचलित है। ये सब वादी स्वमत का पोषण तथा परमत का खण्डन करते दृष्टिगत होते है। वेद मे भी यह 'ममसत्यम्' पद इन्ही वादो के समान स्वमत का पोषण कर रहा है। यथा विभिन्न वादीगण 'मेरा मत सत्य है' ऐसी घोषणा करते हैं, वेद भी 'ममसत्यम्' के माध्यम से इस डिण्डिम घोष को ध्वनित कर रहा है। किन्तु वहाँ 'ममसत्यम्' के कारणो पर प्रकाश डाला गया है। जो यज्ञकर्ता है, दानदाता है सगतिकरण अपनाता है तथा देवपूजक है वह 'ममसत्यम्' की घोषणा करने का अधिकारी है। प्रस्तुत लेख मे उपर्युक्त सभी वादियो के वादो की स्थापना करते हुए निघण्टु पठित 'ममसत्यम्' वैदिकवाद की विचारधारा से जगत् का कल्याण सम्भव है यह दर्शाया गया है।।

वैदिक छन्दों में त्रिष्टुप् छन्दः एक वैज्ञानिक पक्ष

कु0 नीरा यादव
वनस्थली विद्यापीठ
वनस्थली राजस्थान

प्राचीन लक्षणकारो ने छन्दो के निम्नलिखित रूप मे लक्षण दिये है-कात्यायन मुनि ने ऋक्सर्वानुक्रमणी मे छन्द के लक्षण को **यदक्षर परिमाण तच्छन्द** निर्धारित किया है- यास्क ने निरुक्त मे छन्द की व्युत्पत्ति **छद् आच्छादने** धातु से की है। यद्यपि छन्दो के उद्भव एव विकास के सदर्भ मे निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। सम्पूर्ण वेद छन्दोमय हैं। अत विद्वानो के अनुसार वेदो का उत्पत्ति काल ही छन्दो का उत्पत्ति काल सिद्ध होता है। इसके अतिरिक्त छन्दो का वर्णन ब्राह्मणग्रन्थो, आरण्यको, उपनिषदो एव ऋक् प्रातिशाख्य, शाख्यायन श्रौतसूत्र, पिगल छन्द सूत्र सर्वानुक्रमणी, तथा निदान सूत्र आदि मे भी किया गया है।

औपनिषदिक उपासनाः स्वरूप एवं रहस्य

डॉ0 श्री निवास शर्मा
प्राध्यापक-सस्कृत राजकीय महाविद्यालय
बादली जिला॰ झज्जर (हरियाणा)

प्राणिमात्र के परमार्थ की प्राप्ति के लिए उपादेय उपायो का विशद विवेचन उपनिषदो मे उपलब्ध होता है। यद्यपि समस्त उपायो अथवा साधनो का अपना-अपना विशिष्ट स्थान एव महत्त्व होता है, पुनरपि इन साधनो मे उत्कृष्ट एव सरल साधन है-उपासना। महर्षि दयानन्द सरस्वती का

मानना है कि जैसे ईश्वर के गुण, कर्म, स्वभाव पवित्र हैं वैसे ही अपने करना। ईश्वर को सर्वव्यापक व अपने को व्याप्य जानकर ईश्वर के समीप हम और हमारे समीप ईश्वर है ऐसा निश्चय योगाभ्यास से साक्षात् करना उपासना कहाती है। इसका फल ज्ञान की उन्नति आदि हैं।

औपनिषदम् अधीतिविधानम्

प्रो रामचन्द्रभट्ट

प्राचार्यः, वेदविज्ञानगुरुकुलम्

चन्नेनहल्लि, बेङ्गळूरु, कर्नाटकम

अधीतिः बोध., आचरण प्रचार इति विद्यायाः चतस्रः अवस्थाः। तासु अधीतेः प्राथमिकत्वात् तस्याः साधुत्वे इतरासा सरलतया सिद्धिः। मातृगर्भे शयानशिशुरेव स्वमनसा मनुत इति ज्ञायते। गर्भ एव शयानो वामदेवः अह मनुरभव सूर्यश्च इति बभाषे। सद्यो जातशिशुर्वेद्य नेत्तीति नाविदितमेतत्।

अधीतिः मानवस्य प्राकृतिकी प्रवृत्तिः। प्रकृतौ सस्कृत्याधानार्थं विशेषप्रयत्नः आस्थेय.। हृदा पश्यन्ति मनसा मनीषिणः इतीदमार्षं वचनमवलम्ब्य सस्कृत्याधानमार्ग परामृष्टव्यः। अधीतौ आचार्यः पूर्वरूप.। अन्तेवासी उत्तररूपः। प्रवचनरूपेण सन्धानेन विद्यारूप फलं प्रपित्सितव्यम्। तर्हि प्रवचनविधान कथ भवेदिति प्रश्ने प्रवचनविधानम् अधीतौ स्वरूप प्राप्नोति। अधीतिप्रक्रियायाम् आचार्यान्तेवासिनौ सह भागभाजौ अग्रेसरतः पोषयतश्च परस्परम्। अधीतौ एतदेव सह वीर्यं नाम। तथा सति अधीत फलरूपेण तेजस्वि भवति। एतदेव अधिगमफलम् इति कथ्यते। बोध इति एषा विद्याया· द्वितीयावस्था। बोधानुकूला अधीतिः भवेदिति अनेन सिद्ध्यति। अधीतेरन्तिम फलम् आनन्दप्राप्तिः इति आर्षी संवित्। शोभतेऽस्य मुख य एव वेद इति वेदवचनमत्र प्रमाणम्। एतेन आनन्दानुभूत्यवसानम् अधीतिविधानम् आदर्तव्यम् इति सिद्धम्। ज्ञान सत्यमानन्दरूपञ्च भवेच्चेत् अधीतौ कीदृशाः कार्यकलापा. योजनीया इति नूतनान्तर्दृष्टिराधातव्या।

यज्ञोपचार द्वारा नेत्ररोगों की चिकित्सा

डा0 श्रीमती रेखा शर्मा एवम् डॉ0 सुधा दुबे

प्राणीशास्त्र-विभाग

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू

प्रस्तुत शोधपत्र में यज्ञ द्वारा नेत्र के विभिन्न रोगों का उपचार बताया गया है। इसके अलावा इस शोध पत्र में नेत्र रोग में उपयोग में लाई जाने वाली विशिष्ट हवन सामग्री का वर्णन किया गया

है।

वेदों का भारतीय भाषाओं पर प्रभाव

टी एन के कण्णन विद्यालकार

चैन्नई

भारतीय जीवन दृष्टि को प्राजल एव परिष्कृत करने मे वैदिक भाषा ने अपने अनुपम सन्देश से एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वेदो के इन पावन कथन को भारत की प्रत्येक भाषा ने अपने ही परिधान से अलकृत किया है। तमिल भाषा भी वेदो के मानवीय उच्चादर्शों को स्वर्णिम आभा मे गठित करने मे दक्षिण की इतर भाषाओ की अपेक्षा अग्रणी रही है। **"सा प्रथमा संस्कृति विश्ववारा" माता भूमि पुत्रोऽहम् पृथिव्या."** पृथिवी मेरी माता है, और मैं इस माता का पुत्र हूँ। तमिल सन्त कवि तिरूवल्लुवर ने अपने ही स्वर मे स्ववेदो मे दर्शित उन्नत विचारो को एक नई लय प्रदान की है। **एक सद् विप्रा.............** को बल्लुवर ने **"अगर मुदल्एल्लुतेल्लाम्"** लिखकर हमारे ऋषियो के वचनो का अनुमोदन किया है।

अतः वेदो मे प्रतिपादित जो गूढतम मान्यताये हैं या उच्चस्तरीय पक्ष हैं। उनमे इतनी गहराई है कि तमिल के विद्वानो ने भी अपने काव्यो मे अपनी निखरी तूलिका से चित्रित किया है।

वेद में विवाह संस्कार का मूल एवं प्रयोजन

देवकीनन्दन शास्त्री

शोधछात्र

वेद विभाग, गुरुकुल कागड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

परमात्मा मे नि.श्वास से निःसृत अपौरुषेय वेद मे गर्भधान, पुसवन आदि सभी प्रमुख सस्कारो की भाँति विवाह सस्कार का मूल एव प्रयोजन भी विद्यमान है। विवाह अथवा पाणिग्रहण सस्कार के मूल मे अथर्ववेद एव ऋग्वेद का अधोलिखित मन्त्र स्पष्ट प्रमाण है-गृभ्णामि ते सौभगत्वाय हस्त मया पत्या जरदष्टिर्यथासः। भगो अर्यमा सविता पुरधिर्मह्य त्वादुर्गार्हपत्याय देवाः।। ऋग्वेद 10/85/३6, अथर्व 14/1/50

वेद ब्रह्मचर्य के तप मे तपे हुए उत्तम शील, गुण, कर्म, स्वभाव युक्त युवा स्त्री-पुरुष को , स्व स्व सदृश स्त्री-पुरुष को धर्म से पति और पत्नी मान, जरावस्था पर्यन्त सुख पूर्वक साथ रहने की प्रतिज्ञा के साथ, पाणि ग्रहण अर्थात् विवाह करने की अनुमति देता है। वेद मे विवाह का एक

मात्र प्रयोजन पितृऋण से मुक्ति एव वश वृद्धि हेतु मनो वांछित श्रेष्ठ, गुण कर्म, स्वभावयुक्त सन्तति का निर्माण ही माना गया है।। शारीरिक भोग पिपासा, कामवासना पूर्ति वा उन्मुक्त व्यभिचार वैदिक सस्कार का प्रयोजन नहीं है।

औपनिषदिक कर्म-मीमांसा का वैश्विक प्रभाव

श्याम सुन्दर

शोध छात्र, सस्कृत विभाग

प वि वि चण्डीगढ

ईशोपनिषद् जिसे प्रथम उपनिषद् भी स्वीकार किया जाता है, के आरम्भ में ही जब ऋषि कर्म करते हुए सौ वर्ष तक जीने की कामना करता है (ईश0) तब उसी से उपनिषदों की कर्म के प्रति स्पष्ट दृष्टि का ज्ञान सरलता से हो जाता है। तैत्तिरीयोपनिषद् (1/2/1-३) में शिक्षा के सम्पूर्ण हो जाने पर गुरु द्वारा स्नातक को दिया गया उपदेश किसी विशिष्ट वर्ग/धर्म अथवा समुदाय के लिए नहीं, प्रत्युत सम्पूर्ण मानव जाति के लिए ग्राह्य है। यही नहीं, उपनिषदों का आचार्य तो कर्म के प्रति इतना अधिक सजग है कि वह अपने शिष्यों को उन्हें केवल अनिन्दनीय कर्मों का अनुसरण करने के लिए कहता है, न कि निन्दनीय कर्मों का। तैत्तिरीय उपनिषद् आचार्य यह भी उपदेश करता है कि भविष्य में भी जहा कभी कर्म के विषय में ऊहापोह की स्थिति बने तो अधकार में तीर चलाने की अपेक्षा वहा उपस्थित विद्वज्जन जिस प्रकार का निर्देश करें, उनका पालन करना चाहिए। बृहदारयक उपनिषद् (5/2/1-३) एक अत्यन्त रोचक कथा द्वारा दम दान तथा दया की सुशिक्षा देता है, इसी प्रकार उपनिषदों में अनेक स्थानों पर कर्म के अनेक रूपों को कहा गया है।

वैदिक साहित्य में सामाजिक-चेतना

शलका चितकारा (शोध छात्रा)

सस्कृत विभाग, पजाब विश्वविद्यालय

चण्डीगढ।

वैदिक साहित्य का अनुशीलन करने पर उसमें पदे-पदे अनेक ऐसे मन्त्र/सूक्त प्राप्त होते है जिन में वैदिक ऋषि के पारिवारिक/सामाजिक तथा राष्ट्रिय चिन्तन का बोध सहजता से हो जाता है। समाज शब्द सम् उपसर्गपूर्वक अज् (चलने के अर्थ में) धातु से निष्पन्न होता है अर्थात् साथ रहकर चलना, उठना, बैठना व्यवहार करना ही समाज है। वैदिक ऋषि भी 'स्व' की सकीर्ण भावना से ऊपर उठकर समाज की इसी सम् अज (साथ चलना) व्युत्पत्ति को सार्थक करते हुए उद्घोषणा

करता है कि साथ चलो, साथ बोलो, सबका मन एक सा हो। (सगच्छध्व सवदध्व स वो मनांसि जानताम्।। (ऋ010/191/2)

ऐसे ही अनेक मन्त्र वैदिक साहित्य में प्राप्त होते हैं जिनमें वैदिक ऋषि की सर्वजनहिताय सर्वजनसुखाय की भावना परिलक्षित होती हे।

वेदों में ओषधीय वृक्ष एवं वनस्पतियाँ

डॉ0 विनोद चन्द्र विद्यालकार

विश्व साहित्य में वेदों का सर्वोच्च एवं गौरवपूर्ण स्थान है। आदिकाल से ही इन्हें ज्ञान-विज्ञान का उद्गम माना जाता रहा है। मनु ने इन्हें ज्ञान-विज्ञान का उद्गम माना है। मनु के मत में वेदों में सभी विद्याओं का भडार है-"सर्वज्ञानमयो हि स:" (मनु, 2.7)। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने भी वेदों को सब सत्य विद्याओं की पुस्तक माना है-"वेदेषु सर्वा विद्या: सन्त्याहोस्विन्नेति? सर्वा: सन्ति मूलोद्देशत:" ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, ब्रह्मविद्या-विषय:)। उनकी सम्मति में वेदों में अवयव रूप विषय तो अनेक हैं, परन्तु मुख्य विषय चार हैं: विज्ञान, कर्म, उपासना और ज्ञान-"चत्वारो वेदविषया, सन्ति, विज्ञानकर्मोपासनाज्ञानकाण्डभेदात्" (ऋ भा भू, वेदविषयविचार·)। वेदों का गहनता से अध्ययन करने पर इन तथ्यों की यथार्थता स्वय सिद्ध है। इनमें अध्यात्म की प्रधानता तो है ही, साथ ही समाज-शास्त्र, अर्थशास्त्र, गणित, पदार्थ विज्ञान, शिल्प विज्ञान, चिकित्साविज्ञान आदि का भी समान रूप से विवेचन किया गया है।

जहा तक चिकित्सा विज्ञान या आयुर्वेद का प्रश्न है, चारों वेदों में ही इसके सभी अगों एव उपागों का विवेचन उपलब्ध है। परन्तु अथर्ववेद में विस्तृत विवेचन होने के कारण आयुर्वेद को अथर्ववेद का उपाग कहा गया है। वेदों में विविध रोगों की चिकित्सा के साथ-साथ विविध (250 से अधिक) औषधीय वृक्षों एव वनस्पतियों की भी विशद प्रतिपादन किया गया है। इनमें से कतिपय प्रमुख औषधियों के गुणधर्म आदि का विवेचन इस शोधपत्र का प्रतिपाद्य विषय है।

अथर्ववेद में चिकित्सा-विज्ञान - एक विहंगम दृष्टि

हरिपाल सिह, एम.ए. (सस्कृत)

एल.एल.बी. एडवोकेट, रुडकी।

वेदो में अथर्ववेद का महत्त्वपूर्ण स्थान है। कदापि इसीलिये इसे ब्रह्मवेद भी कहा गया है। इसमें अध्यात्म, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, राष्ट्रप्रेम, आदर्श गृहस्थ की शिक्षाएँ एवं अनेक ज्ञान-विज्ञान के सुन्दर सूत्र मिलते हैं। किन्तु चिकित्सा विज्ञान का इसमें विशेष रूप से वर्णन है।

अथर्ववेद के सूक्तों में राम, कृष्ण एव अश्विनी का उल्लेख त्वचा के रोगों ओर कुष्ठ रोग को दूर करने के लिये वर्णित है। ज्वर इत्यादि का शमन ओर सन्धिवात चिकित्सा का भी वर्णन प्राप्त होता है। इसके बारहवें सूक्त के दूसरे मन्त्र में **अंगे शोचिषा** आदि मन्त्रों में सिर दर्द, खासी, सन्धि पीड़ा से मुक्ति का उल्लेख है। इसी सूक्त के तीसरे मन्त्र में शल्य क्रिया का भी स्पष्ट सकेत है।

वैदिक साहित्य में नारी

सुशील कुमार

शोधछात्र

वैदिक साहित्य का अध्ययन करने पर यह आक्षेप नितान्त निराधार ही सिद्ध होता है। वैदिक समाज में नारी की स्थिति अत्यन्त सम्मानजनक थी। ऋग्वेद के एक मन्त्र में कहा गया है कि यदि माता-पिता पुत्र और कन्या दोनों को ही उत्पन्न करते हैं तो उनमें पुत्र उत्कृष्ट क्रिया कर्म का अधिकारी होता है। तो पुत्री सम्मानजनक स्थान की अधिकारिणी। (ऋग्वेद ३/३1/2)

इसी संहिता के एक अन्य मन्त्र में ऋषि पुत्र एव पुत्री दोनों को सुवर्ण के समान स्वीकार करता है। (ऋग्वेद 8/३1/8) इन मन्त्रों से यह स्पष्ट हो जाता है कि वैदिक समाज में नर और नारी के सम्मान में कोई अन्तर नहीं था।

उपासना-पद्धति

डॉ0 स्वामी दिव्यानन्द सरस्वती

सामान्यतया कुछ विद्वानों का विचार है कि अध्यात्म विषय तो उपनिषदों में है। वेदों ससार की सामान्य ज्ञान है, परन्तु गम्भीरता से विचारने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि योग का सर्वांग स्वरूप वेदों में भी सन्निहित है। अतः साधनोपासना हेतु पञ्च अन्नमय, प्राणमय मनोमय, विज्ञानमय तथा आनन्दमय कोशो का वेदो के परिपेक्ष्य में क्या स्वरूप है? तथा इनके शोधन का क्या उपाय है? इनका विवेचन शोधपत्र की विषयवस्तु है। साथ ही अष्टाङ्ग योग का वैदिक विवेचन भी शोधपत्र का प्रतिपाद्य विषय है।

प्रयोगात्मक दृष्टि से भारत के 16 प्रान्तों में तथा मारीशस, इग्लैण्ड, अमेरिका, नैरोबी (केन्या) कनाडा आदि स्थानों पर वैदिक योग का प्रशिक्षण तथा व्यावहारिक ज्ञान दिया है।

भगवती आराधना वाङ्मय में आयुर्वेद-एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

पीयूष बाला

जम्मू-विश्वविद्यालय, जम्मू

आयुर्वेद एक चिकित्सा विज्ञान जो कि भारतीय दर्शन सांख्य, योग, रामायण, महाभारत, वेद आदि में वर्णित है और इसे भी अथर्ववेद का उपाग माना गया है, इसी तरह यह आयुर्वेद का ज्ञान समाज के प्रत्यक स्तर पर अपना विस्तार रखता है। इसी तरह भगवती आरधना जो कि एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है, जिसका लेखन अनुमानतः पाचवी या छठी शताब्दी में हुआ है, और यह ग्रन्थ के नामनुसार कुछ सकेत पूजा अर्चना आदियों की ओर देता है। परन्तु इस ग्रन्थ में आयुर्वेद का बहुत ही तत्त्व अन्तर्निहित है। लेकिन यह ग्रन्थ के व्यवहार सीमित होने के कारण इसके अन्तर्गत तत्त्वों को निखारा नहीं जा सका। इस पुस्तक को अध्ययन करने के बाद यह ज्ञात हुआ कि इसकी कई अध्यायों के विशेष-विशेष पादों में शुक्र, शोणित, गर्भ तथा अनेक कुछ आयुर्वैदिक सन्दर्भ अधुना उपलब्ध आयुर्वेद ग्रन्थों के वर्णन से समकक्ष करते हुए कुछ बातों का अवतारण किया गया है।

वेदों में शिक्षा की अवधारण

मुकेश मेधार्थी

शिक्षा मानव जीवन का "थम सोपान है शिक्षा बिना मनुष्य जीवन का विकास असम्भव है। वैदिक व्यवस्था के अनुसार बालक शैशव पार कर मातृमान् पितृमान् बन आचार्यवान् होने के लिए गुरुकुल में प्रविष्ट होता है तथा आचार्यरूपी अग्नि में अपने आप को समिधा बनाकर ज्ञानज्योति से प्रदीप्त होने का प्रयास करता है। सदा से ही शिक्षा का प्रयोजन **'आत्मानं विद्धि'** अर्थात् अपने आप को जानो। शिक्षा का मुख्य लक्ष्य प्रयोजन मानव पशुता के स्तर से ऊपर उठकर सस्कारी जीव का निर्माण करना है अर्थात् सच्चे अर्थों में शिक्षा **''मनुर्भव जनया दैव्यं जनम्''** की भावना पैदा करना है, साथ ही **मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे** सबको स्नेह की दृष्टि से देखो। वैदिक साहित्य में शिक्षा जगत् की कोई भी ऐसी समस्या नहीं है। जिसपर विचार नहीं किया गया है, शिक्षा के समस्त पहलुओं पर विचारपूर्वक मन्थन करना शोधपत्र की विषयवस्तु है।

वैदिक साहित्य में शिक्षा

डॉ0 आशारानी राय

प्राचार्य, कानपुर विद्या मिन्दर

(पी जी) महाविद्यालय,

स्वरूपनगर, कानपुर।

मानव मस्तिष्क के इतिहास में भारतीय आध्यात्मिक विचारधारा की शक्तिशाली एव भावपूर्ण

आधारशिला रही है। इसमें ज्ञान की ऐसी प्रणाली विकसित हुई, जिसने न केवल वैदिक साहित्य को सुरक्षित रखा वरन् ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में मौलिक विचारकों को भी जन्म दिया। प्राचीन भारतीय मनीषियों ने राष्ट्रीय सस्कृति के सरक्षण में समर्थ, एक ऐसी विलक्षण शिक्षण-पद्धति को जन्म दिया, जिसे हम मानवता की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि मान सकते हैं। भारतीय ऋषियों ने मानव की अन्त॰ शक्ति को पूर्णरूप में विकसित कर देना ही वैदिक शिक्षा का प्रथम और अंतिम लक्ष्य माना।

वैदिक वाङ्मय में अश्वमेध की अवधारणा

डॉ0 ब्रह्मदेव

सस्कृत विभाग

गुरुकुल कागडी वि वि हरिद्वार

वैदिक वाङ्मय में वेद जहाँ विभिन्न यज्ञों के मूल स्रोत हैं, वहीं ब्राह्मण आदि ग्रन्थ उनकी व्याख्या को एक सशक्त अभिव्यक्ति देते हैं। अथर्ववेद में विभिन्न यज्ञों का नामोल्लेखपूर्वक वर्णन है-राजसूय वाजपेयमग्निष्टोमस्तदध्वर । अर्काश्वमेधावुच्छिष्टे जीवबर्हि मेदिन्तमः।। अथर्व 11 7 7

यहाँ बीजरूप में वर्णित राजसूय आदि यज्ञों में अश्वमेध का क्या स्वरूप है? अश्वमेध का अधिकारी कौन है? यह वैदि सस्कृति के मूलमन्त्र 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की पूर्ति करने में कैसे चरितार्थ होता है? शतपथ में आगत **'सर्वा वै देवता अश्वमेधे अन्वायत्ताः तस्माद् अश्वमेधयाजी सर्वा दिशो आजयन्ति'** (शतपथ 13 1 9 3) के अनुसार अश्वमेध यज्ञ का कर्त्ता समस्त दिशाओं का विजेता बनता है, वह कैसे? इत्यादि प्रश्नों का उत्तर खोजने का प्रयास इस लेख के माध्यम से किया गया है।

ऋग्वैदिक ऋषिकाओं का दार्शनिक क्षेत्र में अवदान

अर्चना कुमारी दुबे

प्रवक्ता, वैदिक अध्ययन विभाग

वनस्पती विद्यापीठ

सस्कृत-भाषा में प्राचीन काल से आज तक साहित्य-सर्जना का कार्य निरन्तर हो रहा है। इस सर्जना कार्य में न केवल पुरुष साहित्यकारों ने अपितु महिलाओं ने भी उल्लेखनीय योगदान किया है। ऋग्वेद से ज्ञात होता है कि उस युग में स्त्री-शिक्षा का यथेष्ट प्रचार था। स्त्रियाँ न केवल अध्ययन करती थीं, मन्त्रों का दर्शन भी करती थीं। वैदिककालीन पुरुषों तथा स्त्रियों दोनों ने मन्त्रों का दर्शन

किया है। पुरुष मन्त्र-द्रष्टा को ऋषि तथा स्त्री मन्त्र-द्रष्ट्री को ऋषिका नाम से कहा गया है। इन ऋषिकाओं द्वारा दृष्टमन्त्र इनके दार्शनिक ज्ञान की श्रेष्ठता का प्रमाण हैं। इन ऋषिकाओं की आध्यात्मिक क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिकाएँ रही हैं।

आपस्तम्बीय कौटुम्बिक-अभिचार

डॉ0 प्रयाग नारायण मिश्र
अतिथि प्राध्यापक
सस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग
लखनऊ-विश्वविद्यालय, लखनऊ

गृहस्थ आश्रम की मूल प्रवृत्ति तथा चरम परिणति दोनों ही कुटुम्ब की आधार-भित्ति पर आश्रित हैं। दाम्पत्य-जीवन से प्रारम्भ होने वाले कौटुम्बिक सुख-सम्पदा के लिए सम्पूर्ण समाज आदिकाल से ही कृतसङ्कल्प देखा जा सकता है। दाम्पत्य जीवन में आदर्श प्रणय, सन्तत्युपगम, सर्वविध स्वास्थ्य समृद्धि तथा भगवदनुग्रह की प्राप्ति हेतु विविध आनुष्ठानिक प्रयोगों के साथ अनेक आभिचारिक प्रयोगों के दर्शन वैदिक वाङ्मय की अपनी विशेषता है। अन्य वैदिक मन्त्र संहिताओ के साथ अथर्ववेद तो ऐसे आभिचरिक प्रयागों का आकर ग्रन्थ ही है। वैदिक-सस्कृति के आभिचारिक प्रयोगों में माङ्गलिक अभिचारों का कौटुम्बिक दृष्टि से अप्रतिम महत्त्व है। इन कौटुम्बिक अभिचार कृत्यों की सुदीर्घ परम्परा वेदाङ्ग वाङ्मय के कल्प साहित्य में प्रस्फुटित रूप से देखी जा सकती है। वैदिक कल्पसूत्रों की व्यापक सुदीर्घ शृखला में आपस्तम्ब कल्पसूत्र की अपनी अनुपम दृष्टि तथा अद्वितीय व्यवस्था है जो वैदिक अभिचार कर्मों की निकष पर अधिष्ठित होने के कारण गार्हस्थ्य जीवन में कौटुम्बिक कल्याण की दृष्टि से तत्कालीन आर्य सस्कृति से प्रारम्भ होकर अद्यावधि अत्यधिक सुसगत, सामयिक तथा औरचित्यपूर्ण है। अतः कौटुम्बिक लोक कल्याण के विविध आयामों से सुसगठित होने के कारण आपस्तम्बीय कौटुम्बिक अभिचार कृत्यों का सार्वभौमिक माङ्गलिक स्वरूप है। किसे वैज्ञानिक दृष्टि से वैदिक आलोक में प्रदर्शित करके प्रस्तुत शोध पत्र को समलकृत किया गया है।

वैदिक षड्जादि स्वर और भारतीय संगीत

डॉ0 ज्वलन्त कुमार शास्त्री
अध्यक्ष- सस्कृत विभाग
रणवीर रणञ्जय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

